ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 14 ● विक्रम संवत 2080 ● रविवार, 26 नवम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 290 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

एक्टिंग करियर में कुछ हटकर किरदार .. पेज 12 पर






कृषि उत्पाद बाजार समिति परिसर, पाकुड़ में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तीसरे चरण को लेकर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन।

## एक नजर

### टनल में फंसे श्रमिकों के परिजन को सुविधा दे रही झारखण्ड सरकार

**रांची।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच निमार्णाधीन टनल में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों का हाल जानें गए उनके परिजनों को हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मालूम हो कि टनल में फंसे श्रमिकों का हाल जानने उनके परिजन उत्तराखंड पहुंचे हैं। इसकी जानकारी जब मुख्यमंत्री को हुई तो उन्हें हर सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया है। टनल में फंसे झारखण्ड के सभी 15 श्रमिक सुरक्षित हैं। इनमें से गिरिडीह के दो, खूंटी के तीन, रांची के तीन एवं पश्चिमी सिंहभूम के सात श्रमिक की पुष्टि हुई है। सम्बन्धित जिला के उपायुक्त लगातार श्रमिकों के परिजनों से बातचीत कर स्थिति का जायजा ले रहें हैं। इसके अतिरिक्त प्रवासी नियंत्रण कक्ष भी टनल में फंसे श्रमिकों के परिजनों से लगातार संपर्क में है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमिकों के परिवार के सभी सदस्यों के रहने, खाने-पीने की व्यवस्था कर दी गई है।

### स्पेस सेक्टर को मिले और स्वतंत्रता निदेशक

**बेंगलूरू** । भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)के प्रमुख एस सोमनाथ ने अंतरिक्ष सेक्टर के विकास को लेकर अहम बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गैरजरूरी नियंत्रण को खत्म कर विनियमन किया जाना बेहद जरूरी है। इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि भारत में बनने वाले उपग्रह काफी अत्याधुनिक हो चुके हैं। केरल में देश के पहले साउंड रॉकेट प्रक्षेपण की 60वीं वर्षगांठ पर उन्होंने कहा कि देश ने अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में उल्लेखनीय तरक्की की है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट सेक्टर के सहयोग से भारत की उपग्रह निर्माण क्षमता काफी बेहतर हुई है। सोमनाथ ने कहा, भारत में उपग्रहों, प्रक्षेपण व्हीकल और संबंधित प्रौद्योगिकी के विकास और उत्पादन का जिम्मा केवल इसरो के पास था।

# पाकुड़ वासियों को 153 करोड़ 81 लाख रुपए की 118 योजनाओं का दिया तोहफा

### आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, विद्यार्थी, युवा, महिला,बुजुर्ग, हर किसी के लिए सरकार की हैं योजनाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम जिस मकसद से शुरू किया गया था, उसमें यह कितना प्रभावी, कारगर और सफल साबित रहा है , इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश के कई राज्य झारखंड के इस मॉडल को अपनाकर गरीबों और जरूरतमंदों को उनके दरवाजे पर सरकार की सेवाओं और योजनाओं का लाभ दे रहे हैं तथा उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन पाकुड़ में आज आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 66 करोड़ 76 लाख 20 हजार रुपए की लागत से निर्मित 21 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, 97 योजनाओं की आधारशिला रखी । इन योजनाओं पर 87 करोड़ 4 लाख 80 हजार रुपए खर्च होंगें। इस तरह 153 करोड़ 81 लाख रुपए की 118 योजनाओं का तोहफा पाकुड़ वासियों को मिला। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 9942 लाभुकों के बीच 126 करोड़ 94 लाख 50 हजार रुपए की परिसंपत्ति प्रदान कर उनके सशक्तिकरण और स्वावलंबी बनने का राह प्रशस्त किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद श्री विजय हांसदा, विधायक श्री स्टीफन मरांडी और श्री दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती जूली ख्रिस्टमनी हेम्ब्रम, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे , संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त श्री लालचंद दादेल, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सुदर्शन प्रसाद मंडल और पाकुड़ जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



### राज्य सरकार अपने बलबूते 8 लाख परिवारों को देगी आवास

राज्य सरकार अब अपने बलबूते अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख परिवारों को आवास देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकुड़ जिले में कालाजार की बीमारी आम है। यह गरीबों की बीमारी है क्योंकि कच्चे और टूटे-फूटे मकान में रहने वालों को यह होती है ऐसे में अबुआ आवास योजना के तहत इन घरों में रहने वाले लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड जारी कर उन्हें अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है । इसके अलावा भी अनेकों ऐसी योजनाएं हैं, जिसका वित्तीय भार राज्य सरकार अपने दम पर वहन कर रही है। ये योजनाएं सफलतापूर्वक संचालित हों, इसके लिए वित्तीय व्यवस्था मजबूत कर रहे हैं।

**गांव- गांव पहुंच रही है सरकार की नजर :** इस अभियान के पिछले दो चरणों में रहय सरकार की आवाज और नजरें गांव-गांव तक पहुंची हैं, लाखों लोगों को उनका हक-अधिकार मिला। यह कार्यक्रम राज्य वासियों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। पिछले दो चरणों में इस अभियान को लोगों का जिस तरह से रिस्पांस और सपोर्ट मिला, उसी के मद्देनजर पुनः इसका तीसरा चरण शुरू किया गया है।

**दो दशकों तक जन समस्याओं के समाधान को लेकर नहीं दिखी गंभीरता :** झारखंड अलग राज्य गठन के बाद पिछले दो दशकों के दौरान जन समस्याओं और लोगों की परेशानियों को दूर करने की दिशा में किसी तरह की गंभीरता नहीं दिखी। लेकिन, हमारी सरकार लोगों तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनका हक और अधिकार दे रहे हैं।

**जन आकांक्षाओं और उम्मीदों के अनुरूप बन रही योजनाएं :** हमारी सरकार जन उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य योजना बनाकर उसे धरातल पर उतार रही है। आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, विद्यार्थी, युवा, महिला, बुजुर्ग, हर वर्ग के कल्याणार्थ योजनाएं बनाई गई हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि वे इन योजनाओं से जुड़े और सशक्त तथा स्वावलंबी बनने की राह पर आगे बढ़ें।

**सरकारी कर्मियों का काम जनता की सेवा करना है :**सरकारी कर्मियों का काम जनता की सेवा करना है। हमारी सरकार बनने के बाद अधिकारियों की सोच में बदलाव आया है। वे गांव-गांव पहुंच रहे हैं और आपके बीच रहकर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं को सुन रहे हैं तथा उसका समाधान भी कर रहे हैं। जिस गांव- पंचायत में जाने के लिए रास्ता तक नहीं है, वहां अधिकारी योजनाओं की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा मोदी ने स्वदेशी तेजस विमान से उड़ान भरी

**नवीन मेल संवाददाता। बेंगलुरु**



मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री नरे-?द्र मोदी ने बेंगलुरु में स्वदेशी तेजस विमान से उड़ान भरी। यह उडान प्रधानमंत्री के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड-एचएएल के दौरे के समय भरी गई। श्री मोदी ने तेजस लड़ाकू विमान कारखाने सहित अन्य विनिर्माण इकाइयों की गतिविधियों की व्यापक समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर तेजस विमान उड़ाने के अनुभव को अतुल्य बताया। उन्होंने कहा कि इससे देश की स्वदेशी क्षमताओं में भरोसा और बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इससे राष्ट्र की क्षमता के बारे में गौरव और आशावाद की भावना और मजबूत हुई है। भारतीय वायु सेना ने 83 तेजस विमानों की खरीद की प्रक्रिया आरंभ की है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर चौधरी ने हाल ही में बेंगलुरू में एचएएल के दो सीट वाले पहले एलसीए प्रशिक्षु विमान की समीक्षा की थी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर दो दिसंबर को सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शराब घोटाला मामले में जेल में बंद योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर अब दो दिसंबर को सुनवाई होगी. ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर आज शनिवार को सुनवाई हुई. जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 2 दिसंबर को मुकर्रर कर दी.

**योगेंद्र तिवारी को ईडी ने 19 अक्टूबर को किया था गिरफ्तार**

बता दें कि शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (एऊ) ने 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ की थी. योगेंद्र तिवारी ने पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर लिया था. योगेंद्र तिवारी ने बालू की तस्करी और अवैध तरीके से जमीन की खरीद बिक्री कर अर्जित आय को शराब कारोबार में लगाने का खुलासा ईडी की जांच में हुआ है. इस मामले में ईडी ने 23 अगस्त को 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी. इन ठिकानों में योगेंद्र तिवारी के देवघर स्थित होटल सिद्धार्थ के सामने स्थित गोदाम, बोंपासस टाउन स्थित डॉ. राजीव पांडेय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## भ्रष्टाचारी को गवर्नर बना कर भेज दिया : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को अपने संथाल दौरे के पहले दिन पूरे तेवर में नजर आए. पहले दिन बरहेट में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हेमंत ने पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, मौजूदा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णनन, पूर्व सीएम एवं ओडीशा के राज्यपाल रघुवर दास और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को अपने लपेटे में लिया. उन्होंने बरहेट में अपनी सरकार पर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों पर पूरे तेवर के साथ पलटवार किया. उन्होंने राज्य में जारी सीबीआई, आईटी और ईडी की कार्रवाई को विपक्ष की साजिश बताते हुए इशारों-इशारों में ही पूर्व सीएम मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास पर बड़ा हमला किया. उन्होंने कहा कि विपक्ष हमारी सरकार और परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाता है. लेकिन जिसकी सरकार ने झारखंड में भ्रष्टाचार कर बेड़ागर्क कर दिया, उस भ्रष्टाचारी को गवर्नर बना कर भेज दिया. उन्होंने रघुवर का नाम लिए बिना कहा कि पिछले महीने ही प्रदेश के पूर्व सीएम को ओडिशा का राज्यपाल बनाया गया है. मुख्यमंत्री सोरेन ने जनसभा में कहा कि जब विपक्ष की राजनीतिक ताकत खत्म हो जाती है, तो ये लोग छिपकर वार करते हैं. ईडी, सीबीआई और आईटी जैसी जांच एजेंसियों को आगे कर उसके पीछे छिप जाते हैं. उन्होंने, विपक्ष को खुली चुनौती देते हुए कहा कि पीछे से क्यों लड़ते हो. हिम्मत है तो सामने से लड़ो. सीएम हेमंत ने कहा कि जब विपक्ष सीधी राजनीतिक लड़ाई में पिछड़ जाता है तो ऊल-जुलूल आरोप ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**14 साल घूमे मगर नहीं बन पाए शिबू सोरेन**

## शिबू सोरेन जैसा नहीं है बनना: बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज/बरहेट**

शनिवार को साहिबगंज के बरहेट प्रखंड स्थित भोगनाडीह गांव में भाजपा द्वारा आयोजित आदिवासी अधिकार यात्रा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आदिवासियों को अधिकार मिले, यहां के लोगों को हक दिलाना है। उसके लिए लड़ाई लड़नी होगी। सिर्फ शिबू सोरेन के परिवार ही संथाल नहीं है। झारखंड आंदोलन को शिबू सोरेन के द्वारा कई बार बेचने का कार्य किया है।




श्री मरांडी ने कहा कि सिद्धो, कान्हू, चांद और भैरव के पवित्र आंदोलन की धरती रही है और आदिवासी अधिकार यात्रा के जरिए आदिवासियों को अधिकार मिले। इसके लिए आज यहां से यात्रा शुरू की गई है। यहां के लोगों को हक दिलाना है, उसके लिए लड़ाई लड़नी है ।इस अवसर पर एस टी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव, विधायक अनंत ओझा,पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन,ताला मरांडी, कार्यक्रम प्रभारी दुर्गा मरांडी ,सह प्रभारी रेणुका मुर्मू ,माइकल मरांडी,होपना मरांडी,ज्योतिष हेंब्रम सहित अनेक लोगों उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि उन्हें 'शिबू सोरेन के परिवार जैसा नहीं बनना' वहीं, साहिबगंज में बाबूलाल मरांडी ने अधिकार यात्रा शुरू करने से पूर्व जिला ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# क्या विदेशों की तरह सिर्फ सप्ताह में 70 घंटे काम से बढ़ेगा भारत



सुनील बादल

देश की मशहूर टेक कंपनी इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने पिछले दिनों एक इंटरव्यू में यह सलाह क्या दी देश विदेश में बड़े उद्योगपतियों से लेकर आम आदमी तक यह चर्चा का विषय बन गया. मूर्ति के समर्थक इसमें राष्ट्र निर्माण का भाव देख रहे हैं तो विरोधी इसमें शोषण का आधार देख रहे हैं. तीसरा पक्ष सुझाव दे रहा है कि राष्ट्र निर्माण की भावनाएं रखते हुए कामगारों के व्यक्तिगत हितों का भी ख्याल रखा जाना चाहिए. अलग-अलग विचारधारा के मूल में एक ओर कठोर परिश्रम और देशहित की भावना तो दूसरी ओर पश्चिमी देशों और कॉर्पोरेट कंपनियों की शोध आधारित नीति है कि सप्ताह के पांच दिन जम कर काम और दो दिन पूरा आराम एक मनुष्य को अधिक ऊर्जावान, उचित निर्णय की क्षमतायुक्त अधिक उत्पादक बनाती है .भारत जैसे देश में यह बहस इसकी दिशा तय कर सकती है और शायद उन तथ्यों की ओर लोगों का ध्यान खींच सकती है जो इसे पश्चिमी मॉडल से अलग करती है प्रसिद्ध जिंदल समूह के सज्जन जिंदल ने मूर्ति के सुझाव का भरपूर समर्थन करते एक्स पोस्ट में लिखा,'मैं नारायण मूर्ति के बयान का तहे दिल से समर्थन करता हूं. इसका संबंध लोगों को निचोड़ने से नहीं है बल्कि यह समर्पण के बारे में है. हमें भारत को एक ऐसी



आर्थिक महाशक्ति बनाना है जिस पर हम सभी गर्व कर सकें. 5 दिवसीय सप्ताह की संस्कृति वह नहीं है जिसकी हमारे आकार के तेजी से विकसित हो रहे राष्ट्र को आवश्यकता है. हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी प्रतिदिन 14-16 घंटे से अधिक काम करते हैं. मेरे पिता सप्ताह में 7 दिन 12-14 घंटे काम करते थे. मैं हर रोज 10-12 घंटे काम करता हूं. हमें अपने काम में और राष्ट्र निर्माण में जुनूनी बनना होगा. हमारी परिस्थितियां अद्वितीय हैं और हमारे सामने आनेवाली चुनौतियां विकसित देशों से भिन्न हैं. वे सप्ताह में 4 या 5 दिन काम कर रहे हैं क्योंकि उनकी पिछली पीढ़ियां लंबे समय तक और अधिक उत्पादक घंटे बिताती थीं. हम विदेशों में कम काम को अपना मानक नहीं बनने दे सकते! भारत की सबसे बड़ी ताकत हमारे युवा हैं और महाशक्ति बनने की हमारी यात्रा में इस पीढ़ी को आराम से ज्यादा काम को प्राथमिकता देनी होगी. जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, आराम के अवसर मिलेंगे और 2047 के युवाओं को हमारे बलिदानों और परिश्रम का लाभ मिलेगा.' इन्फोसिस के पूर्व सीएफओ मोहन दास पई का आकलन थोड़ा अलग है लिखा, अभिजीत कृपया वैल्यु जजमेंट करना बंद कर दें. कुछ सबसे बड़ी, सबसे परिष्कृत वैश्विक कंपनियां अपना सबसे जटिल काम भारत से से कराती हैं. जब आप 20 अरब डॉलर रेवेन्यू बनाने जैसा कुछ कर लें तभी अपना मुंह खोलें. तब तक कृपया चुप रहें.' पई डिफेंस एनालिस्ट अभिजीत अय्यर मित्रा को जवाब दे रहे थे. मूर्ति ने जिस पॉडकास्ट में 70 घंटे प्रति सप्ताह काम की बात कही, उसे पई ही होस्ट कर रहे थे.

जबकि अभिजीत ने लिखा था, 'बिल्कुल ठेठ भारतीय मिठाई दुकानदार वाला रवैया. यही कारण है कि इन्फोसिस एक गौरवशाली आईटी कुली प्रदाता कंपनी है जिसका मूल्यवान उत्पाद के लिहाज से कोई खास योगदान नहीं है.

'कैब एग्रीगेटर ओला के सीईओ भाविश अग्रवाल कहते हैं, 'मैं मूर्ति के विचारों से पूर्णतः सहमत हूं. यह हमारा समय कम काम करने और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### रांची नगर निगम के दो वार्डों में ऑन स्पॉट 92 शिकायतों का निपटारा

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को रांची नगर निगम की ओर से निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन और वार्ड नंबर चार में शिविर का अयोजन किया गया। दोनों शिविर में कुल मिलाकर 92 शिकायतों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

### फार्म उपलब्ध कराने के लिए कोई निर्देश नहीं : बीडीओ

**सिल्ली।** जनता दरबार के दौरान लोगों को अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ा। लोगों की जरूरी फार्म तक उपलब्ध नहीं हो रहे थे। लोगों को बाहर से खरीद के फार्म लाने को कहा गया। लोगों ने अबुआ आवास के लिए 10 रुपए देकर बाहर से फार्म खरीद कर लाए। इस संबंध में बीडीओ से पुछे जाने पर उन्होंने कहा कि फार्म उपलब्ध कराने के लिए कोई निर्देश नहीं है, मुखिया को सिर्फ लोगों से अबुआ आवास का फार्म लेकर जमा करने को कहा गया था। वहीं मुखिया भरत मुंडा ने कहा कि फार्म देने के लिए प्रखंड कार्यालय से कोई निर्देश प्राप्त नहीं दिया गया।

### मासिक लोक अदालत में कुल 303 वादों का निष्पादन

**रांची।** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके लिये नौ बेंच का गठन किया गया। लोक अदालत में कुल 303 वादों का निष्पादन किया गया और 12 लाख 41 हजार 254 रुपये का निष्पादन विभिन्न वादों में किया गया।

### हत्या मामले में पति और पत्नी दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत रांची के ओरमांझी में वर्ष 2021 में एक युवती की हत्या के मामले में शनिवार को हत्यारोपित शेख बेलाल और उसकी पत्नी अफशाना खातून को दोषी करार दिया। अदालत दोनों की सजा के बिंदु पर 30 नवम्बर को सुनवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि तीन जनवरी, 2021 को रांची के ओरमांझी में एक युवती का सिर कटा शव मिला था। उसकी पहचान मांडर के लोयो गांव की सूफिया परवीन के रूप में हुई।

### बोरबेल गाड़ी पलटी, दो घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर शनिवार की अपराह्न लगभग एक बजे जनता हाई स्कूल दिघिया के समीप ऑटो सवार को बचाने में एक बोरवेल गाड़ी पलट गई। इससे बोरवेल गाड़ी के चालक व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। घायलों में अनगड़ा रांची निवासी चालक 42 वर्षीय जनार्दन मुंडा व सिमलिया रातू निवासी 28 वर्षीय सुनील महतो शामिल हैं। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डॉ. सुमन ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए दोनों को रिम्स रेफर कर दिया।

### खूंटी बाजार टांड़ से महिला का शव बरामद

**खूंटी।** खूंटी नगर पंचायत के घनी आबादी वाले इलाके बाजार टांड़ के एक शेड में शनिवार को एक आदिवासी महिला का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। महिला की हत्या किसी नुकीले हथियार से वार कर किए जाने की आशंका पुलिस ने जताई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका हे। आशंका है कि किसी नुकीली चीज से उसपर हमला किया गया होगा और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि महिला के साथ एक पांच साल की एक बेटी भी थी, जो लापता है। हालांकि शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है और ना ही

# विकसित भारत संकल्प यात्रा : उज्जवला योजना का लाभ मिलने महिलाओं में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत राज्य के खूंटी, पलामू, दुमका, सिमडेगा समेत अन्य जगहों पर लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में आज पलामू के छत्तरपुर स्थित कंचनपुर में जब एलईडी वैन पहुंची तो यहां लोगों की काफी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान वैन के माध्यम से वहां मौजूद लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभुकों को फायदा भी पहुंचाया गया। उज्जवला योजना का लाभ मिलने से महिलाएं काफी खुश दिखीं और उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

उक्त कार्यक्रम के दौरान उपर्युक्त पंचायत के वासियों के मध्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजना यथा आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, केसीसी आदि के तहत लाभ प्राप्त करने तथा योजना से संबंधित समस्त जानकारी को जागरूकता के विभिन्न साधनों द्वारा साझा किया गया। कार्यक्रम दौरान पंचायत अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल लाभार्थी द्वारा आमजन के साथ अपना अनुभव साझा कर सत्र सतत कृषि गतिविधियों के संदर्भ में भी प्रगतिशील किसानों को अवगत करवाया गया। आयोजन के क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान जागृति कार्यक्रम, के अलावा ऑन स्पॉट सेवाएं एवं लाभार्थी शिविर की व्यवस्था तथा विकसित भारत हेतु संकल्प भी लिया गया। इस दौरान दोनों पंचायतों




में विभिन्न योजना से लाभुकों को अच्छादित कर उनके बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

## भाजपा ने प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार पर किया बड़ा हमला

# घुसपैठियों को निकालने की जिम्मेदारी कानूनन राज्य सरकार की : प्रतुल शाहदेव

### रघुवर दास ने चलाई बेदाग सरकार, हेमंत सोरेन कर रहे पिछड़ा समाज का अपमान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता से खिलवाड़ कर रही है। प्रतुल शनिवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रतुल ने कहा कि फॉरेनर्स एक्ट 1946 के सेक्शन 3(2)(ई) और 3(2)(सी) और पासपोर्ट एक्ट 1920 के अंतर्गत और भारतीय संविधान के आर्टिकल 258 (1) के अंतर्गत राज्य सरकार को आदेश संख्या 590 (एफ नंबर 4/3/56 - (आई ),19 अप्रैल 1958 से विदेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार करने और बाहर करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार को दी गई है। इसके बावजूद भी राज्य सरकार इस पूरे मुद्दे पर कुंडली मारकर बैठी हुई है। क्योंकि, इन घुसपैठियों को वह वोट बैंक के रूप में प्रयोग कर रही है।

उसके बावजूद भी राज्य सरकार इस पूरे मुद्दे पर कुंडली मारकर बैठी हुई है। क्योंकि इन घुसपैठियों को वह वोट बैंक के रूप में प्रयोग कर रही है। प्रतुल ने कहा कि घुसपैठियों का फर्जी आधार कार्ड को भी रद्द करने का अधिकार राज्य सरकार के पास गृह मंत्रालय ने 2019 में ही स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बना कर दे दिया था। जिससे यह इन फर्जी आधार कार्ड को रद्द कर सकते हैं। राज्य सरकार केंद्र पर दोषारोपण करती थे ।लेकिन अब तो यह स्पष्ट है की आधार कार्ड रद्द करने और इन घुसपैठियों को बाहर करने की जिम्मेदारी पूर्णता राज्य सरकार की है। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस के कार्यों में और जवाबों में भी हस्तक्षेप कर रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रतुल ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार के इशारे पर कई जिलों की पुलिस घुसपैठियों के उपस्थिति से न सिर्फ इनकार कर रही है। बल्कि घुसपैठ रोकने के लिए बड़े-बड़े कदम उठाने की बात कर रही है। सूचना अधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहरदगा जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने घुसपैठियों की संख्या शून्य बताई है। जबकि 12 अप्रैल 2020 को ही स्पेशल ब्रांच ने लोहरदगा दंगों में रोहिंग्या मुसलमान का हाथ बताया था। इस रिपोर्ट के सार्वजनिक होने की एक दिन के बाद ही खुफिया विभाग के लोहरदगा डीएसपी जितेंद्र कुमार सहित चार डीएसपी का तबादला हो गया था। कुछ ऐसे ही हालात दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और गोड्डा जिला के पुलिस अधीक्षकों के कार्यालय से सूचना के अधिकार के तहत मिले जवाबों से प्राप्त हुई है। दुमका में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या शून्य बताया गया है और घुसपैठ रोकने के बड़े-बड़े कदम उठाने का दावा किया गया है। जामताड़ा, पाकुड़ और गोड्डा जिलों ने भी ऐसा ही मिलता जुलता जवाब दिया है। लेकिन इन जवाबों के बिल्कुल उलट झारखंड के स्पेशल ब्रांच में 2 जून, 2023 को पत्र लिखकर साफ कहा है की झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश करने की सूचना है। इन घुसपैठियों को पहले मदरसा में ठहराया जाता है। उसके पश्चात इनका सरकारी दस्तावेज तैयार किया जाता है और नाम मतदाता सूची में डाला जाता है। फिर साजिश के तहत इन्हें बसाया जाता है जिससे राज्य की आर्थिक व्यवस्था पर खतरा बना रहता है। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार ने इस रिपोर्ट को पूरे तरीके से गोल कर दिया है। ये देश की एकता, संप्रभुता से खिलवाड़ करने समान है। शनिवार की प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाइक, तारिक इमरान, और अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी सीता राम रवि भी उपस्थित थे।



### झारखंड के इतिहास के सबसे भ्रष्ट सरकार के मुखिया का आरोप पिछड़ा वर्ग को अपमानित करने जैसा

एक प्रश्न के जवाब में प्रतुल ने कहा कि रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा ने 2014 से 2019 के बीच में बेदाग छवि वाली सरकार दी थी। उस पर आज झारखंड के इतिहास के भ्रष्टतम सरकार के मुखिया के द्वारा आरोप लगाना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिछड़ा विरोधी मानसिकता को दिखाता है। इंडी गठबंधन के नेताओं को ना तो पिछड़ा के रूप में प्रधानमंत्री स्वीकार हैं। ना ही एक पिछड़ा का बेटा उड़ीसा जैसे राज्य का राज्यपाल बने यह स्वीकार्य है। प्रतुल ने कहा कि जब से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खुद माइंस मंत्री रहते अपने नाम से माइंस का आवंटन करने के मुद्दे को सार्वजनिक किया था,उसके बाद से ही मुख्यमंत्री जी अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं। 4 वर्षों तक इस सरकार को पूर्ववर्ती सरकार के मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला। अब यह सरकार अपनी विदाई की वेला में सिर्फ यह एक फर्जी जांच का ढोंग कर रहे हैं। वास्तविकता में यह सरकार झारखंड के सबसे सरकार भ्रष्ट सरकार में गिनी जाएगी। अवैध पत्थर खनन घोटाला, अवैध कोयला खनन घोटाला, अवैध जमीन घोटाला, बीज घोटाला, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला, शराब घोटाला - इस सरकार में घोटाले की एक लंबी लिस्ट है और ये दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं।

# सात करोड़ की सड़क पांच महीने भी नहीं टिकी

### शिकायत के बाद कार्रवाई की तैयारी में है विभाग




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

गांव के विकास के लिए सड़क महत्वपूर्ण कड़ी है। सड़क ही वो माध्यम है जिससे ग्रामीण शहरों से जुड़ते हैं और गांव का विकास तेजी से होता है, लेकिन खूंटी में एक ऐसी सड़क है जिसके बनने से गांव का विकास हो न हो ठेकेदार और इंजीनियर का विकास खूब हुआ है। आरोप है कि इस सड़क को बनाने में खूब भ्रष्टाचार किया गया है। इसलिए सड़क कुछ ही महीनों में टूटने लगी है।

खूंटी विधनसभा क्षेत्र के मुरहू प्रखंड के इंदीपीड़ी पंचायत में जीवनटोला से कुलीपीड़ी, डमराय होते हुए सरवदा जीवनटोला को जोड़ने वाली सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। निर्माण के महज पांच महीने में ही सड़क बर्बाद हो गई है। सरवदा-जीवनटोला 7 I6 किलोमीटर सड़क का निर्माण आरईओ विभाग द्वारा 5 करोड़ 64 लाख आठ हजार दो सौ अस्सी रुपए की लागत से इसी वर्ष जून महीने में कराया गया था। लेकिन निर्माण के पांच माह के भीतर ही सड़क पूरी तरह खराब हो गयी। सड़क निर्माण के समय बिछाए गए चिप्स कई जगहों से उखड़ने लगे हैं। जिससे ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानी होने लगी है। मुरहु से जीवनटोला जाने वाली सड़क में कई स्थानों में सड़क में गड्ढे भी हो गए हैं। सड़क के उखड़ने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, वहीं सड़क में चिप्स जमा होने से वाहनों के टायर फिसल रहे हैं। इससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के समय संवेदक द्वारा सड़क निर्माण कराया गया। सड़क निर्माण में काफी अनियमितता बरती गई जिसके फलस्वरूप सड़क महज कुछ ही महीनों में खराब हो गई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क निर्माण के समय ही संवेदक से घटिया निर्माण होने की शिकायत की गई थी, लेकिन संवेदक द्वारा आनन-फानन में सड़क निर्माण कार्य जून महीने में करा दिया गया। खराब निर्माण का खामियाजा ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है।

इधर सड़क निर्माण में अनियमितता बरते जाने की शिकायत पर आरईओ के कार्यपालक अभियंता सुशील कुमार झा ने कहा कि सड़क की घटिया निर्माण की जानकारी उन्हें मिली है। घटिया सड़क निर्माण को लेकर संवेदक को नोटिस किया गया है। उन्होंने कहा कि सरवदा-जीवनटोला सड़क की जल्द ही मरम्मत करा ली जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़क की जल्द ही जांच की जाएगी और अगर सड़क का निर्माण संवेदक नहीं करता है तो कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# बड़ा तालाब में आज होगी मां गंगा की दिव्य आरती



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बड़ा तालाब में गुरु पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर आज संध्या पांच बजे मां गंगा की दिव्य आरती का आयोजन किया गया है। बड़ा तालाब के समीप पीयूष पाठक ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह मां गंगा की दिव्य आरती का आयोजन बड़ा तालाब में जलस्त्रोतों के स्वच्छता और निर्मलता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प के लिए किया जा रहा है। बनारस के पीयूष पाठक ने बताया कि अपने सहयोगी आचार्यों के साथ वह आरती करेंगे और उनके साथ दो डमरू वादक, झाल, शंख, घंट के साथ आरती की शोभा बढ़ायेगे। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत रांची नगर निगम भी रांची वासीयों से अपील कर रही है कि गंगा आरती में शामिल होकर जलस्त्रोतों के स्वच्छता, निर्मलता एवं संरक्षण का संकल्प लें।

## जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी गठित

**रांची।** जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के सचिव सुजीत शाही को बेड़ो प्रखंड का प्रभारी बनाया गया एवं रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के सचिव मंगलेश्वर उरांव को मांडर प्रखंड प्रभारी बनाया गया। प्रभारी बनाने पर बेड़ो अध्यक्ष कर्मा उरांव, चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मो. इस्तेयाक, मंडल अध्यक्ष मीर मुस्लिम, मांडर अध्यक्ष मंग उरांव, अजीत सिंह शशि साहू, प्रमोद लाल सहित प्रखंड के सभी लोगों ने खुशी जाहिर की।



### 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मेनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मेनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणुबाला जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा देवी के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिले बेरो, रामगढ़, रातु, अनगड़ा, ओरमांझी, आदि प्रखंड से आए 30 महिलाओं ने भाग लिया साथ ही फोटोग्राफी एव विडियोग्राफी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन स किया गया। बीडीओ रेणु बाला एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा देवी ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण वितरण किया और कहा की आज के आधुनिक युग में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी रोजगार का बहुत बड़ा साधन है। आप चाहेंगे तो खुद का स्वरोजगार कर दुसरो को भी रोजगार दे सकते है। आप मालिक बनना सीखिए। वित्तीय साधन आप के पास नही है तो बैंक से लोन लेकर भी स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकते है।

# सड़क निर्माण से संबंधित भू-अर्जन मामलों के भुगतान में न करें देरी : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि सड़क निर्माण से संबंधित भू-अर्जन मामलों के भुगतान में देरी ना करें। उपायुक्त ने सिरम टोली फलाई ओवर के भुगतान प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिया। इस क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि पर स्थित मंदिर के द्वार एवं राधा स्वामी सत्संग परिसर की दीवार को विधिवत रूप से हटाने के निर्देश दिए। सिन्हा शनिवार को समाहरणालय में भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त की ओर से राज्य स्तर पर चल रही सड़क निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने रांची रिंग रोड से झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची तक पहुंच पथ के कार्य की समीक्षा करते हुए लंबित भुगतान प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अरगोड़ा-कटहल मोड़ सड़क चौड़ीकरण परियोजना, बिरसामुंडा एयरपोर्ट से कुटियातु मोड़ पथ निर्माण कार्य परियोजना, बरियातु मुख्य मार्ग से बड़गाई, बोड़ेया सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। कुछ मामलों में अंचल स्तर से वंशावली सत्यापन सहित अवार्ड राशि के वितरण जैसे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर जिला भू-अर्जन को रिपोर्ट करने के निर्देश दिए।




### डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि निर्धारित समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है। इसी को लेकर निरीक्षण किया गया।

### पॉक्सो एक्ट के तहत हुआ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**सोनाहातू।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित पॉक्सो एक्ट के तहत वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा झारखण्ड उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश माननीय अनुभा रावत चौधरी के द्वारा झारखंड के सभी कस्तूरबा और झारखंड बालिका विद्यालय की छात्राओं के बीच वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा संबोधित किया गया जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे की सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं को बतलाया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र में बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न या यौन प्रताड़ना पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत आता है जो ऐसे जुर्म करने वालो से बच्चियों को बचाता है ये एक गैर जमानती अपराध है जिसमें छात्राओं को डरना नहीं है एवं उसका विरोध करना है। पॉक्सो एक्ट के बारे छात्राओं को पूरी जानकारी दी गई कार्यक्रम में शिक्षा सचिव के रविकुमार समेत तमाम न्याय जगत एवं शिक्षा जगत के अधिकारियों समेत प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी ने भी संबोधित किया।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को रांची जिला के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा चान्हो प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंचे। इस दौरान स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और उपायुक्त ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त ने विशेषकर अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, ग्राम गाड़ी योजना के बारे में बताया। उन्होंने उपस्थित लोगों को योजना के लाभ की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और उपायुक्त ने कार्यक्रम में लगे सभी विभागीय स्टॉल का बारी-बारी से निरीक्षण किया। दोनों ने संबंधित कर्मियों को नियमानुसार योग्य व्यक्ति को लाभ देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि नये आवेदकों को योजनाओं की जानकारी देते हुए आवेदन प्राप्त करें। उपायुक्त ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है ताकि आम लोगों से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं को जाना जा सके और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रशासन उनके दरवाजे तक पहुंचे सके।




कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RE-RDD/SD/HZB/38/01/2022-23 (4th call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RE-RDD/SD/HZB/38/01/2022-23 | हजारीबाग जिला अंतर्गत केरेडारी प्रखण्ड में मनातू पंचायत में ग्राम मसूरिया, लाजिदाग पहुंच मार्ग के गदुर विगवा नदी पर पुल निर्माण | 30989400.00 | 620000.00 | 10000.00 | 18 माह | |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.12.2023 से दिनांक 14.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –15.12.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 312006 Rural Development(23-24)D

## एक नजर

### सामूहिक आदर्श विवाह सह वात्सल्य उत्सव की तैयारियां पूरी

**रांची।** 26 नवंबर रविवार को प्रातः 8 बजे से अपराह्न 3 बजे तक रांची गौशाला न्यास सुकुरहुटू कांके मे विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग झारखंड के तत्वाधान में एवं रांची आवरण संस्थान के मी टू वी के सहयोग से 121 निर्धन कन्याओं का आदर्श सामूहिक विवाह एवं वात्सल्य उत्सव समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। विहिप झारखंड सेवा विभाग के सह प्रांतीय प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस वर्ष आदर्श विवाह समारोह में झारखंड के विभिन्न जिलों के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से 121 कन्याओं का विवाह होगा। आदर्श विवाह समारोह के संयोजक विष्णु कुमार जालान, वात्सल्य उत्सव के संयोजक उम्मेदमल जैन,मी टू वी संस्थान के संयोजक मुरारी अग्रवाल, पूरे कार्यक्रम का बागडोर संभाले है। उन्होंने बताया कि इस विवाह में पांच दिव्यांग जोड़ियां का भी आदर्श विवाह होगा जिसका कन्यादान मे रामकुमार प्रहलाद राय सिंघानिया परिवार से कमल, प्रदीप,और विमल सिंघानिया सहयोग करेंगे। इस वर्ष 400 से अधिक दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ आमन्त्रित किया गया है।

### डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया, दिये निर्देश

**रांची ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को मोहराबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया. इस दौरान रैंक उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे. निरीक्षण के दौरान डीसी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. बता दें कि निर्धारित समय पर ईवीएम वेयर हाउस के रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति का निरीक्षण कर संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को सौंपनी होती है।

### महाकवि विद्यापति स्मृति दिवस आयोजित

**रांची ।** झारखंड मैथिली मंच के तत्वावधान में महाकवि विद्यापति के स्मृति दिवस कार्तिक धवल त्रयोदशी के अवसर पर महात्मा गांधी रोड कडरू मोड़ स्थित विद्यापति की मूर्ति पर पाग एवं माल्यार्पण के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बाबा विद्यापति दलान हरमू के परिसर में विद्यापति के योगदान पर एक परिचर्चा की गई जिसमें विद्यापति को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। परंपरानुसार भगवती बंदना जय जय भैरवि असुर भयाउनि ....के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई । प्रेम चन्द्र झा ने उपस्थित समूह का स्वागत करते हुए परिचर्या प्रारंभ की इसके बाद अमरनाथ झा ने विद्यापति के विषय में प्रकाश डाला । डॉक्टर नरेन्द्र झा ने महाकवि विद्यापति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। परिचर्चा में बाबू लाल झा,कृष्ण कुमार झा, नरेश झा, ब्रज कुमार झा सहित कई वक्ताओं ने भाग लिया। महासचिव वैद्य नाथ झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया । अंत में संस्था के आजीवन सदस्य श्री राज कुमार मिश्र के धर्म पत्नी रूपा मिश्र के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट मौन होकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# कांटाटोली फ्लाईओवर | त्योहारों के बाद फ्लाईओवर निर्माण में फिर से आई तेजी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी के कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण अप्रैल 2024 तक पूरा करने के लिए जुडको और दिनेश अग्रवाल एंड संस कंपनी पूरा जोर लगा रही है. फ्लाईओवर के लिए 42 पीलर बनकर तैयार हैं. अब इसमें मुख्य काम सेग्मेंटल बॉक्स चढ़ाने का चल रहा है. कुल 486 प्री कास्ट सेग्मेंटल बॉक्स चढ़ने के बाद फ्लाईओवर में सड़क का ढांचा लगभग तैयार हो जायेगा. इसके बाद रेलिंग, डिवाइडर जैसे कुछ और छोटे-मोटे काम होने के बाद फ्लाईओवर पूरी तरह तैयार हो जायेगा. अबतक 486 में से 228 प्री-कास्ट सेग्मेंटल बॉक्स का निर्माण किया जा चुका है. इनमें से 125 सेग्मेंटल बॉक्स लॉन्च हो चुके हैं. बचे हुए 103 को जल्द से जल्द लॉन्च करने का काम चल रहा है. हर महीने औसतन 50 प्री-कास्ट सेग्मेंटल बॉक्स लॉन्च किये जाते हैं. लेकिन अक्टूबर-नवंबर में दुर्गापूजा, दीपावली और छठ जैसे त्योहारों के कारण फ्लाईओवर निर्माण की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ गयी. पिछले एक महीने में 35 प्री-कास्ट सेग्मेंटल बॉक्स ही लॉन्च हुए हैं. अब कंपनी अक्टूबर-नवंबर में हुई देरी को मेकअप करने के लिए हर महीने लगभग 70 सेग्मेंटल बॉक्स चढ़ाने की तैयारी कर रही है. इसके लिए मैनपावर भी बढ़ाये जा सकते हैं.

## 5 माह में चढ़े 125 सेग्मेंटल बॉक्स, 361 अभी भी बाकी

**228 प्री-कास्ट सेग्मेंटल बॉक्स का निर्माण पूरा, बचे हुए 103 को किया जा रहा लॉन्च**

**अभी औसतन 25 सेग्मेंटल बॉक्स प्रति महीने की रफ्तार से हो रहे लॉन्च**

**25 की रफ्तार से चले तो फ्लाईओवर बनने में लग जायेंगे 14 महीने**

**अप्रैल 2024 तक काम कंप्लीट करने के लिए 70 सेग्मेंटल बॉक्स हर महीने लगाने होंगे**



### 4 अप्रैल से शुरू हुई थी सेग्मेंटल बॉक्स की लॉन्चिंग

4 जुलाई 2023 से प्री-कास्ट सेग्मेंटल बॉक्स को चढ़ाने का काम शुरू हुआ था. उस वक्त हर हफ्ते 11 सेग्मेंटल बॉक्स चढ़ाये जा रहे थे, लेकिन बाद में इसमें कमी आने लगी. 5 महीने में 50 के औसत से कम से कम से कम 250 प्री-कास्ट सेग्मेंटल बॉक्स चढ़ जाना चाहिए था, लेकिन अभी जो स्थिति है उसके मुताबिक हर महीने 25 के औसत से सेग्मेंटल बॉक्स चढ़ रहे हैं.

### 70 सेग्मेंटल बॉक्स चढ़ाने की तैयारी

कोकर के शांतिनगर से बहू बाजार तक 2.4 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर में अभी भी 361 प्री-कास्ट सेग्मेंटल बॉक्स चढ़ने बाकी हैं. अगर हर महीने 25 की रफ्तार से सेग्मेंटल बॉक्स चढ़े तो कम से कम और 14 महीने लगेंगे. अगर 50 सेग्मेंटल बॉक्स हर महीने की रफ्तार से रखे गये तो 7 महीने और लगेंग. लेकिन अगर 70 सेग्मेंटल बॉक्स चढ़ाये गये तो अगले 5 महीने यानी अप्रैल 2024 तक इसके कंप्लीट होने की उम्मीद है.

## बर्लिन पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया

**रांची।** बर्लिन पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और शपथ ग्रहण की और बर्लिन पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ बिरसा उरांव के द्वारा भावना व्यक्त करते हुए कहा की. संविधान दिन का मकसद देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है सभी भारतीयों को जागरूक करना है। यह शपथ बर्लिन पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ बिरसा उरांव द्वारा दिलायी गयी। सभी शिक्षक सहित स्कूल के बच्चों के द्वारा स्कूल परिसर में लिया गया। शपथ लेता हूँ कि भारत के संविधान की रक्षा और अस्तित्व को बनाये रखने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा।

# रामगढ़ में हमला करने वालों पर डीजीपी से कड़ी कार्रवाई की मांग : बसंत मित्तल

## अपराधियों ने खुलेआम कहा था कि सेठ मारवाड़ी यहां से भाग जाओ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने डीजीपी से मिलकर रामगढ़ में हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अनुरोध किया। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने समुचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में रामगढ़ के भुक्तभोगियों के अलावा रांची से अरुण बुधिया तथा प्रेम मित्तल शामिल थे। बसंत मित्तल ने डीजीपी को 18 नवंबर को रामगढ़ के राजस्थान कलेवालय में हुई आपराधिक घटना की पूरी जानकारी दी। रामगढ़ से आए भुक्तभोगी श्याम सुंदर शर्मा, कमल शर्मा, गोपाल शर्मा ने विस्तार से घटना की जानकारी दी। इस दौरान अपराधियों ने खुलेआम कहा कि सेठ मारवाड़ी यहां से भाग जाओ । परिजनों के साथ छिनतई और मारपीट की गई। अपराधियों द्वारा उनसे रंगदारी की मांग किया जाना भी चिंता का विषय है। अब भी अपराधियों द्वारा उनको धमकियां दी जा रही हैं जिसके कारण पुनः किसी अप्रिय घटना की आशंका है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व में ही धनबाद में भी ऐसी ही निंदनीय घटना मारवाड़ी समाज के सदस्य के साथ हुई थी। पुनः रामगढ़ में ऐसी आपराधिक घटना और मारवाड़ी समाज को जातिसूचक गाली दिया जाना अत्यंत शर्मनाक एवं चिंताजनक है। झारखंड प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलनअपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर दंडित करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल अरुण बुधिया और प्रेम मित्तल ने कहा कि डीजीपी महोदय ने उनकी बातें काफी गंभीरता से सुनीं और ठोस कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके लिए झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने डीजीपी के प्रति आभार प्रकट किया।



## आठ नबालिग की न्यूड फोटो वायरल करने वाला हैवान गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के एक नामी शिक्षण स्थान के आठ लड़कियों की डीपफेक फोटो के के जरिए न्यूड वीडियो बनाकर उसे इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले हैवान को रांची पुलिस ने बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार कर लिया है. रांची पुलिस ने इस कार्रवाई को बेहद गुप्त तरीके से अंजाम दिया जिसके बाद आरोपी गिरफ्त में आ पाया. दरअसल दो दिन पूर्व रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता के पास कुछ नबालिग लड़कियां मिलने पहुची थी ,उनकी उम्र 16 से 17 साल के बीच थी. सभी भीतर से काफी डरे हुए थी. और किसी अनजान भय से भयभीत थी. मामले की गंभीरता को समझते हुए सिटी एसपी ने उन्हें सारी बात बताने को कहा इसके बाद जो कुछ भी सामने आया वह बेहद चौंकाने वाला था. नाबालिक लड़कियों ने बताया कि एक युवक उनके जैसी आठ लड़कियों की डीपफेक फोटो बनाकर उसमें न्यूड वीडियो लगा दिया है. वह व्यक्ति वीडियो को मुजफ्फरपुर से सोशल साइट्स पर अपलोड भी कर रहा था।

## बिशप वेस्टकोट बॉयज स्कूल का मना वार्षिक एथलेटिक मीट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कक्षा लोअर प्रेप से कक्षा 12वीं के स्टूडेंट्स ने वार्षिक एथलेटिक मीट में हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा लोअर प्रेप के बच्चों ने एक्वेटिक वर्ल्ड और कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक के स्टूडेंट्स ने ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें 100 मीटर और 200 मीटर स्प्रिंट, 400 मीटर रिले, लंबी कूद और शॉट पुट शामिल थे। लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार छेत्री और आई ए जेकब वार्षिक एथलेटिक मीट के मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर बिशप वेस्टकोट गर्ल्स स्कूल नामकुम की प्राचार्य एन जेकब , बिशप वेस्टकोट गर्ल्स स्कूल डोरंडा की प्राचार्य जे एडविन, कार्यक्रम में उपस्थित रहे । बिशप बिशप वेस्टकोट बॉयज स्कूल के प्राचार्य जे जे एडविन ने कहा कि ह्यह्यखेल शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसे हम अपने स्कूल में उच्च कोटि के शिक्षा के साथ खेलों को भी प्रोत्साहित करते हैं। हमारे स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अकादमी में भी इस वर्ष हमारे छात्र अर्थव कुमार ने कीर्तिमान स्थापित करते हुए झारखंड के टॉप टेन में अपना स्थान बनाया।छात्रों में टीम वर्क की भावना के बारे में प्रोत्साहित करने के लिए, हम वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन करते हैं।

# सैनिक बाजार की दुकानों का किराया 600-800 फीसदी तक बढ़ाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भूतपूर्व सैनिक कल्याण निदेशालय ने सैनिक बाजार की दुकानों का किराया 600 से 800 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है. दुकानों के लीज रिन्युअल की बारी आयी, तो किराया बढ़ाने की जानकारी दी गयी है. अचानक किराये में बड़े पैमाने पर हुई बढ़ोतरी से सैनिक बाजार के दुकानदार गुस्से में हैं. उनका कहना है कि सरकार के स्तर पर जितने भी मार्केट बनाये गये हैं, कहीं इतने बड़े स्तर पर किराया नहीं बढ़ा है. लेकिन सैनिक कल्याण निदेशालय नें बड़े पैमाने पर किराया बढ़ा कर दुकानदारों पर बोझ डाल दिया है. व्यवसायियों ने किराया बढ़ाने का विरोध करते हुए राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव सहित तमाम उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है. सैनिक बाजार दुकानदार संघ के महासचिव धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि निदेशालय की मनमानी किसी भी कीमत पर नहीं चलने दी जायेगी. किराये की बढ़ोतरी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जायेगी. व्यवसायी किसी भी कीमत पर बढ़ा हुआ किराया नहीं देंगे.आगे की दुकानों का किराया 800 % बढ़ा दुकानदारों का कहना है कि निदेशालय ने सैनिक बाजार में आगे की ओर जो दुकानें हैं, उसका किराया 800 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है, जबकि बीच की दुकानों का किराया 700 प्रतिशत और पीछे व दाएं-बाएं ओर की दुकानों की किराया 600 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया. पहली बार मनमाने ढंग से किराये में बढ़ोतरी की गयी है. ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था।

# डालसा का आउटरिच कैंपेग्न अकेले नहीं हैं आप आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
न्यायामूर्ति एस चंद्रशेखर, कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा के द्वारा परिकल्पित आउटरिच योजना जो कि 100 दिनों तक होना सुनिश्चित हुआ है की कड़ी में कांके प्रखंड के चुड़ीटोला, वार्डर लाइन, कांके बाजार में विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में पीएलवी शारदा देवी, राजेंद्र महतो, संगीता देवी, बबिता देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। पीएलवी ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जे.जे एक्ट, पोक्सो एक्ट की जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच पीएलवी राजेंद्र महतो ने प्रकाश डाला उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम के विषय पर विस्तार से चर्चा की एवं बाल विवाह अधिनियम के बारे में बतायी। पीएलवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाशा डाला। इसके अलावा दहेज प्रथा कानून के बारे में विस्तार से बताया गया। शारदा देवी ने एमएसीटी एक्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।भारती शाहदेव एवं संगीता देवी ने सड़क दुर्घटना में से संबंधित कानून की जानकारी दी। इसके अलावा लोगों को बाल श्रम के प्रति जागरूक किया गया। पीएलवी संगीता देवी ने वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं। डालसा के पीएलवी शारदा देवी एवं राजेंद्र महतो ने आगामी 9 दिसम्बर को आयोजित होनेवाली लोक अदालत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं विवाह से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।



**पीएलवी रीना लिंडा एवं उमेश कुमार ने फ्री-लिगल-एड के बारे में जानकारी दी।**

**9 दिसम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी**

## वायु प्रदूषण पदयात्रा का आयोजन किया गया

**रांची।** ह्यूमन राइट्स सेफ्टी आर्गेनिशन एवम स्वीच ऑन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वायु प्रदूषण पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कोकर यूनियन रांची एवम राजकीयकृत मध्य विद्यालय खोरहा टोली,कोकर के 300 छात्र छात्राओं ने मास्क पहन कर पदयात्रा को सफल बनाया। साथ ही सभी छात्र छात्राओं को संस्था के द्वारा मास्क एवम एनर्जी ड्रिंक भी दिया गया। वायु प्रदुषण से संबंधित स्लोगन भी बोले गए। ताकि वायु प्रदुषण से कैसे बचें। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में ह्यूमन राइट्स सेफ्टी आर्गेनिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज राणा रांची जिला अध्यक्ष संतोष सोनी, अश्वनी, स्वीच ऑन फाउंडेशन के विवेक चंद्र गुप्ता,महेश विश्वकर्मा का योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रा, प्रा, विद्यालय कोकर यूनियन के प्राचार्य श्रीमती वंदिता बॉस, सोनिया बाखला, रा, म, विद्यालय खोरहा टोली, कोकर के प्राचार्य श्रीमती रेणु रजनी टोप्पो, प्रमुदित लकड़ा, विश्वनाथ कुमार सिंह, एवम सदर थाना कोकर का सहयोग रहा।

# दफादार चौकीदार पंचायत का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नवंबर झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत द्वारा चौकीदारों की 6 सूत्री मांगों को लेकर राजभवन जाकिर हुसैन पार्क के पास रांची में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया जिसकी अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष कृष्णा दयाल सिंह ने की और इसका संचालन प्रदेश संयुक्त सचिव समसुल अंसारी ने किया। आज धरना प्रदर्शन का तीसरा दिन है 6 सूत्री मांगों में सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान करने हेतु सभी उपायुक्तों को आदेश देना। और सेवा विमुक्त और एवजी चौकीदारों के रिक्त पदों पर निकल गया विज्ञापन रद्द करने और विज्ञापन निकालने पर रोक लगाने 1 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत्त चौकीदार दफदारों के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने का आदेश सभी उपायक्तो को देना चौकीदारों के रिक्त पदों पर विज्ञापन निकालकर नियुक्ति करने पर रोक लगाना झारखंड चौकीदार स्वर्ग नियमावली 2015 के आलोक में 100 से 120 आवासीय घरों पर बीट सृजित करना सेवा विमुक्त सभी चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान करने और 1 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत्ति चौकीदार दफादार के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने हेतु भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16(4) भावना के आलोक में तत्काल अध्यादेश जारी करना वर्दी भत्ता प्रति वर्ष 10000 देना चौकीदार दफादार को भी 13 मा का वेतन देना स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति का लाभ देना 31/ 12/ 1989 को सेवानिवृत्ति चौकीदार दफादार के आश्रित की नियुक्ति झारखंड कैबिनेट द्वारा पारित संकल्प के आलोक में करना, अनुकंपा के आधार पर आश्रितों में पोता नाती को जोड़ना धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य अध्यक्ष कृष्णा दयाल सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त चौकीदार दफादार और सेवा बिमुक्त चौकीदारों के रिक्त पदों पर निकाला गया विज्ञापन तत्काल रद्द किया जाए सिंह ने कहा कि झारखंड चौकीदार स्वर्ग नियमावली 2015 की कंडिका 2(9) के आलोक में 100 से 120 आवासीय घरों पर नया विट सृजित कर नए विटो पर विज्ञापन निकाला जा सकता है।



# श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर भव्य दीवान सजाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में कृष्णा नगर कॉलोनी में भव्य दीवान सजाया गया,पंद्रह हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री गुरुग्रंथ साहिब जी को मत्था टेका, दोपहर 3 बजे से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया. दीवान की शुरूआत से पहले सुबह नौ बजे गुरुद्वारा साहिब से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पुष्प पालकी में विराजमान कर शबद गायन करते हुए प्रभातफेरी की शक्ल में गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह की अगुवाई में दीवान में सुशोभित किया गया.रास्ते भर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी पर पुष्प वर्षा की गई. कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा मैदान में विशेष दीवान की शुरूआत सुबह 10 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा कर किरपा तेरे गुण गांवां.....शबद गायन से हुई.गुरुद्वारा के रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने कल तारण गुर नानक आया....शबद गायन किया. तत्पश्चात हेड ग्रन्थी ज्ञानी जिवेंदर सिंह जी ने कथा वाचन कर गुरु नानक देव जी की जीवनी से जुड़े प्रसंगों को सुनाते हुए साध संगत को बताया कि गुरुनानक जी ने चार उदासियां(यात्राएं) विश्व में अज्ञानता के अंधेरे को दूर करने के लिए की थी. प्रकाश पर्व में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे विश्व विख्यात सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई अमरजीत सिंह जी तान ने सतगुर नानक परगट्या मिट्टी धुंध जग चानन होआ.....एवं चिम चिम वरसे अमृत धार गुर नानक ने लिया अवतार विच ननकाणे ते आया है नानकी दा वीर.....तथा गुर नानक की वडिआई....एवं सबते वड्डा सतगुरु नानक जिन कल राखी मेरी.....शबद गायन कर माहौल को नानकमय बना दिया. श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुम नामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दोपहर में विशेष दीवान की समाप्ति हुई. दोपहर से सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया,इसमें पंद्रह हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने गुरु का लंगर छका. मौके पर मुख्य अतिथि रांची लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय श्री संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि झामुमो की राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी,रांची के विधायक सी.पी.सिंह पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय,भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व मेयर आशा लकड़ा,भाजपा नेता रमेश सिंह,गुरविंदर सिंह सेठी,वार्ड पार्षद अशोक यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दिलीप गुप्ता के अलावा डीआईजी अनूप बिरथरे,एसएसपी चंदन सिन्हा ने श्री गुरुग्रंथ साहिब जी को मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया. सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा द्वारा सभी अतिथियों को गुरु घर का सरोपा देकर नवाजा गया.सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने साध संगत को प्रकाश पर्व की बधाई दी एवं गुरुद्वारा मैदान में विभिन्न संगठनों का सेवा शिविर लगाने के लिए धन्यवाद किया. गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों को स्वर्गीय मुखी मोहन लाल मिड्ढा स्मृति अवॉर्ड, स्वर्गीय गुरमुख दास मिढ़ा स्मृति अवॉर्ड तथा स्वङ्क विशन सिंह सुखीजा एसेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड तथा स्वङ्क रणजीत सिंह बेदी मेमोरियल अवार्ड एवं स्वर्गीय ओम प्रकाश छाबड़ा एवं स्वर्गीय कांता देवी छाबड़ा स्मृति अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।




## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में आर्ट इंटीग्रेटेड प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने गांधीजी के जीवन और मूल्यों पर एक प्रदर्शनी - गांधी दर्पण ह्य का आयोजन करके राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अहिंसा, सत्य, शांति, नई तालीम, सर्व धर्म समभाव, सत्याग्रह और राष्ट्रवाद की भावना को रंगोली, पेंटिंग, लघु झंडे, पतंग, बैज, मुखौटे, कैलेंडर, पत्र, कोलाज के रूप में प्रदर्शित किया । साथ ही चरखे के मॉडल आदि को भी दशार्या। मिलेनियम मैनह्य के जीवन का जश्न मनाने के लिए प्रदर्शनी में एक गाँव की पृष्ठभूमि में उनके पसंदीदा भजनों जैसे वैष्णव जन तो और रघुपति राघव राजाराम की लाइव संगीतमय प्रस्तुति की गई। अन्य आकर्षण नेल आर्ट/टैटू और मेहंदी कॉर्नर और संकल्प वृक्ष थे, जिस पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा लिखे गए पत्तों के आकार के संकल्प बंधे थे। अभिभावकों ने गांधीजी के जीवन के आदर्शों को युवा पीढ़ी द्वारा जीवन में उतारने के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की उनके ईमानदार प्रयासों के लिए सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने प्रदर्शनी में किए गए प्रयासों और विचारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यदि वर्तमान पीढ़ी गांधीजी द्वारा अपनाए गए सिद्धांतों और नैतिकता को कायम रख सकती है, तो हमें निश्चित रूप से सभी अत्याचारों से मुक्त राष्ट्र मिलेगा।

# राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : बेबी देवी

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड के नागाबाद में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सह प्रदेश के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी शामिल हुई. जबकि इस दौरान बीडीओ अन्वेषा ओना, सीओ शशिभूषण वर्मा, मंत्री प्रतिनिधि राजकुमार पांडे, झामुमो नेता कारी बरकत अली, मुखिया रेणु देवी मुख्य रूप से उपस्थित थीं. ग्रामीणों से मंत्री बेबी देवी ने कहा कि पंचायत स्तर पर ही राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिक अधिक लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है. इस दौरान अधिकारियों ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप, भू-राजस्व से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक व व्यक्तिगत वन पट्टा, किसान क्रेडिट योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभुकों से इसका लाभ लेने की अपील की. मौके पर कंबल, धोती, साड़ी, लुंगी और स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल के लिए डीबीटी के माध्यम से प्राप्त होने वाली राशि का प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया. इस दौरान मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया. 28 नवंबर को खुद्दीसार पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन होगा.



## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम : दूसरे दिन नौ जगहों पर लगा शिविर

**बोकारो।** बोकारो जिला अन्तर्गत आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे दिन जिले के चास प्रखंड के गोड़ावाली उत्तरी, गोड़ावाली दक्षिणी, माराफारी पुनर्वास में, चंदनकियारी प्रखंड के नायवन पंचायत भवन में, नावाडीह प्रखंड के पोखरिया पंचायत में, पेटरवार प्रखण्ड के पतली पंचायत में, बेरमो प्रखण्ड के गोविंदपुर बी, चास नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 24 एवं 25 के तेलीडीह स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. इस दौरान वरीय अधिकारियों के साथ-साथह प्रतिनियुक्त नोडल अधिकारियों भी उपस्थिति है. कार्यक्रम के दौरान अबुआ आवास योजना, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, आपूर्ति, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि सहकारिता पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस विभागों द्वारा अपना-अपना स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी व लाभ से लाभान्वित किया गया.



# गिरिडीह : 6 साइबर अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह ।** गिरिडीह पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने बेंगाबाद और गांडेय थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर आधा दर्जन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. इन साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 27 मोबाइल फोन और 32 सिम कार्ड बरामद किए हैं. पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा का कहना है कि गिरिडीह जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार छापेमारी जारी रहेगा. बता दें कि दीपक कुमार शर्मा गिरिडीह एसपी का पद ग्रहण करने के बाद से अभीतक कुल 57 साइबर अपराधी जेल भेजे गए है.

## धनबाद जेल में छापा धारदार चम्मच समेत कई सामान बरामद

**धनबाद ।** मंडल कारा में जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने शनिवार को अहले सुबह छापामारी की गई. छापेमारी के दौरान जेल में हुई औचक तलाशी के दौरान सीरींज लाइट 6 पीस, खैनी 10 पुड़िया, धारदार चम्मच एक पीस, सिगरेट का खाली डब्बा एक पीस, खैनी की चुनौटी 02 पीस, लाइटर एक पीस, सेंट की सीसी 4 पीस बरामद हुई है. इस छापेमारी में उपायुक्त के अलावे डीडीसी, एडीएम विधि-व्यवस्था एसडीएम समेत भारी संख्या में पुलिस के जवान और महिला पुलिस के जवान मौजूद रहें. बता दे कि धनबाद मंडल कारा में कई हार्डकोर अपराधी एवं नक्सली विचाराधीन है. जिसको लेकर यह छापेमारी की गई है. एसडीएम उदय कुमार रजक ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर उपायुक्त के नेतृत्व में छापेमारी हुई है जिसमें ऐसी कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली जिसकी आशंका थी.

## मृतक बीसीसीएल कर्मी के आश्रित को मिला नियुक्ति पत्र



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** जनता श्रमिक संघ का प्रयास एक बार फिर रंग लाया है. धनबाद के बाघमारा में बीसीसीएल कर्मी अनिल चौहान के मौत होने पर शव के साथ धरना पर अश्रितो के साथ जनता श्रमिक संघ के पदाधिकारी बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ पिछले 48 घंटो तक डटे रहे. जिसके परिणाम स्वरूप बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्रीय कार्यालय में गुरुवार की देर रात मृतक के आश्रित को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा दिया गया. मौके पर जनता श्रमिक संघ केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप सिन्हा, दीपक चौहान, मनोज चौहान, विशाल बरनवाल, महादेव महतो, कन्हैया चौहान, शुभम यादव, बाल्मिकी यादव सहित अन्य यूनियन प्रतिनिधि मौजूद रहे. बता दें कि बीसीसीएल मधुबन कोलवाशरी में काम करने वाले अनिल चौहान की मौत सेंट्रल अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार देर रात को हो गई थी. जिसके बाद मृतक के परिजन एवं जनता श्रमिक संघ के पदाधिकारी शव के साथ बीओसीपी 14 नम्बर हाजरी घर के सामने परियोजना का काम बाधित कर धरना पर बैठ गए थे. बुधवार से गुरुवार देर रात तक शव रखे जाने के बावजूद नियोजन और मुआवजे को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा कोई पहल नही किया गया.

## स्कूल में बच्चों को अब शास्त्र के साथ शस्त्र की निःशुल्क शिक्षा

**धनबाद।** शास्त्र और शस्त्र से बुद्धि व बल का आपसी समन्वय होता है. व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए दोनों ही जरूरी हैं. शास्त्र जीवन में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं, जबकि शस्त्र दुष्टों से रक्षा करता है. शास्त्र जीवन जीना सिखाता है और शस्त्र जीवन की रक्षा करना. उक्त बातें पाठशाला महाविद्यालय, मतारी के संस्थापक सह कोयला अधिकारी देव कुमार वर्मा ने शनिवार को कहीं. वह पाठशाला में बच्चों के बीच लाठी वितरण कर रहे थे. पाठशाला में पिछले10 वर्षों से झारखंड सहित अन्य राज्यों के हजारों बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है. पाठशाला के सभी विद्यालयों में बच्चों को आत्मरक्षा के तरीके सीखाना शुरू की गई. शनिवार को पाठशाला के सभी बच्चों के बीच उनकी उम्र के हिसाब से लाठी का वितरण किया गया. एक कुशल शिक्षक उन्हें आत्मरक्षा के लिए लाठी के प्रयोग के बारे में जानकारी दी जा रही है. देव कुमार वर्मा ने कहा कि शुरूआत में बच्चों को प्रतिदिन व्यायाम के साथ लाठी चलाना सिखाया जाएगा.

## एक नजर

### दुष्कर्म मामले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के ग्राम भूराई से 2 लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटना को बीते सोमवार को अंजाम दिया गया था. साथ ही घटना का वीडियो बनाकर वायरल किया गया था. इस घटना के बाद पीड़िता के पिता ने थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई थी. उसी क्रम में आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार खोरीमहुआ, तिसरी, गावां आदि जगहों पर छापेमारी कर रही थी. छापेमारी के दौरान ही गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. जिसमें सचिन कुमार यादव, अरूण कुमार यादव और उदय यादव शामिल है.

### डुमरी में अवैध कोयला लदे दो ट्रक जब्त

**गिरिडीह।** डुमरी में अवैध कोयला परिवहन की रोकथाम को लेकर एसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे चेकिंग के दौरान 24 नवंबर की रात्रि जीटी रोड कुलगो टोल प्लाजा के पास में अवैध कोयला लदा ट्रक डब्लूबी37डी-6737 और बीआर-06जीडी-8252 को खनन विभाग और डुमरी पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर पकड़ा. इस संबंध में अवैध उत्खनन, परिवहन कार्यों में संलिप्त व्यक्ति, ट्रक चालक, ट्रक मालिक के विरूद्ध मामला दर्ज कर डब्लूबी 37डी-6737 के चालक अरुण कुमार यादव (पुत्र मदन यादव) निवासी सिकठिया थाना लक्ष्मीपुर जिला जमुई को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया.

## अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से महिला की मौत, सड़क जाम



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** बीसीसीएल एरिया पांच अंतर्गत तेतुलमारी कोलियरी में संचालित चेन्नई राधा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी परियोजना में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से एक महिला की मौत हो गयी. घटना शनिवार सुबह की है. महिला रैगुनी टाड की बतायी जाती है. हादसे के बाद वहां अफरातफरी का माहौल हो गया. महिला के साथ खनन में लगे लोगों ने आनन-फानन में मलबे से शव को बाहर निकाला वहां से भाग गये. हालांकि बाद में ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ धरने पर बैठे हैं. मालूम हो कि अवैध खनन के कारण तेतुलामारी इलाके में पूर्व में भी कई लोगों ने जान गंवायी है. बताया जाता है कि तेतुलामारी थाना क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह, पांडेडीह, चंदौर सहित अन्य इलाकों में डंके की चोट पर अवैध कोयला का कारोबार बदस्तूर जारी है.

## बोकारो में दूसरे दिन 9 पंचायतों में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिले में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को 9 पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों से योजनाओं की लाभ से संबधित आवेदन लिए गए. साथ ही उन्हें योजनाओं की जानकारी भी दी गई. इस दौरान चास प्रखंड के गोड़ावाली उत्तरी, गोड़ावाली दक्षिणी, माराफारी पुनर्वास, चास नगर निगम के वार्ड नंबर 24 व 25 के तेलीडीह स्कूल, चंदनकियारी प्रखंड के नायवन पंचायत भवन, नावाडीह प्रखंड की पोखरिया पंचायत, पेटरवार प्रखंड की पतकी पंचायत, बेरमो प्रखंड के गोविंदपुर बी में शिविर का आयोजन हुआ. शिविर में वरीय अधिकारी व नोडल अधिकारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान अबुआ आवास, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, आपूर्ति, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि सहकारिता पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस के स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी दी गई. शिविर में लोगों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया जा रहा है.

## निरसा : कुल्टी स्टेशन परिसर में लगी आग मची अफरा-तफरी

**धनबाद।** झारखंड-बंगाल सीमा क्षेत्र अंतर्गत आसनसोल रेल मंडल के कुल्टी रेलवे स्टेशन परिसर में शनिवार सुबह आग लग गयी. इस अगलगी में वहां रखे केबल समेत अन्य सामग्रियां जलकर राख हो गयी. घटना के बाद रेलवे स्टेशन में अफरा-तफरी मच गयी. अगलगी की सूचना पाकर दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गयी. समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का प्रयास जारी था. सूचना मिलने पर रेलवे के अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गये. वहीं सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे स्टेशन में आरपीएफ के जवानों की भी तैनाती की गयी है. सूत्रों के अनुसार, कुल्टी स्टेशन के पास सिग्नल का कार्य किया जा रहा है.

## मनोज कपरदार को मिला 2023 का स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान



नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के बगदा निवासी कला समीक्षक, लेखक मनोज कुमार कपरदार को वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित स्पेनिन सहित्य गौरव सम्मान शनिवार को प्रदान किया गया. यह सम्मान रांची के प्रतिष्ठित संस्था स्पेनिन द्वारा उसूर्लाईन कॉन्वेन्ट इंटर कॉलेज, रांची के सभागार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में दिया गया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अशोक प्रियदर्शी ने की. मुख्य अतिथि सिस्टर डॉ. मेरी ग्रेस और साहित्यकार डॉ. माया प्रसाद ने यह सम्मान प्रदान किया. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पी के झा, मुख्य वक्ता डॉ. कमल बोस, संयोजक डॉ. कुमार संजय और उप संयोजक अभिषेक अब्र उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन शिल्पी सहाय, संजना भट्टाचार्य और निर्मला मुंडा ने की. इस अवसर पर उसूर्लाईन कॉन्वेन्ट इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मंगलाचरण की. रंगारंग कार्यक्रम के तहत कॉलेज की छात्राओं ने महाराष्ट्र का लोक नृत्य और राजस्थानी नृत्य भी किया. इस अवसर पर डॉ. सिद्धनाथ कुमार के साहित्यिक अवदान पर भी विशेष चर्चा हुई.

## जमशेदपुर : हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 28 वर्षीय राज मिस्त्री की मौत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत शंकोसाई रोड नंबर 5 में निमार्णाधीन भवन में काम करने के दौरान 28 वर्षीय सादिक शेख हाईटेंशन तार की चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गया. आनन-फानन में उसे सहकर्मियों ने इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया. वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. सादिक मूल रुप से पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद का रहने वाला था और फिलहाल बोड़ाम के बोटा में रहता था. उसकी पत्नी और पांच बच्चे हैं. परिजनों ने बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करता था. शंकोसाई में वह बीते एक सप्ताह से काम कर रहा था. घर के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरा है. काम करने के दौरान उसने रॉड को ऊपर उठाया. रॉड ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार में सट गया, जिससे सादिक करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई.

## किरीबुरु : पश्चिम बंगाल के छात्र का शव 48 घंटे बाद पुंडूल झरने में मिला

**चाईबासा।** सारंडा जंगल से सटे ओडिशा के पुंडूल झरना में डूबे पश्चिम बंगाल के छात्र तारा शंकर सरकार का शव 48 घंटे बाद स्वतः पानी के ऊपर मिला. 25 नवम्बर की दोपहर लगभग 11 बजे शव गहरे पानी से निकलकर ऊपर आया. उसे गोताखोरों ने बाहर निकाला. शव मिलने के बाद परिजनों व दोस्तों का रो-रो कर बुरा हाल है. चारों तरफ मातम का माहौल है. उक्त छात्र 23 नवम्बर की दोपहर लगभग 11 बजे झरना के गहरे पानी में डूब गया था. शव की तलाश दो दिनों तक क्योंझर एवं राउरकेला के गोताखोरों खोजा था, लेकिन सफलता नहीं मिली थी. झरना में डूबा छात्र पश्चिम बंगाल के आरामबाग, हुगली का रहने वाला था. वह आशुतोष कॉलेज का छात्र था. छात्र तारा शंकर सरकार 43 शिक्षक-शिक्षिकायें व छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज टूर पर घूमने आया था.

बेरमो : ढोरी में सीसीएल कर्मी की ड्यूटी के दौरान मौत

## बोकारो : यूनियन नेताओं ने वार्ता में आश्रित को नौकरी देने की रखी मांग

**बोकारो।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र की एसडीओसीएम परियोजना की तारमी खदान में शनिवार की सुबह ड्यूटी के दौरान टीआर कैटेगरी-1 के पद पर कार्यरत सागर साव (58 वर्ष) की मौत हो गई. वह मकोली नीचे धौड़ा का रहनेवाला था. जानकारी के अनुसार, सागर साव कार्यस्थल पर अचानक अचेत होकर गिर गए. सहकर्मियों ने उन्हें तुरंत केन्द्रीय अस्पताल ढ़ोरी ले गए. चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया. कर्मी के मौत की खबर मिलते ही अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई. सीसीएल प्रबंधन की ओर से एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उडके और कार्मिक प्रबंधक मोहम्मद तौकीर आलम ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली. वहीं, मोके पर पहुंचे यूनियन नेताने गिरिजाशंकर पांडेय, महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, आर उनेश, विकास सिंह, मिथिलेश तिवारी,शिवनंदन चौहान, विनय सिंह, राजेश्वर सिह, बैजनाथ महतो, परवेज अख्तर, विनोद चौहान, कुंज बिहारी प्रसाद, उज्जवल मुखर्जी आदि मौजूद थे।

## बागबेड़ा जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य बंद, लोगों में आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर मोड़ स्थित वोल्टास बिल्डिंग के समीप बन रहे बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है. इससे लोगों में आक्रोश है. एक करोड़ 88 लाख 69 हजार 710 रुपए की लागत से इसका निर्माण किया जाना है. इसके बन जाने से हाउसिंग कॉलोनी के 1140 घरों में रहने वाले 20 हजार लोगों को शुद्ध जल उपलब्ध हो सकेगा. बताया जा रहा है कि झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर 27 अप्रैल से फिल्टर प्लांट का कार्य चल रहा था. बीच में झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता एवं विधायक संजीव सरदार के द्वारा 16 सितंबर को शिलान्यास करने के बाद अचानक ही कार्य को बंद कर दिया गया. इस पर न तो सम्बंधित विभाग के पास कोई जवाब है और ही जनप्रतिनिधि के पास. सभी मौन धारण किये हुए है. बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा ने कार्य बंद कर दिए जाने पर नाराजगी जताते हुए फिर से एक बार न्यायालय की शरण में जाने की घोषणा की है. उन्होंने आशंका जताई है कि इस योजना के लिए स्वीकृत राशि का गबन हो सकता है.



**मांगें पूरी हो** — कांग्रेस के पूर्व मंत्री मन्नान मलिक ने दिया समर्थन

# कोल कर्मियों की भूख हड़ताल दूसरे दिन भी



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद ।** कोयला भवन कार्यालय के पास कोल इंडिया बीसीसीएल कोल कर्मी एवं उनके आश्रितगण द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर आज दूसरे दिन बैठकर बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा 9.4.0 के तहत गंभीर बीमारियों से ग्रसित कोल कर्मियों को मेडिकल बोर्ड गठन कर उनका चिकित्सा प्रशिक्षण करवाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल दिया गया. इस भूख हड़ताल में कांग्रेस के पूर्व मंत्री मन्नान मलिक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, प्रसाद निधि समेत कई यूनियन का समर्थन का सहयोग किया है. 24 घंटे के बाद मेडिकल टीम भूख हड़ताल पर बैठे अश्रितों को हालचल तक नही लिया है. वहीं कांग्रेस के पूर्व मंत्री मन्नान मलिक ने समर्थन देते हुए कहा कि यहां के कोल अधिकारी को फोन करने पर रिसीव नहीं किया जा रहा है, जबकि यह मामला यहां से होने वाला भी नही है, कोल मंत्रालय से ही होना है लेकिन अधिकारी ही बात वहां तक पहुंचाएंगे, लेकिन किसी भी अधिकारी से संपर्क नही हो पा रहा है. कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि कोल कर्मी के आश्रित परिवार के भूख हड़ताल में कांग्रेस का पूर्ण समर्थन है. इस मामले को इंटक के बड़े-बड़े नेता तक पहुंचा दिया गया है, इनकी मांग जायज है और कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर पार्लियामेंट तक समर्थन करता है. जिसमें आश्रितगण द्वारा बताया गया कि विगत कई वर्षों से गंभीर बीमारी जैसे लकवा, कैंसर, टीवी, किडनी, हृदय रोग पूर्ण लिवर फैलियर इन्हीं 6 गंभीर बीमारियों से इनके पिता ग्रसित है जिसमें कोल इंडिया के एनसीडब्ल्यूए का पारा 9.4.0 के तहत यह प्रावधान है कि गंभीर बीमारियों से ग्रसित कोल कर्मियों को मेडिकल बोर्ड का गठन कर उनका चिकित्सा परीक्षण किया जाए, लेकिन वर्तमान में कोल इंडिया के विशेष प्रबंधक मेडिकल अनफिट को घोषित रूप से बंद कर रखा गया है एवं पूर्व में जिन कुल कर्मियों को मेडिकल अनफिट किया जा चुका है उनके आश्रितों को नियोजन ना देकर उन्हें परेशान किया जा रहा है. जिसके कारण भूखे मरने की स्थिति उत्पन्न हो गई है. इसलिए आश्रितों द्वारा बीसीसीएल कोयला भवन मुख्यालय गेट के समीप भूख हड़ताल पर बैठने को विवश होना पड़ा. वहीं हड़तालकर्मियों का कहना है कि अगर इस भूख हड़ताल से किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना क्षति होती है तो उसका जिम्मेदार स्वयं बीसीसीएल प्रबंधन होगा और अंतत यह निवेदन किया गया एनसीडब्ल्यूए का पारा 9.4.0 को जल्द से चालू कर गंभीर बीमारी से ग्रसित कोल कर्मियों को मेडिकल बोर्ड का गठन कर उनका चिकित्सा परीक्षण किया जाए।

# सेना बहाली के लिए युवाओं को तैयार कर रहा अदाणी फाउंडेशन, स्क्रीनिंग में 47 सफल




नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा में खनन परियोजना में लगी अडानी कंपनी की इकाई अदाणी फॉउंडेशन ने युवाओं के लिए नयी पहल की है. प्रखंड के वैसे युवा जो भारतीय सेना (पैरामिलिट्री, अग्निवीर, सीआरपीएफ, बीएसएफ आदि) और पुलिस समेत अन्य नौकरियों के लिए इच्छुक हैं, उन्हें आवश्यक शारीरिक प्रशिक्षण अदाणी फाउंडेशन दिला रहा है. साथ ही नौकरी के लिए होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराई जाएगी. इस कड़ी में शुक्रवार से युवाओं के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट की शुरूआत की गई. बड़कागांव हाई स्कूल मैदान में स्क्रीनिंग कैम्प के पहले दिन हरली, गाली, बलोदर, सुकुल खपिया, साढ़, शिवाडीह, ढेंगा और महुंगाई कला के 160 युवाओं ने हिस्सा लिया. इन सबकी लंबाई, सीना और वजन की माप की गयी, इसके बाद युवाओं ने 1600 मीटर की दौड़ लगाई. सफल युवाओं को सिट अप्स और पुश अप भी कराया गया, इसके बाद इन्हें ग्लूकोज, पेयजल और रिफ्रेशमेंट्स दिए गए. पहले दिन की स्क्रीनिंग में 46 युवाओं का चयन किया गया. अब इन्हें दूसरे दौर की स्क्रीनिंग में शामिल किया जाएगा. इसके बाद उन्हें आगे प्रशिक्षण दिया जाएगा. दूसरे दौर की स्क्रीनिंग में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच भी की जाएगी. अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में लगातार निशुल्क मेडिकल कैम्प और नेत्र जांच शिविर लगाए जा रहे हैं. ग्रामीणों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां और चश्मे प्रदान दिये जाते हैं.

# बरही में चला प्रशासन का बुलडोजर, मची खलबली

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** शनिवार को बरही चौक सहित सभी रोड को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर प्रशासन के तेवर अलग दिखे. एसडीओ पूनम कुजूर के निर्देशन में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ पहली बार शांतिपूर्ण प्रशासनिक बुलडोजर चला. जिसका अतिक्रमणकारियों ने भी सहयोग किया. इस दौरान बरही चौक सहित धनबाद रोड आदि स्थलों पर बनाए गए अस्थाई संरचना को जेसीबी से हटाया गया. इस अभियान का बरही वासियों ने भी स्वागत किया. अभियान को गति देने में सीओ रामनारायण खलखो की महत्वपूर्ण भूमिका रही. जो पिछले दो दिनों से स्वयं माइंकिंग कर लोगो से अतिक्रमण हटाने की अपील कर रहे थे. अभियान के दौरान प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ सी आर इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, एनएचएआई के पदाधिकारी मुकेश कुमार, सीआई सतीश कुमार सिन्हा, राजस्व कर्मचारी रीतलाल पासवान सहित थाना के दर्जनों सशस्त्र बल मौजूद रहे. एसडीओ ने लोगो से चौक सहित प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने की बात कही. उन्होंने स्पष्ट कहा की पुनः अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. सीओ ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा. सभी फुटपाथी दुकानदारों, सब्जी वालों, ठेला वालो आदि को बरहीडीह स्थित बाजार शेड, जिला परिषद बस पड़ाव परिसर क्षेत्र में अपने दुकान लगाने का निर्देश दिया. यह भी बताया कि अतिक्रमण करने वाले या सड़क पर वाहन लगाने वाले के खिलाफ शीघ्र ही चलान काटने के साथ प्राथमिकी की कारवाई प्रारंभ की जायेगी.





### एसडीओ-सभी प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद, लोगों ने की सराहना

### फिर से अतिक्रमण करनेवालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : एसडीओ

## बरही : डोभा में डूबने से दो मासूम भाइयों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** शनिवार को प्रखंड के धनवार पंचायत में दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत से पूरा गांव सन्नाटा पसरा है. स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि घटना करीब पूर्वाहन 11 बजे की है. दोनों बच्चे बकरी के लिए पानी लाने कुएं पर गए थे. इसी दौरान यह घटना घटी. जानकारी मिलते ही दोनो को निकालने का प्रयास किया गया. परंतु दुर्भाग्यवश बचाया नहीं जा सका. यह गांव सहित पूरे पंचायत के लिए हृदयविदारक घटना है. मृतक मासूम बच्चे की पहचान उमेश प्रसाद केसरी के 10 वर्षीय पुत्र सत्यम केसरी और 5 वर्षीय पुत्र उज्ज्वल कुमार के रूप में हुई है. घटना के बाद से मां सहित परिजनों की चित्कार से पूरा गांव मर्माहत है. पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंचकर मामले की जानकारी लिया. समाचार लिखे जाने तक पुलिस आगे की कारवाई करने की कार्रवाई में लगी थी.



पसरा सन्नाटा

### सांसद के निर्देश पर एसपी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले अंतर्गत चितरपुर प्रखंड स्थित अरबी हाई स्कूल सांडी के छात्र छात्राओं के साथ शुक्रवार को छेड़छाड़ और मारपीट की घटना को लेकर सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल ने रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे मुलाकात कर दोषियों को चिन्हित कर उनपर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल को पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से लोकसभा सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, प्रकाश मिश्रा , जिला खनिज मद के प्रतिनिधि सुमन सिंह, जिला महामंत्री छोटन सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी शामिल थे ।

## बरकट्ठा के पंचायतों में नल जल योजना में मची है लूट : प्रखंड सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना में भारी लूट मची हुई है। मामला प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत का है। जहां नल जल योजना के तहत ठेकेदार के द्वारा इस्टीमेट से हटकर कार्य किया जा रहा है। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिलाड़ीह के पास योजना का एक बोरिंग किया गया है। जिसका पिलर खड़ा करने के लिए गहराई बहुत काम किया गया है तथा घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। वही पिलर ढलाई के लिए मसाला कच्ची सड़क पर ही मिक्स किया जा रहा है जिससे मिट्टी सीमेंट मिक्स हो जा रहा है। इससे ढलाई काफी कमजोर हो रहा है। इस बात की जानकारी देते हुए माले प्रखंड सचिव शेरे मोहम्मद ने कहा प्रखंड क्षेत्र में हर पंचायत में नल जल योजना में भारी लूट मचा हुआ है। ठेकेदार और पदाधिकारी ऊपर से नीचे तक मिले हुए हैं। झारखंड को नल जल योजना के माध्यम से लूटा जा रहा है। वहीं शिलाडीह में किसी के घर के बाउंड्री के अंदर, बाड़ी के अंदर बोरिंग कर मनमाने तरीके से कार्य किया गया है। कहा कि इसकी उचित जांच करने के लिए उपयुक्त को आवेदन दिया जा रहा है।बताया कि जब लोग इस संबंध में ठेकेदार से बात करते हैं तो ठेकेदार के द्वारा केस करने तथा नल जल योजना का लाभ नहीं देने की बात करता है।



### एक नजर

### स्कूली बच्चियों से छेड़खानी की घटना शर्मनाक : सिंधु झा

**रामगढ़।** गत दिनों रजरप्पा थाना क्षेत्र में. एक विशेष समुदाय के लड़कों द्वारा अरबी हाई स्कूल की बच्चियों के साथ छेड़खानी और विरोध करने पर मारपीट की घटना एक सभ्य समाज पर धब्बे के समान है जिसपर सरकार और प्रशासन को संज्ञान लेते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की जरूरत है । यह बात शनिवार को शिक्षिका सह राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद की प्रदेश अध्यक्ष सिंधु झा ने विज्ञप्ति जारी कर कहा । उन्होंने कहा की स्कूली बच्चियों को सुरक्षात्मक माहौल मिले और वो निर्भय होकर पठन पाठन कार्य कर सकें इसकी व्यवस्था की जाये । उन्होंने कहा की मैं स्वयं भी एक शिक्षिका हूं और चाहूंगी की स्कूलों के बाहर या आसपास बिना किसी कार्य के अड्डेबाजी कारने वालों को चिन्हित करते हुए पुलिस उचित कार्रवाई करे जिससे पढ़ने लिखने वाली बच्चियों को हम स्वच्छ माहौल मिल सके।

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त, चालक को भेजा जेल

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र में जिला खनन निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान बरवां स्कूल के समीप एक न्यू हॉलेंड कंपनी के ट्रैक्टर पर अवैध बालू लदा पाया गया। जिसे पुलिस जब्त कर ट्रैक्टर को थाना ले गई। वहीं चालक सुरज भुइयां पिता जगदीश भुइयां, किमनियां, बरकट्ठा निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में जिला खनन विभाग के पदाधिकारी और बरकट्ठा पुलिस कर्मी शामिल थे।

### मामला : आरबीआई स्कूल के छात्रों के साथ विशेष समुदाय के युवकों ने की छेड़छाड़ व मारपीट

## विद्यार्थी पहुंचे रजरप्पा थाना, कार्रवाई की मांग की

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले से बेहद चिंताजनक और परेशान कर देने वाली घटना सामने आई है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुक्रवार को विशेष समुदाय के कुछ युवकों ने रामगढ़ जिले के आरबी हाईस्कूल सांडी में घुसकर स्कूल की छात्राओं के साथ छेड़खानी की. उनपर धार्मिक नारे लगाने के लिए दबाव डाला विरोध करने पर वहां मौजूद छात्र-छात्राओं के साथ लाठी-डंडे के साथ मारपीट की. इस हमले में दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राएं घायल हुए हैं. जिसके बाद आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने रजरप्पा थाने का घेराव किया.

### घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल

आरोप के मुताबिक गुरुवार को भी छात्राओं के साथ विशेष समुदाय के युवकों ने छेडछाड़ की घटना को अंजाम दिया था. जिसका छात्राओं ने विरोध किया था. जिसके बाद शुक्रवार को स्कूल में घुसकर फिर से छेडखानी की गई. धार्मिक नारे लगाने के लिए दबाव दिया गया. विरोध करने पर छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट की गई है. इस मामले में छात्र-छात्राओं ने मो. फरहान, मो. रेहान, मो. दानिश, मो. अरशद, मो. जीशान, मो. साहिल , मो. जावेद सहित दर्जनों अज्ञात लोगों के खिलाफ छेडछाड़ करने और जबरन धार्मिक नारा लगवाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है. इस घटना के बाद से सियासी हलचलें तेज हो गई हैं. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और जयंत सिन्हा ने ट्वीट कर सरकार पर निशाना साधा है. फिलहाल इस घटना से इलाके में भारी तनाव का माहौल बना हुआ है.



### सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने छात्रों से की बात

मामले की जानकारी के बाद गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचकर सांसद ने छात्रों से बात की। इसके बाद उन्होंने थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह से दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। स्कूल के छात्रों ने कहा की समुदाय विशेष के युवक स्कूल की छात्राओं के साथ छेड़खानी कर रहे थे। कहा की हमने मना किया तो हमारे साथ मारपीट किया। कहा की हमने रजरप्पा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

### एक नजर

### मारपीट मामले पर विहिप ने अभिभावकों के साथ रजरप्पा थाने में दिया आवेदन




**रामगढ़ ।** विश्व हिंदू परिषद जिला समिति ने अरबी हाई स्कूल सांडी के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों साथ रजरप्पा थाना में आवेदन देकर छात्र छात्राओं के साथ मारपीट में शामिल लोगों पर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। कहा की बच्चियों के साथ छेड़खानी करने वालों का विरोध करने पर समुदाय विशेष जिसमें युवक, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल थे उन्होंने स्कूल की छात्र छात्राओं के साथ मारपीट किया । कहा की घटना में शामिल दोषियों को कड़ी दी जाये । कहा की कार्रवाई नही होने पर विश्व हिन्दू परिषद जिला समिति सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। मौके पर विहिप जिला मंत्री छोटू वर्मा, रितिक कुमार, गौ रक्षा प्रमुख ललन लहरी, मिलन प्रमुख महेंद्र ठाकुर, सह मंत्री तरुण वर्मा, रमा करमाली, गौतम महतो,विवेक कुमार,रॉकी कुमार, विवेक कुमार, सचिन कुमार, महादेव महतो, प्रेम महतो, सुदीप महतो, आकाश चौधरी आदि उपस्थित थे।

### पांडू पंचायत में शिविर का आयोजन, अंबा प्रसाद रहीं मौजूद

**हजारीबाग।** प्रखंड अंतर्गत पांडू पंचायत भवन मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, प्रमुख सुनीता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, सीओ राम रतन वर्णवाल, 20 सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, मुखिया सकीबा खातून ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में लगभग 20 से अधिक स्टाल लगाए गए थे. जिसमें कुल 1119 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें से सबसे अधिक अबुआ आवास को लेकर 253 आवेदन दिए गए.

### उपायुक्त ने की जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

## ईट भट्ठों का निरीक्षण करें अधिकारी : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्ट फोर्स की बैठक की. बैठक के दौरान उपायुक्त ने खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली. इस दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लीय उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया.अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी एवं श्रम अधीक्षक को 1 दिसंबर 2023 तक अभियान मोड में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित ईट भट्ठों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया. वहीं निरीक्षण के क्रम में ईंट भट्ठों के संचालकों को भट्टे के सभी नियमों की जानकारी देने एवं किसी भी हालत में बिना नियमों का पालन के ईट भट्ठों का संचालन न होने देने का निर्देश दिया.



### बरकट्ठा में विधायक ने बंडासिंगा में भक्ति जागरण कार्यक्रम का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के बण्डासिंगा में सार्वजनिक छठ पूजा समिति के तत्वाधान में आयोजित रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर किया। मौके पर युवा नेता गौतम कुमार, बेलकप्पी मुखिया ललिता देवी, समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, समाजसेवी अर्जुन साव, समाजसेवी टुकलाल नायक समेत अन्य लोग शामिल थे। रात्रि जागरण में सिंगर सतीश दास ने भक्ति जागरण के साथ झारखंडी लोक गीत गाकर लोगों का खुब मनोरंजन किया। मौके पर विधायक ने कहा की यह पल छठ माता के भक्ति में लीन होने के साथ साथ गीतों का लुप्त उठाने का समय है। मुझे इस कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ इसके लिए सभी आयोजक मंडली को मेरे तरफ से साधुवाद। मौके पर रंजीत यादव, कृष्णा यादव, बबलु पांडेय, प्रकाश, मेहलाल साव समेत सैकड़ो की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### लक्ष्मी देवी जायसवाल इंटर स्कूल टूर्नामेंट में आईलेक्स पब्लिक स्कूल बना चैंपियन




**बरही।** हजारीबाग में आयोजित लक्ष्मी देवी जायसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल टूर्नामेंट जीतकर आईलेक्स पब्लिक स्कूल चैम्पियन बना. फाइनल मैच डीपीएस शकरपुर के साथ हुआ. आईलेक्स के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया. कप्तान सावन कुमार के शानदार 109 रनों की साझेदारी से टीम ने 36 ओवर 219 रन बनाएं. जवाबी पारी खेलने उतरी विपक्षी टीम मात्र 26 ओवर में हीं 69 रनों पर हीं सिमट गई. सोनू कुमार ने सर्वाधिक 4 विकेट लिये. टीम के कोच भूषण कुमार ने इस शानदार जीत के लिए टीम को बधाई दी. विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें विद्यालय के बच्चो पर गर्व है आगे भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे ऐसा उम्मीद है. सबों से लक्ष्य प्राप्ति के लिए नियमित प्रयास करते रहने की बात कही.

### भक्तों में उत्साह | श्री गुरु नानक देव जी के 555वें जन्मोत्सव पर अंतिम दिन निकाली गई प्रभात फेरी

# गुरु गुरु गुरु कर मन मोर, गुरु बिना मैं नाही होर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सिख धर्म के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555 वें प्रकाशोत्सव पर 25 नवम्बर को अंतिम दिन की प्रभात फेरी भक्तिभाव के साथ निकाली गई । प्रभात फेरी के अंतिम दिन साध संगत में खासा उत्साह देखा गया। प्रभात फेरी में सिख समाज के लोग ढोल नगाड़े बजाते हुए लाइट साउंड के साथ शब्द का गायन करते हुए चल रहे थे। अंतिम दिन की प्रभात फेरी में साध संगत का हुजूम दिख रहा था। पूरा क्षेत्र गुरुवाणी के गायन से भक्तिमय हो गया था। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला और पुरुष शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत शब्द गाते लोग चल रहे थे। प्रभात फेरी में सबसे आगे कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। प्रभात फेरी के दौरान साध संगत सबना का मां पियो आप है अपने सार करे, दिन दयाल भरोसे तेरे, गुरु गुरु गुरु कर मन मोर गुरु बिना मैं नाही होर, मोर हृदय बसो गोपाल, तेरी सेवा तेरी सेवा ममाधो बिछड़े थे, जिसको पुरब लिखिया तिन सतगुर चरन गहे, तिन सतगुर चरन गहे लाख खुशिया पातशाहिया जे सतगुर नदर करे, मिटी धुंध जग चानन होया, मूल खरीदी लाला गोला आदि गुरुवाणी के गायन से माहौल को खुशनुमा बनाते चल रहे थे। अंतिम दिन की प्रभात फेरी श्री गुरुद्वारा साहिब से आरम्भ होकर सुभाष चौक होते हुए किला मंदिर, लोहार टोला, चट्टी बाजार, झंडा चौक, सुभाष चौक होते हुए वापस श्री गुरुद्वारा साहिब पहुंची। खालसा क्रिकेट क्लब के सदस्यों द्वारा एक अनोखा नजारा पेश किया गया। पिछले 8 दिनों से नंगे पैर निशान साहब की सेवा अपने हाथों में लिए कुजू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल चोपड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। वहीं, खालसा क्रिकेट क्लब के तरफ से अंतिम दिन की प्रभात फेरी का स्वागत आतिशबाजी, माल्यार्पण कर एवं साध संगत के लिए चाय नाश्ते का प्रबंध करके किया गया। निशान साहिब की सेवा स्वर्गीय सरदार ज्ञान सिंह छाबड़ा के सुपुत्र सरदार सत्येंद्र सिंह छाबड़ा के परिवार की तरफ से की गई। अंतिम दिन की प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, पप्पू जस्सल, पुष्पिंदरपाल सिंह छाबड़ा, बंटी चमन, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, अजैब सिंह सिंह, विंसी कोहली, पूर्व प्रधान रमिंदर सिंह गांधी, पूर्व चेयरमैन इंदरपाल सिंह सैनी, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा, बबलू, कमल जस्सल, अजय सिंह छाबड़ा, हरदीप सिंह होरा, जसकीरत सिंह भाटिया, राजू, जसकीरत सिंह सैनी, रौनक सिंह, गुरजोत सिंह, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, कमलजीत सिंह लांबा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जस्सल, राजी गांधी, प्रीतम सिंह, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, विमला जस्साल, रानी जसल, रोमा छाबड़ा, मनप्रीत सैनी, नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कौर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा, सुमी जौली, गुरबख्श कौर सैनी, मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर आदि लोग शामिल हुए।

**सतनाम श्री वाहेगुरु**







### पोक्सो एक्ट 2012 पर सिमडेगा में एक दिवसीय राज्यस्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन

# आपकी सुरक्षा, हमारी जिम्मेदारी : न्यायमूर्ति अनुभा रावत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मैं एक मां हूं जज बाद में हूं आपकी सुरक्षा हमारे जिम्मेदारी है जिस प्रकार माली पौधे को बारीकी से सीखते हुए पेड़ के रूप में तैयार करता है उसी प्रकार हम आपको बेहतर से बेहतर संरक्षण देकर आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे उक्त बातें न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी के द्वारा सिमडेगा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार एवम जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सिमडेगा के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित एक दिवसीय राज्यस्तरीय विधिक जागरुकता कार्यक्रम के तहत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर अपने सम्बोधन में कहा, उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन हो या न्यायपालिका आप सभी की सुरक्षा के लिए हम सभी का दायित्व है ।उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस है उससे पूर्व इस प्रकार का आयोजन होना अपने आप में सराहनीय है, उन्होंने कहा कि संविधान के तहत ही बच्चों के लिए विशेष प्रावधान है और पोक्सो एक्ट 2012 लागू किया गया इस देश में जनसंख्या का 37% बच्चे हैं और उनमें 40% बच्चो साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आता है ।उन्होंने कहा कि कई बच्चे डर और समाज के बदनामी की वजह से चुपचाप रहते हैं रिपोर्ट दर्ज नहीं करते हैं और इसके अलावा कई कारण है .इसीलिए उन बच्चों को जागरूक करने के लिए यह जागरूकता शिविर का आयोजन किया है ।उन्होंने आगे कहा पोक्सो कानून के जरिए आप अपने साथ हुए यौन शोषण पर शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई करवा सकते हैं ,उन्होंने कहा की पोक्सो में अलग-अलग प्रावधान के तहत सजा निर्धारित किया गया है और एक सबसे महत्वपूर्ण बात है लड़का हो या लड़की सभी के लिए यौन उत्पीड़न के मामले में सजा का प्रावधान है ।उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न किसी प्रकार से भी हो सकता है उन्होंने कहा कि शरीर में



कोई छूता है ,किसी अन्य प्रकार का प्रयास करता है ,तो हमारा हक बनता है कि हम उसे रोके, उन्होंने कहा कि हमें प्राइवेट पार्ट्स अथवा किसी भी अंग को छूता है तो इस पर हमें रोकते हुए विरोध प्रकट करना है ।कोई पीछा करता है ,फोन करता है ,नंगी तस्वीर दिखाती है या किसी प्रकार का प्रलोभन देता है और गलत हरकत करने का प्रयास करता है तो यह सभी पोक्सो के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने कहा इस प्रकार के चीजों के बारे ही जानकारी हेतु इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है । वहीं इसके अलावा इस स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के सचिव के रवि कुमार सहित सीआईडी के एसपी कार्तिक एस के द्वारा भी संबोधित किया गया वहीं कार्यक्रम से पूर्व आगंतुक अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत किया एवं । इस मौके पर यूनिसेफ से आई हुई प्रीति श्रीवास्तव के द्वारा पोक्सो एक्ट 2012 अधिनियम से संबंधित उपस्थित स्कूली बच्चों एवं शिक्षक तथा अन्य लोगों को विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। कार्यक्रम पूरे झारखंड के सभी कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं को भी इसमें वेबीनार के माध्यम से जोड़कर दिखलाया गया मौके पर उन्होंने कहा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 का मतलब 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों के खिलाफ यौन अपराधों से संबंधित है। जिन्हें बच्चा माना जाता है।इसमे अपराध को गंभीर माना जाता है यदि यह किसी पुलिस अधिकारी, लोक सेवक, रिमांड होम, संरक्षण या अवलोकन गृह, जेल, अस्पताल या शैक्षणिक संस्थान के कर्मचारियों के किसी सदस्य या सशस्त्र या सुरक्षा बलों के किसी सदस्य द्वारा किया जाता है। यह अधिनियम इसके तहत बनाए गए नियमों के साथ 14 नवंबर, 2012 को लागू हो गया है। यह अधिनियम यौन उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न और पोर्नोग्राफी के अपराधों से बच्चों की सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक व्यापक कानून है, जबकि रिपोर्टिंग, रिकॉर्डिंग के लिए बाल-अनुकूल तंत्र को शामिल करके न्यायिक प्रक्रिया के हर चरण में बच्चों के हितों की रक्षा की जाती है। विशेष लोक अभियोजकों और नामित विशेष न्यायालयों की नियुक्ति के माध्यम से साक्ष्य, जांच और अपराधों की त्वरित सुनवाई। अधिनियम में रिपोर्टिंग, रिकॉर्डिंग, जांच और परीक्षण अपराधों के लिए बच्चों के अनुकूल प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है। अधिनियम कठोर दंडों का प्रावधान करता है जिन्हें अपराध की गंभीरता के अनुसार वगीर्कृत किया गया है। इस मौके पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अपर सचिव अक्षय कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्र, उपायुक्त अजय कुमार सिंह, एसपी सौरभ, एडीजे आशा डी भट्ट,डालसा सचिव मनीष कुमार सिंह एसडीजेएम मनजीत कुमार साहू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बसंत प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक सहित विभिन्न विद्यालय के स्कूली छात्राएं एवं अन्य मौजूद रहे इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एव नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

## एक नजर

### युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**कोडरमा।** तिलैया डैम ओपी थाना क्षेत्र के छोटकी धामराय से बेलखरा जाने वाले रास्ते में छोटी पुलिया के नीचे युवक का शव मिला. ग्रामीणों ने शव को पुलिया के नीचे देखा. ये खबर इलाके में आग की तरह फैल गई. ग्रामीणों ने शव की पहचान छोटकी धामराय गांव के स्वर्गीय लक्ष्मण पासवान के पुत्र मनोज पासवान, उम्र 38 के रूप में की. सूचना मिलते ही मृतक के परिजन शव को लेकर घर पहुंच गये. सूचना तिलैया डैम ओपी थाना प्रभारी को मिली तो ओपी प्रभारी अमृता खलखो मृतक के घर शव लेने पहुंचे. तभी मृतक के परिजनों और ग्रमीणों ने शव ले जाने का विरोध किया. मृतक के परिजनों ने एक लिखित आवेदन डैम ओपी प्रभारी को दिया, जिसमें कहा गया कि मनोज पासवान की मौत अधिक शराब का सेवन करने के बाद पुल के नीचे गिर जाने से हो गयी. परिजन किसी के ऊपर कोई आरोप नही लगा रहा.

### डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में मना एनसीसी दिवस

**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में शनिवार को एनसीसी कैडेट द्वारा विद्यालय परिसर में एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया।एनसीसी दिवस को यादगार बनाने के लिए एनसीसी के विद्यार्थियों के द्वारा ड्रिल अभ्यास, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता और नर्सरी आदि कार्यक्रमों में भाग लिया। एनसीसी के सीटीओ मुकुंद राय की निगरानी में विद्याथीयों ने एनसीसी दिवस मनाया।इस मौके पर विद्यालय के प्रचार्य राकेश शर्मा ने कहा, इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में उनके व्यक्तित्व का विकास होता है।

### ताइक्वांडो के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर चैंपियन के लिए आगरा रवाना

**सिमडेगा।** 26 नवंबर को शुरू होने वाले राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए सिमडेगा ताइक्वांडो संघ के द्वारा अंकित कुमार विश्वनाथ विश्वकर्मा एवं कोच पप्पू कुमार को आगरा भेजा है। संघ के सचिव दयाराम मेंहर और कोषाध्यक्ष गोविंद प्रधान ने बताया है कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को वहां पर भेजा गया है और उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यह खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिला एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे। गौरतलब हो आगरा में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप होना है जहां पर देशभर के खिलाड़ियों का जमावड़ा होगा जहां पर यह खिलाड़ी सिमडेगा जिला से रवाना हुए है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित रामरेखा मेले का सांसद ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक आस्था और पर्यटन का केन्द्र रामरेखा धाम सिमडेगा में आयोजित रामरेखा मेला का उद्घाटन लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने विधिवत नारियल फोड़कर किया।मौके पर धाम के महंत अखंड दास महाराज, सचिव ओम प्रकाश साहू प्रधान संरक्षक दुर्गविजय सिंह देव सहित अन्य मौजूद रहे। अतिथियों ने इस मौके पर गुफा मंदिर में स्थापित भगवान राम-लक्ष्मण एवं माता सीता के साथ-साथ अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा का दर्शन किया। उन्होंने विधि विधान के साथ भगवान पूजा-अर्चना भी की। साथ ही



भगवान राम का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर अतिथियों का स्वागत रामरेखा विकास समिति के ओर धूमधाम से गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया। लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि भगवान राम की चरण स्थल रामरेखा धाम का दर्शन करना सौभाग्य की बात है ।यहां आनेवाले सभी श्रद्धालुओं पर भगवान राम की कृपा सदा बनी रहे। धार्मिक आस्था एवं पर्यटन के मानचित्र पर रामरेखा धाम की अपनी अलग पहचान है। इस मेले में आने वाले सिमडेगा जिला सहित समीपवर्त्ती जिलें एवं झारखंड, छत्तीसगढ़, ओड़िसा, बंगाल अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं को शुभकामना दी।

### देवोत्थान पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**सिमडेगा।** सिमडेगा प्रखंड के पिथरा जमुनाखैर में देवोत्थान पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में के भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने सांस्कृतिक रंगारंग का फिता काट कर उद्घाटन किया। जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि पर्व त्योहार में जहां हमारी आस्था जुड़ी हुई है वहीं गीत संगीत में हमारी संस्कृति। देवोतथान देवताओं के जागरण का पर्व है और इस पर्व में हम जिस तरह खुशी मनाते हैं, घर के एक-एक सदस्य को अपने हक अधिकार के प्रति जागने की जरूरत है। सामाजिक सद्भाव, सांस्कृतिक परंपरा और विरासत को सुरक्षित और विकसित करने का संकल्प लेने की जरूरत है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## सड़क हादसों में मदद करने वालों को मिलेंगे दो हजार रुपए : मेघा भारद्वाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई. बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, हिट एंड रन मामले समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया. उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा समिति, नगर निकाय और थाना से संयुक्त टीम बनाकर बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों का नियमित सघन जांच करना सुनिश्चित करें. प्रेशर हॉर्न पर नियमित कार्रवाई करें. उपायुक्त ने सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्ति की समय पर इलाज के लिए सदर



अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर को विकसित करने का निर्देश दिए. जवाहर घाटी से लेकर मेघातरी तक एंबुलेंस से 1033/108 का साइन बोर्ड जगह-जगह लगाने की बात कही. हिट एंड रन से संबंधित मामलों का निस्तारण करते हुए राशि भुगतान करने को कहा गया. ब्लैक स्पॉट से संबंधित कार्यो के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना जरूरी है, इसके लिए नियमित रूप से सड़क सुरक्षा अभियान विद्यालय /महाविद्यालय, सभी थाना एवं सार्वजनिक स्थलों पर चलाएं. घायलों को मदद करने के लिए जगह जगह पर गुड़ सेमेरिटन को पोस्टर लगायें.

## झापा युवा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन, समिति गठित

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत नगर भवन कोलेबिरा में झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष विभव संदेश एक्का के अध्यक्षता में युवा कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया।सम्मेलन में कोलेबिरा प्रखंड में युवाओं के लिए समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष जोहान केरकेट्टा, कार्यकारी अध्यक्ष बलराम सिंह, वरिष्ठ अध्यक्ष एडविन बा:सचिव गुलशन महतो, उपाध्यक्ष सरवर खान, महेश सिंह, काशिफ हसन, गणेश केरकेट्टा, पवन विश्वकर्मा, संजीत नायक, सहसचिव बलराम सिंह, पवन मिंज, अनमोल टोपनो, अशोक नायक, डेविड बागे आदि को चुना गया। वहीं जिला कमेटी के लिए राहुल कुमार को सह सचिव एवं दिवाकर दास को जिला उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया।युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि आज पूरे देश की युवा के सामने सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है।युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे एवं रोजगार के तलाश में अपना समय गवा रहे है।

### कुम्हारटोली में लगा नया ट्रांसफार्मर

**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं के प्रयास से शनिवार को सदर प्रखंड अंतर्गत बंगारू के खूंटीटोली कुम्हारटोली बस्ती में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा जिसका उद्घाटन झामुमो नेताओं के द्वारा रिबन काटकर किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि एक महीना से यहां पर ट्रांसफार्मर जल जाने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था इसके अलावा बच्चों को पठन-पाठन में भी काफी दिक्कत हो रही थी जिसकी जानकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव सफीक खान को दी गई मामले की जानकारी मिलने पर

## कोडरमा में मना गुरु नानक देव का 555वां प्रकाशोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में गुरु नानक देव का 555वां प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई. कार्यक्रम की शुरूआत में पंच प्यारे, अभिभावक और समस्त विद्यालय परिवार ने नगर भ्रमण किया. हर साल कार्तिक माह की पूर्णिमा तिथि को गुरु नानक देव की जयंती मनाई जाती है. इस दिन गुरुद्वारे में भजन और शबद कीर्तन का आयोजन होता है. लोग गुरुद्वारा जाकर मत्था टेकते हैं. कार्यक्रम में गुरु नानक देव की जयंती के उपलक्ष्य पर बच्चों ने शबद गायन, कविता आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए. कार्यक्रम को आकर्षित बनाने के लिए राजवीर सलूजा, करमन सिंह, हरजोत सिंह भाटिया, इसप्रीत सिंह, हरमन सिंह पंच प्यारे बने. मौके पर विद्यालय की प्राचार्या नीरजा ने बताया कि गुरूनानक देव जी का जन्म रावी नदी के किनारे तलवंडी नामक गांव में कार्तिक पूर्णिमा के दिन ब्राह्मण कुल में हुआ था.

### जलडेगा में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## लाभुकों के बीच हुआ परिसंपत्तियों का वितरण




**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के कोनमेरला पंचायत में शनिवार को आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख जुसाफ लुगुन, जिला परिषद सदस्य शांता रोजालिया कंडुलना, रावेल लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो, बीडीओ पंकज कुमार, सीओ मधुश्री मिश्रा, पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा, कृषि पदाधिकारी बृज बिहारी प्रसाद, बीपीओ संजीता कुमारी, बीईओ अरुण पाण्डे, एसआई बिरेंद्र शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी विभागों का स्टॉल लगाया गया था। जिसमे लोग अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दे रहे थे। कुछ मामलों का कार्यक्रम स्थल पर ही निदान किया गया। जबकि कुछ आवेदनों को जांच के बाद निष्पादित किए जाने की बात कही गई। ग्रामीणों ने दाखिल खारिज, अबुआ आवास, पेंशन, जाति, आवासीय, जॉब कार्ड आदि के संबंधित आवेदन दिया। शिविर में जॉब कार्ड, कम्बल, जेएसएलपीएस के तहत महिलाओं को आईडी कार्ड, शिक्षा विभाग द्वारा सायकिल का चेक, धोती साड़ी, कंबल का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होने विशेषकर आवास विहिनों के लिए शुरू की गई अबुआ आवास योजना को लेकर बताया कि राज्य सरकार वैसे सभी व्यक्ति जिनके पास पक्का मकान नहीं है उनके लिए यह योजना लेकर आई है। उसी प्रकार 10वीं और 12 वीं उत्तीर्ण छात्र जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए अपना आवेदन पंचायत स्तरीय शिविरों में जमा कर सकते हैं। सीओ ने कहा कि स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना, छात्राओं के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हड़िया दारू बेचने के कार्य को छोड़कर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए फुलो झानो आशीर्वाद योजना जैसी कई महत्वपूर्ण योजनायें हैं जिनका लाभ लेने के लिए ग्रामीण शिविर में आवेदन करें।

### परंपरा — सिकरियाटांड़ में इंद मेले का आयोजन

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे दर्शक

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड।** प्रखंड के सिकरियाटांड में बीती रात इंद मेला का आयोजन हुआ इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा एवं विशिष्ट अतिथि पाकरटांड सांसद प्रतिनिधि दीपनारायण दास उपस्थित थे। सर्वप्रथम पहान जयंत कुमार बेसरा के द्वारा विधिवत इंद्र देव की पूजा की गई एवं अच्छी बारिश के लिए इन्द्र देव को याद कर धन्यवाद दिया गया। पूजा के उपरांत मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



मुख्य अतिथि श्रद्धानंद बेसरा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोग किसान हैं और हमारी खेती बाड़ी करना मुख्य पेशा है,हमारे पुरखों के द्वारा सदियों से अच्छी बारिश के लिए भगवान इन्द्र देव की पूजा अर्चना करते आ रहें हैं एवं उसके उपलक्ष्य में इसी कार्तिक महीने में इंद मेला का आयोजन कर गाना बजाना एवं रिझरंग करके हर्सोल्लास साथ अपनी जिंदगी में जोश उमंग भरने का काम करते हैं। ताकि ज़िन्दगी में एक नई आशा का संचार होता रहे नाच गान झारखंड की संस्कृति गीत संगीत के माध्यम से झारखंड के संस्कृति को बचाने की जरूरत है इसके लिए युवा वर्ग आगे आएं। इस मौके पर कलाकार चंदन दास, सहदेव बड़ाईक, सखी यादव, बिन्देश्वरी देवी, सरिता देवी, प्रीति मेहर, सुभाष महतो ने एक से बढ़कर एक ठेठ नागपुरिया एवं आधुनिक गाना प्रस्तुत करके रात भर दर्शकों को झुमने पर मजबुर कर दिया। मौके पर अध्यक्ष बलदेव प्रधान उपाध्यक्ष अमर कुमार सिंह ,सचिव विशु सिंह ,संगठन सचिव रंजीत बड़ाईक, दीपक बड़ाईक, सूरजन इंदवार, कमल प्रधान, कोषाध्यक्ष रूपेश नायक मंच संचालक मनोज बड़ाईक, जयलाल बड़ाईक संरक्षक श्याम बड़ाईक अमर बड़ाईक चमरा लोहरा, राधेश्याम प्रसाद, करनजीत सिंह, लालचंद नायक, पुरन बड़ाईक, रविन्द्र सिंह राम सिंह बरजु मांझी,भीम महतो, फुल चंद महतो, मोहन प्रधान, जगजीत नायक, आनंद नायक, गिरधारी बड़ाईक , गोविंद साहू, एवं सुरक्षा हेतु समस्त बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### सांप्रदायिक सद्भाव पर रैली एवं नुक्कड़ सभा

पाकुड़। डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शुक्रवार को सांप्रदायिक सद्भाव पर रैली एवं नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान के आलोक में 19 से 25 नवंबर तक सांप्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह मनाने के क्रम में विद्यालय के बच्चों ने प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। साथ ही लोगों को सांप्रदायिक एकता और धर्म के प्रति एक देश एक नेक बनाने की अपील की। इसी क्रम में शुक्रवार को बच्चों ने टीम बनाकर ईलामी गांव का दौरा कर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। बच्चे इस सभा में विभिन्न प्रदेशों के पारंपरिक पोशाक पहनकर लोगों से जात-पात का बंधन तोड़ो भारत जोड़ो का नारा लगाया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रार्थना सभा में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

### भाजपा की बाइक रैली में शामिल हुए बाबूलाल मरांडी

**साहिबगंज।** सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को भाजपा की बाइक रैली में शामिल हुए। रैली के शुभारंभ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने अमर शहीद सिदो, कान्हो, चांद-भैरव आदि महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद बाइक रैली को मौके से रवाना किया। मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

### उप स्वास्थ्य केंद्र तक सड़क नहीं, मरीजों को होती है परेशानी

**बसंतराय।** बसंतराय प्रखंड क्षेत्र के सनौर गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है। लेकिन क्षेत्र के लोगों को उप स्वास्थ्य केंद्र का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है, कि उपस्वास्थ्य केंद्र का भवन तो बनाया गया लेकिन यहां मरीज, डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी के लिए आने-जाने के लिए मुख्य सड़क से केंद्र तक रास्ता नहीं है। मुख्य सड़क से उप स्वास्थ्य केंद्र करीब चार से 5 फीट नीचे है। जिससे गर्भवती महिलाओं से लेकर साधारण मरीजों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ता है। भवन बनाने से लगभग दस वर्ष हो गया, लेकिन गांव में रहने वाले लोग को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हो रहे हैं।

### महिला कबड्डी प्रतियोगिता आज

**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवंबर को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के मैदान में प्रातः 9:00 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में गढ़वा जिला के सभी प्रखंडों की टीमें भाग लेंगी। साथ ही 17वीं सीनियर महिला राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये टीम का चयन भी किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुये गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये गढ़वा जिला कबड्डी संघ के कोच अनंजय सिंह के मोबाइल नंबर 7903263310 पर संपर्क कर सकते हैं।

हजारीबाग जिले में उत्पादित कोयले की चतरा की सड़कों से हो रही ढुलाई

# अधिकारी बने हैं मूकदर्शक, चतरा की सार्वजनिक सड़कें फिर से होंगी लाल

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा(चतरा)** जिले के टंडवा प्रखंड की लाइफलाइन व सार्वजनिक सड़क से निर्बाध कोयले की ट्रांसपोर्टिंग की जा रहा है, जिससे अमलोगों को धूल-कण व कोयले के उड़ते डस्ट से चलना मुश्किल हो गया है। कोयला लदे हाईवा वाहनों के लगातार परिचालन से सड़कें लाल हो रही हैं। बावजूद जिले के संबंधित अधिकारियों की आंख नहीं खुलती हैं। पिछले कई महीने से हजारीबाग जिले के चट्टी बरियातू कोल माइंस से उत्पादित कोयला टंडवा-सिमरिया भाया चतरा होते हुए कटकमसाड़ी रेलवे साइडिंग, टंडवा से सीएचपी पिपरवार एवं एनटीपीसी प्लांट पहुंचाया जा रहा है। इस कार्य में पीएनबी, एके लोजेस्टिक, जय अम्बे, आरकेटीसी ट्रांसपोर्ट कंपनी समेत अन्य शामिल हैं। इन ट्रांसपोर्ट कंपनियों द्वारा सार्वजनिक सड़कों से ट्रांसपोर्टिंग किए जाने से जिले की हर पब्लिक सड़क दुर्घटना जोन बन गई है। प्रतिदिन कोयला वाहनों से दुर्घटनाएं घट रही हैं और सड़के लाल हो रही हैं। इससे होने वाली दुर्घटनाओं से सैकड़ों महिलाएं असमय विधवा तो बच्चे अनाथ हुए हैं। सैकड़ों वृद्ध मां-बाप बेटे का गम नहीं भुला पा रहे हैं। उक्त सड़कों पर जहां मगध आम्रपाली, पिपरवार, पूणाडीह कोल परियोजनाओं का बोझ सहन नहीं कर पा रहा है। इसके बावजूद हजारीबाग जिले के चट्टी बरियातू कोल माइंस से उत्पादित कोयले की निर्बाध ढुलाई हो रही है। इस मामले में चतरा उपायुक्त अबू इमरान ने पूछे जाने पर बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। इसकी जांच कर ग्रामीणों के हित में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पब्लिक सड़क से कोयला ढुलाई पर लगाम लगाई जाएगी।

### सिमरिया विधायक सरकार के समक्ष उठा चुके हैं मामला

जिले के पब्लिक सड़क से कोयला ढुलाई किए जाने पर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास विरोध जता चुके हैं। विधायक राज्यपाल, सीसीएल अधिकारियों व सरकार को लिखित पत्राचार कर कोयला ढुलाई पर रोक लगाने की मांग की है। विधायक ने कहा कि सीसीएल कोयला ढुलाई के लिए अपना वैकल्पिक मार्ग बनाएं। सार्वजनिक सड़क से कोयल वाहनों के परिचालन के कारण क्षेत्र के मासूम लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

### आखिर सांसद चुप क्यों?

सार्वजनिक सड़क से कोयला ढुलाई व कोयला वाहनों के परिचालन से सैकड़ों निर्दोष लोग मारे गए फिर भी सांसद के कानों में जू नहीं रेंगी है। मगध-आम्रपाली से चलने वाले कोल वाहनों से लगभग 700 निर्दोषों की जान चली गई। बावजूद चतरा सांसद बेफिक्र सोए रहे। वे किसी पीड़ित परिवार को देखने तक नहीं गए, न ही सीसीएल के विरुद्ध मुंह खोला है।

### 20 गांवों में नियमित टीकाकरण शिविर का आयोजन

**जामताड़ा/ मुरलीपहाड़ी।** स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर शनिवार को नारायणपुर प्रखंड के 20 गांवों में नियमित टीकाकरण शिविर लगाया गया। जिसमें इस टीकाकरण शिविर में सीएचसी नारायणपुर की एएनएम ने नारायणपुर प्रखंड के पंदनी, चिरूडीह, बोरवा, जगवाडीह, चंपापुर, राजाभीठा, पतियोरडीह, मिरगा, लक्ष्मीपुर, बनखंजो, कमलपुरा, सब्जाकनाली सहित कई अन्य गांव में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीका दिया। एएनएम ने शिविर में ओपीभी, रोटा, पेन्टा, एमआर, डीपीडी बूस्टर आदि का टीका दिया।इसके पश्चात एएनएम ने गांव की महिलाओं को परिवार नियोजन की विधि अपनाने को लेकर उन्हें जागरुक कर परिवार नियोजन के अस्थाई उपाय अपनाने वाले लाभुकों के बीच परिवार नियोजन कीट का वितरण किया तथा कई महिलाओं को अंतरा का इंजेक्शन दिया।मौके पर रिंकू कुमारी, सुषमा टुडू, बसंती मुर्मू, इंदू कुमारी, नीलम कुमारी, जोसफीना टुडू, सरोदी हेंब्रम, नंदनी कुमारी, शकुंतला शर्मा, मनीषा मरांडी आदि एएनएम मौजूद थे।

## पूर्व आइपीएस ने विश्व हिंदू कांग्रेस में रखे विचार




रांची। झारखंड की पूर्व आईपीएस, प्रसिद्ध लेखिका, समाज सेविका एवं राष्ट्रीय संवाद में मुखर भूमिका निभाने वाली हमारी माँ निर्मल कौर को 24 से 26 नवंबर तक बैंकॉक में आयोजित तृतीय विश्व हिंदू कांग्रेस में अपने विचार रखने हेतु आमंत्रित किया गया है। आज उन्होंने हिन्दू महिलाओं के योगदान एवं कर्तव्यों के विषय पर सम्मलेन को संबोधित किया। ₹जयस्य आयतनम धर्मः₹ के सनातन संदेश पर आधारित इस बहुआयामी कांग्रेस में विश्व भर से 2500 प्रतिनिधि, धार्मिक विद्वान एवं भारतीय संस्कृति के प्रमुख प्रणेता भाग ले रहे हैं।

### ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति का पैरा टूटा

**पाकुड़/ महेशपुर :** प्रखंड मुख्यालय के अंबेदकर चौक के समीप शुक्रवार देर शाम ट्रक के चपेट में आने से पथरिया गांव निवासी साहेबजन सोरेन 35 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना में साहेबजन सोरेन का दोनों पैर फ्रैक्चर हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाने के एएसआई शिवशंकर भगत पुलिस वालों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जख्मी व्यक्ति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

सिल्ली में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## जरुरी फार्म उपलब्ध नहीं बाहर से खरीदना पड़ा फार्म

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गया। विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक बीडीओ रेणु बाला, मुखिया भरत मुंडा एवं पंसस नीतू देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया किया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने कहा कि सरकार के सभी विभागो की ओर से स्टॉल लगाकर आम लोगों को जागरूक किये जाने का लाभ आम लोगों को मिल रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि जिनका भी नाम आवास की सूची में नहीं है उनसे अबुआ आवास योजना में नाम सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान विभागों के स्टाल लगाकर लोगों को सरकार की ओर से चलाए जा रहे जनहित के योजनाओं की जानकारी दी गई। कई विभागों के स्टाल पर आवेदन लेकर आन दी स्पॉट मामले निपटाए गए। आयोजन स्थल से मिली जानकारी के मुताबिक मनरेगा के स्टाल पर 37 जॉब कार्ड निर्गत किए गए। स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर भी 80 लोगों की बीपी शुगर समेत अन्य रोगों की जांच की गई। अबुआ आवास के 180 लोगों के आवेदन लिए गए । अलावे खाद्य आपूर्ति विभाग में 23, बिजली विभाग में 2 मामले आए, कृषी विभाग में कृषी ऋण हेतु 5 आवेदन लिए गए। 15 लोगों को पेंशन स्वीकृति दी गई। वहीं उज्वला योजना में 25 आवेदन लिए गए। इस दौरान बीडीओ एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा 15 लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया।

### ‘सामूहिक विवाह में 151 कन्याओं की होगी शादी’

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी की ओर से 6 दिसंबर को आयोजित 151 कन्याओं की सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर पर है। समिति के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि आगामी 6 दिसंबर को टाउन हॉल के मैदान से सामूहिक रूप से बारात निकाली जाएगी। बारात रंका मोड़ होते हुए गढ़देवी मंदिर पहुंचेगी। उसके बाद मझिआंव मोड़, सोनपुरवा मोहल्ला होते हुए स्टूडेंट क्लब छठ घाट के पास सामूहिक विवाह मंडप में पहुंचेगी। विकास ने बताया कि बेटियों की डोली उत्सर्व गार्डन से निकाली जाएगी। उत्सर्व गार्डन से निकलकर रंका मोड़ होते हुए स्टूडेंट क्लब के पास विवाह मंडल में पहुंचेगी। माली ने कहा कि वर्ष 2010 में 21 बेटियों की सामूहिक विवाह बिहार राज्य के गया जिला में कराने का कार्य किया था। वर्ष 2010 से अब तक 13 हजार से अधिक बेटियों की सामूहिक विवाह कराने का कार्य कर चुके हैं।

# तेज राफ्तार वाहन ने पांच को रौंद डाला, एक की मौत

### पांच दोस्त परिचित के घर तिलक समारोह में भाग लेने पैदल जा रहे थे

**नवीन मेल संवाददाता। रमना** एनएच-75 पर मवि सिलीदाग-एक के नजदीक पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत इलाज के क्रम में हो गयी है, जबकि चार युवक घायल हो गये हैं। घटना शुक्रवार की रात लगभग 8:00 बजे की है।

जानकारी अनुसार पांच दोस्त अपने परिचित के घर तिलक समारोह में भाग लेने एक साथ सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इसी बीच पीछे से एक तेज रफ्तार पिकअप वैन सभी को रौंदते हुए आगे निकल गयी। इस दौरान पिकअप की चपेट में आने से



जख्मी होकर सभी लोग सड़क पर कराहने लगे। तिलक समारोह में भाग लेने आये अन्य लोगो की मदद से सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सभी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल मझिगवां गांव निवासी विष्णुदेव मेहता के 19 वर्षीय पुत्र विकास कुमार मेहता की मृत्यु हो गयी, जबकि इसी गांव के सतीश मेहता के पुत्र शुभम मेहता, रविंद्र उर्फ लड्डू मेहता के पुत्र अभिषेक मेहता, अनिल मेहता के पुत्र आर्यन मेहता एवं रामख्याल मेहता के दामाद सोनू मेहता का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। उक्त चारों युवकों की स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। मृतक विकास का अंत्यपरीक्षण बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। घटना के बाद पकड़े जाने के भय से चालक कुछ दूर पर वाहन खड़ा कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। इधर उक्त स्थल पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटना से लोग दहशत में हैं। लगातार हो रही सड़क हादसे को देखते हुए मुखिया स्वीटी वर्मा ने मिडिल स्कूल, उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत भवन के समीप मुख्य सड़क पर स्थायी ब्रेकर बनवाने की मांग जिला प्रशासन से की है। स्थल पर सड़क सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस की ओर से अस्थायी ब्रेकर की व्यवस्था कर दी गयी है।

## योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ लाभुकों को मिले यह सुनिश्चित करें अधिकारी: डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को मुरहू प्रखंड की इंदीपीड़ी पंचायत में आयोजित शिविर का उद्घाटन उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर ग्रामीणों की समस्याओं एवं योजनाओं से लाभ संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही आवेदन का आन दी स्पॉट निष्पादन करने का यथासंभव



प्रयास किया गया।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ योग्य लोगों को प्राप्त हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि शिविर में आकर अपनी शिकायतें व समस्याओं से संबंधित आवेदन दें, यथासंभव आन दी स्पॉट निराकरण किया जाएगा। उपायुक्त ने लोगों से आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में आकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इससे पूर्व उपायुक्त ने शिविर में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण किया।

### ‘लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन सुनिश्चित करें’

**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार अधिवक्ताओं, मध्यस्थकर्ताओं, एलएडीसी, स्थायी लोक अदालत और कंज्युमर फोरम के पदाधिकारियों साथ 9 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखिल कुमार ने कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम में सभी प्रकार के दीवानी मामले, सुलहनीय अपराधिक मामले, बैंक सर्टिफिकेट केस, वैवाहिक पारिवारिक मामले, श्रम संबंधित मामले, भू-अधिग्रहण संबंधित मामले, राजस्व संबंधित मामले, वाहन दुर्घटना, बिजली विभाग से संबंधित मामले, वन विभाग से संबंधित मामले, माप तौल विभाग से संबंधित मामले, चेक बाउंस इत्यादी से संबंधित मामले, विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले, उत्पाद विभाग के मामले एवं अंतिम प्रपत्र से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

### खूंटी में लोक अदालत सह मध्यस्थता शिविर में 15 मामलों का निष्पादन, 3.77 लाख रु का सेटलमेंट

**खूंटी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय खूंटी में लोक अदालत सह मध्यस्थता विषय पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यकम को संबोधित करते हुए डालसा अध्यक्ष ने कहा कि सभी सुलहनीय एवं दीवानी मामले जो न्यायालय में लंबित हैं, उसे सुलह के वास्ते न्यायालय द्वारा पहले मध्यस्थता केन्द्र में भेजा जाता है। उन्होंने संबंधित अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों से इसमें सहयोग करने और इसका लाभ उठाने की बात कही। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए कुल चार बैंचों का गठन किया गया। इसमें दिवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले, एनआइ एक्ट के मामले और बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किए गए।

## झारखण्ड टूरिज्म स्टाल पर लोगों ने ली ‘सिटी ऑफ फॉल्स’ की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ नई दिल्ली** प्रकृति के गर्भ में बसे प्रदेश झारखंड में अनेक प्राकृतिक स्थल हैं। झारखंड को प्रकृति ने प्रचुर जैव-विविधता, सुखद जलवायु, समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक स्थलों और सदियों पुरानी आदिवासी कलाओं से नवाजा है। जो राज्य को पर्यटकों के लिए गंतव्य बनाता है। झारखण्ड के आकर्षणों की बात करें तो डिमना झील, टाटा स्टील जूलॉग सेंटर, हुडको झील, शानदार जंगल, विविध वन्य जीवन, आकर्षक झरने, उत्तम हस्तशिल्प, साहसिक खेल, शानदार झील, करामाती शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य और सबसे बढ़कर, मेहमान नवाजी और शांतिप्रिय लोगों के साथ एक मनोरम गंतव्य है। दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे व्यापार मेले में इन्ही सब की विस्तृत जानकारी देने के लिए झारखण्ड पर्यटन ने झारखण्ड पवेलियन में स्टाल लगाई है जिस पर लोगो की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। पर्यटन के स्टॉल पर झारखंड के पर्यटन स्थलों का वर्चुअल टूर और बनाए गए बाबा वैद्यनाथ धाम का प्रारूप लोगो को बहुत पसंद आ रहा है। झारखण्ड टूरिज्म डेवलपमेंट कारपोरेशन की मैनेजर ने झारखण्ड में टूरिज्म पर जानकारी देते हुए बताया कि झारखण्ड की राजधानी रांची को ‘सिटी ऑफ फॉल्स’ के नाम से भी जाना जाता है। जहां पर 4 बड़े और 5 छोटे आकार के जल प्रपात है। जिसमे हुंडरू जल प्रपात की अधिकतम ऊंचाई 98 मीटर तक और दशम जलप्रपात में 10 अलग अलग धाराएँ मिल कर उसे और भी ज्यादा खूबसूरत बनाती हैं। झारखण्ड प्रदेश अपनी धार्मिक स्थलों जैसे पार्श्वनाथ मंदिर, मां भद्रकाली मंदिर, मलूटी मंदिर, पारसनाथ मंदिर, रजरप्पा मंदिर और देवघर के लिए पसंद किया जाता है। पर्यटक यहां नेतरहाट में मनमोहक सूर्योदय और सूर्यास्त देखने के लिए आते हैं।

### हाई कोर्ट के अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी, एफआईआर दर्ज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी देने के मामले में शनिवार को लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव ने पंडरा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधियों ने अधिवक्ता शाहदेव की जीप रोकर उन्हें रिवाल्वर दिखाते हुए हाई कोर्ट से केस हटा लेने की धमकी दी, ऐसा नहीं करने पर उन्हें और उनके परिवार वालों को दुनिया से विदा करने की धमकी दी है। अधिवक्ता अपने नोबा नगर स्थित कार्यालय में कुछ निर्माण कार्य करा रहे थे। जहां से काम खत्म करा कर वह अपने रातू रोड स्थित घर लौट रहे थे। इसी दौरान बनहोरा स्थित पानी टंकी के पास दो अपराधियों ने रोक कर उन्हें जान से मारने की कोशिश की। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है।

**बैठक** नप के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा, कहा -शहर में चलाएं सफाई अभियान

# सभी दुकानदारों का ट्रेड लाइसेंस बनवाना करें सुनिश्चित

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** गोपनीय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने नगर परिषद के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के आबादी सर्वे, हाउस होल्ड सर्वे, जो कार्य आपूर्ण एवं लंबित है उसकी समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। हाउस होल्ड सर्वे को लेकर कहा जल्द से जल्द अपने स्तर से सर्वे व आबादी का सर्वे कार्य करा लें। साथ ही कहा नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जो कार्रवाई पूर्व में की गई थी उसकी लगातार मॉनिटरिंग करते रहें। अगर किसी के द्वारा फिर से अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है तो उसे चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करें। आगे उन्होंने कहा कि जो फुटपाथ पर सब्जी या अन्य सामग्री बेच रहे हैं, उन्हें जल्द से जल्द




जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के समीप बन कर तैयार नव निर्मित वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराएं। साथ ही स्वच्छता को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई लगातार कराएं। ट्रेड लाइसेंस को लेकर नगर परिषद पदाधिकारी विनीता कुमारी को निर्देशित किया कि व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए दुकानदारों का ट्रेड लाइसेंस 31 दिसंबर तक बनवाना सुनिश्चित करें। उक्त बैठक में नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, कनीय अभियंता, कम्प्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में बैठक आयोजित

**रंका (गढ़वा)।** जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में प्राइमरी टीचर ट्रेनिंग कालेज के सभागार में अनुमंडल स्तरीय बैठक का आयोजन सुमन उरांव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक का शुभारंभ पलामू प्रमंडल के प्रथम सांसद स्व. जेठन सिंह खरवार तथा स्वर्गीय फेटल सिंह खरवार की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। रामजी ने कहा कि आदिवासी दिवस के नाम पर जनजाति को तोड़ने का कुचक्र रचा जा रहा है जिससे बचने की जरूरत है। पूर्व मंत्री गिरनाथ सिंह ने कहा कि जनजाति समाज को शिक्षित कर सनातन धर्म को जिंदा रखा जा सकता है। मौके पर डॉक्टर गौरी शंकर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिंह, भागीरथी सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनील माली, महावीर ठाकुर, मथुरा सिंह, नंदकुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार, विवेक कुमार चौधरी, बाबुल, रोहिणी रमन सिंह आदि उपस्थित थे।

## गांव से प्रदेश स्तर तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन जरूरी : कर्मवीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच को सार्थक बनाने के लिए गांव से लेकर प्रदेश स्तर तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को चिन्हित एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए ही प्रदेश किसान मोर्चा द्वारा 26 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कर्मवीर सिंह शनिवार को भाजपा कार्यालय सभागार में आयोजित भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि शहरों के साथ गांव में रहने वाले युवाओं का भी सर्वांगीण विकास हो। उन्हें भी बराबर का मौका मिले। इसके लिए हम संगठन के माध्यम से भी इस प्रकार के प्रयास कर रहे हैं। बैठक में मोर्चा द्वारा प्रदेश स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित करने पर चर्चा की गई एवं इसके भव्य एवं सफल आयोजन के लिए कार्यकताओं की जिम्मेवारी तय की गई। साथ ही रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में बूथ स्तर पर सबको अपनी भागीदारी का बोध कराया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अमरनाथ चौधरी, राजेश सिंह, मनमीत अकेला, राजेश कुशवाहा, प्रभात सिंह, अजय मुंडा, अजय दूबे, वैभव सिंह, मुकेश सिंह, विशाल साहु, सुरेंद्रनाथ मंडल,सफदर अली, बिनोद ठाकुर, बिंटू लाल शाहदेव सहित सभी पदाधिकारी, मोर्चा के सभी जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी उपस्थित थे।

## एक नजर इधर भी

# भारत का संविधान व राजधर्म

**संविधान** भारत का राजधर्म है। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 के दिन संविधान पारित किया था। भारत के लिए यह तिथि चिर स्मरणीय है। संविधान जन गण मन का भाग्य विधाता है। संविधान में विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका प्रतिष्ठित संस्थाएं हैं। संविधान में विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, विधि के समक्ष समता सहित सभी मौलिक अधिकार हैं। संविधान में भारतीय संस्कृति को भी महत्वपूर्ण स्थान मिला है। संविधान की हस्तलिखित प्रति में राम, कृष्ण, हड़प्पा काल की मोहरों व वैदिक काल के गुरुकुल आश्रम के चित्र हैं। श्रीराम का लंका विजय व श्रीकृष्ण अर्जुन के सुन्दर चित्र भी हैं। बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक, गुप्तकाल, शिवा जी, गुरु गोविन्द सिंह आदि सभी के चित्र आकर्षित करते हैं। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने अपने आखिरी भाषण में कहा कि, 'संविधान उपबंध करे या न करे, राष्ट्र कल्याण उन व्यक्तियों पर निर्भर करेगा जो देश पर शासन करेंगे।' डॉ. आम्बेडकर ने अंतिम भाषण दिया और कहा कि, 'एक समय था जब भारत गणराज्यों से सुसज्जित था। भारत संसदीय प्रक्रिया से भी अपरिचित नहीं था।' संविधान सभा में राष्ट्रजीवन की सभी समस्याओं पर चर्चा हुई थी। जम्मू कश्मीर विषयक अनुच्छेद 370 संविधान का अस्थाई उपबंध बना। जम्मू कश्मीर विशेष उपबंध की व्यवस्था ठीक नहीं थी। इस व्यवस्था का खात्मा नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 2019 में किया। भारतीय संविधान की रचना में देश के चोटी के विद्वानों ने हिस्सा लिया था। सभी विषयों पर जमकर चर्चा हुई थी। अल्पसंख्यक अधिकार समिति के सभापति सरदार पटेल ने अपनी सिफारिशें सभा में रखी थीं। यह हिस्सा ऐतिहासिक महत्व का है। यों तो संविधान सभा की पूरी बहस रोमांचकारी है। लेकिन बहस का एक मजेदार किस्सा संविधान में 'ईश्वर' को शामिल करने का है। राष्ट्रपति की शपथ के प्रारूप मसौदे में 'ईश्वर' का उल्लेख नहीं था। एचवी कामत ने ईश्वर को जोड़ने का संशोधन प्रस्ताव रखा, 'मेरे मन में भावना उठी कि इसमें कुछ कमी है। ईश्वर को विधान में स्थान मिलना चाहिए। मेरी धारणा थी कि प्रस्तावना का ही आरम्भ ईश्वर की स्तुति से होना चाहिए था। कदाचित यह ईश्वर की इच्छा थी कि विधान उसके नाम से वंचित होना चाहिए।' कामत ने कहा, 'हम भगवान को जितना दूर हटाते हैं, उतना ही वह हमारा पीछा करता है।' महावीर त्यागी ने ईश्वर के नाम पर या निश्चयपूर्वक सत्यनिष्ठा से शपथ लेने का संशोधन रखा। उन्होंने कहा 'इसका अर्थ यह होगा कि जो भगवान में विश्वास करते हैं वे उसके नाम में शपथ लेंगे और जो इस मत के हैं कि ईश्वर के विषय में न कुछ जाना जा सका है और न जाना जा सकता है उन नास्तिकों को केवल गम्भीरतापूर्वक निश्चयोक्ति करने की स्वतंत्रता होगी।' यह बहस भारत के इतिहास का अंग है। त्यागी ने कहा, 'ब्रिटिश संसद भी प्रार्थना से शुरू होती है। उनकी व्यवस्था साम्प्रदायिक राज्य नहीं है।' काजी करीमुद्दीन ने कहा, 'मैं बहुत प्रसन्न हूं कि उन्होंने ईश्वर के पक्ष में तर्क उपस्थित किये हैं कि ईश्वर को हमारे विधान से नहीं मिटाना चाहिए। मेरा निवेदन है कि यदि उनका संशोधन स्वीकार कर लिया जाये तो हम उन लोगों को अलग कर रहे होंगे जिन्हें ईश्वर में विश्वास नहीं है। इस देश में और अन्यत्र ऐसे बहुत से लोग है जिन्हें ईश्वर में विश्वास नहीं होता।' प्रो. केटी शाह ने कहा, 'ईश्वर का नाम रखने की प्रबल इच्छा के बावजूद मैं समझता हूं, हम अन्य लोगों की मूर्खताओं को दोहरा सकते हैं। मुझे भय है कि ईश्वर के नाम की केवल उपस्थिति मनुष्य की निर्बलता के विरुद्ध प्रतिभूति नहीं होगी।' धर्म और ईश्वर के नाम पर झगड़ों की चर्चा भी हुई। आरके सिंघवा ने कहा, मुझे ईश्वर के अस्तित्व तथा धर्म में भी दृढ़ विश्वास है। हम ईश्वर का आशीर्वाद मांगते हैं, केवल इसीलिये परमात्मा का नाम विधान में रखना उचित नहीं होगा।

■ हृदयनारायण दीक्षित

# उन्होंने आंखों के लाखों रोगियों को दिया उजाला

**जब** समाज में डॉक्टरों को लेकर तमाम तरह की नकारात्मक बातें होने लगी हैं, तब कुछ ऐसे भी डॉक्टर हैं जो अपने काम से सर्वप्रिय हो जाते हैं। उनका सब स्वतः ही सम्मान करने लगते हैं। शंकर नेत्रालय के संस्थापक डॉ.एस.एस. बद्रीनाथ भी उस तरह के डॉक्टर थे। उनकी वजह से आंखों के लाखों रोगियों के जीवन में खुशियां आ गईं थीं। उनके हाल ही में हुए निधन से देश ने एक इस तरह के डॉक्टर को खो दिया जिसने अमीर-गरीब रोगियों के बीच में कभी भी भेदभाव नहीं किया। उनकी निगरानी में चेन्नई में शंकर नेत्रालय शुरू हुआ और वह भारत के सबसे बड़े धर्मार्थ नेत्र अस्पतालों में से एक के तौर पर स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. बद्रीनाथ के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ठीक ही कहा कि आंखों की देखभाल में डॉ. बद्रीनाथ के योगदान और समाज के प्रति उनकी अथक सेवा ने एक अमिट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. बद्रीनाथ का काम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। आजकल बहुत से डॉक्टरों के रोगियों के साथ सही से इलाज न करने के समाचार सुनने को मिलते रहते हैं, तब डॉ. बद्रीनाथ जैसे डॉक्टर ही एक तरह से उम्मीद की किरण जगाते हैं। उनका हमारे बीच में होना सुकून देता था। वे नेत्र रोगियों के जीवन में आशा की किरण जगाते रहे। किसी भी रोगी के लिए अपने नेत्र चिकित्सक का चयन करना आसान नहीं होता। आखिरकार, रोगी अपनी बहुमूल्य दृष्टि की सुरक्षा के लिए और उसे आजीवन उत्तम स्थिति में बनाये रखने में किसी श्रेष्ठ डॉक्टर की तलाश में रहते हैं। उन्हें जब डॉ. ब्रदीनाथ जैसा सच्चा और ईमानदार डॉक्टर मिल जाता है तो उनकी परेशानी दूर हो जाती है। डॉ. बद्रीनाथ ने मद्रास मेडिकल कॉलेज से मेडिसिन की पढ़ाई की थी। उन्होंने 1963 और 1968 के बीच ग्रासलैंड हॉस्पिटल, न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी पोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल स्कूल और ब्रुकलिन आई एंड ईयर इन्फर्मरी में नेत्र विज्ञान में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की। अमेरिका में डॉ. बद्रीनाथ की मुलाकात डॉ. वासंती से हुई। एक साल बाद, उन्होंने 1970 तक डॉ. चार्ल्स एल शेपेंस के अधीन मैसाचुसेट्स आई एंड ईयर इन्फर्मरी, बोस्टन में काम करना शुरू किया और लगभग एक साथ रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स (कनाडा) के फेलो और नेत्र विज्ञान में अमेरिकन बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की। वे 1970 में अपने परिवार के साथ भारत आ गये। उन्होंने छह साल की अवधि तक स्वैच्छिक स्वास्थ्य सेवाओं, अड्यार में एक सलाहकार के रूप में काम किया। इसके बाद उन्होंने निजी प्रैक्टिस शुरू की। डॉ. बद्रीनाथ ने 1978 में मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की, जिसकी शंकर नेत्रालय अस्पताल इकाई, एक पंजीकृत सोसायटी और एक धर्मार्थ गैर-लाभकारी नेत्र रोग संगठन है। अगले 24 वर्ष में, उन्होंने और उनके सहयोगियों ने भारत में अंधेपन से निपटने के लिए एक सेना बनाने के लिए नेत्र रोग विशेषज्ञों और पैरामेडिकल कर्मियों को पढ़ाने और प्रशिक्षित करने के अलावा, किफायती लागत पर गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल की पेशकश की और अनुसंधान के माध्यम से नेत्र देखभाल समस्याओं के लिए स्थायी स्वदेशी समाधान की खोज जारी रखी। वर्षों तक अपने धर्मार्थ कार्यों के लिए, डॉ. बद्रीनाथ को भारत सरकार से पद्म श्री और पद्म भूषण का राष्ट्रीय सम्मान मिला । ड़ॉ. बद्रीनाथ को उनके रोगी और उनके संबंधी अपना भगवान मानते थे। आजकल डॉक्टरों के साथ मारपीट के मामले बढ़ते जा रहे हैं। रोगियों के करीबी बात-बात पर डॉक्टरों पर हाथ छोड़ने लगे हैं। पर डॉ. बद्रीनाथ का उनके रोगी और सहयोगी तहेदिल से सम्मान करते थे। बेशक, डॉक्टरों से हाथापाई करने वालों की हरकतों के कारण भ्रष्ट डाक्टरों के खिलाफ मुहिम कमजोर पड़ती है। रोगी और डॉक्टरों के संबंधों में मिठास घोलने की जरूरत है। इसकी पहल डॉक्टरों को ही करनी होगी। ग्राहक को भगवान का दर्जा दिया गया है। डॉक्टरों के लिए भी उनके मरीज ग्राहक रूपी भगवान हैं। मरीजों के लिए तो डॉक्टरों को पहले से ही भगवान का दर्जा प्राप्त है। लेकिन, उन्हें अपने व्यवहार में विनम्रता लाने की सख्त जरूरत है। वे भी रूखा व्यवहार और बदतमीजी नहीं कर सकते। उन्हें डॉ. बद्रीनाथ से प्रेरणा लेनी होगी। डॉ. बद्रीनाथ का जीवन किसी भी डॉक्टर के लिए एक उदाहरण बन सकता है। खैर, यह कहना तो सरासर गलत होगा कि सारे ही डॉक्टर खराब हो गये हैं या सभी पैसे के पीर ही हो गये हैं। अब भी बड़ी संख्या में डॉक्टर निष्ठा और लगन से अपने पेशे के साथ ईमानदारी पूर्वक न्याय कर रहे हैं। सुबह से देर रात तक कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हां, पर कुछ धूर्त डाक्टरों ने अपने पेशे के साथ न्याय तो नहीं ही किया है। भारत में मेडिसन के पेशे से जुड़े सभी लोगों को यह तो मानना ही पड़ेगा कि उनकी तरफ से देश में कोई बड़े अनुसंधान तो हो नहीं रहे, जिससे कि रोगियों का स्थायी भला हो। पर उन पर फार्मा कंपनियों से माल बटरोने से लेकर पैसा कमाने के दूसरे हथकंडे अपनाने के तमाम आरोप लगते ही रहते हैं। क्या ये सारे आरोप मिथ्या हैं? क्या फार्मा कम्पनियों से पैसे लेकर उनकी ही ब्रांडेड दवाइयां लिखने वाले डॉक्टरों के प्रति मरीजों और उनके सगे-सम्बन्धियों में कभी ऐसे डॉक्टरों के प्रति कभी भी सम्मान का भाव जागेगा? इस तरह के तमाम गंभीर आरोप डॉ. बद्रीनाथ पर तो नहीं लगते थे। नेत्र चिकित्सक डॉ. बद्रीनाथ की बात करते हुए यह कहना जरूरी है कि हरेक इंसान को अपनी आंखों का बहुत ध्यान देना चाहिए। इंसान के सबसे जरूरी अंगों में से एक है आंख। लेकिन हम इंसान आंखों का ही ख्याल नहीं रखते हैं। आंखों से जुड़ी सभी तरह की बीमारियों से बचने का सबसे आसान उपाय यह है कि पहले इस रोका जाय। इसके लिए सबसे पहले आपको आंखों में होने वाले इंफेक्शन से बचना होगा। जब भी आंख में दिक्कत शुरू हो तो वक्त रहते इसका इलाज करवायें।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. बद्रीनाथ के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ठीक ही कहा कि आंखों की देखभाल में डॉ. बद्रीनाथ के योगदान और समाज के प्रति उनकी अथक सेवा ने एक अमिट छाप छोड़ी है। आजकल बहुत से डॉक्टरों के रोगियों के साथ सही से इलाज न करने के समाचार सुनने को मिलते रहते हैं, तब डॉ. बद्रीनाथ जैसे डॉक्टर ही एक तरह से उम्मीद की किरण जगाते हैं।**

इन दिनों



आर.के.सिन्हा

# पूरी दुनियां में गूंजा, धन गुरु नानक सारा जग तारिया

## 27 नवंबर पर विशेष

**वैश्विक** स्तरपर पूरी दुनियां में सतगुरु नानक प्रगटिया, मिट्टी धुंध जग चानण होआ, नानक नाम चढ़दी कला तेरे भाने सरबत द भला के संदेश के साथ पूरे विश्व में स्थित सभी गुरुद्वारे सिख धर्म के पहले गुरु और संस्थापक श्री गुरुनानक देव जी महाराज का 554 वे प्रकाशोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन मौके पर सिख, सिंधी समुदाय के अलावा अन्य समुदाय के लोग भी माथा टेकने गुरुद्वारा पहुंच रहे है हालांकि प्रकाश पर्व को लेकर अनेक दिनों से चल रहे प्रभातफेरी उपरांत जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे लगाते हुए गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में हर नगर कीर्तन की तरह प्रभातफेरी निकाली गई है। नगर कीर्तन में शामिल सिखऔर सिंधी समाज की महिलाओं और पुरुष ने गुरुवाणी का गायन करते हुए नगर भ्रमण किया जा रहा है। सिखों के पहले पातशाह श्री गुरु नानक देव जी महाराज, जिनका नाम लेने मात्र से मानो आत्मिक शांति का अहसास होने लगता है। श्री गुरु नानक देव जी सिखों के ही नहीं, अपितु समस्त मानव जाति के लिए आदर्श हैं। उनकी शिक्षाएं, उनके विचार और उनके कर्म आज हर मनुष्य को प्रकाश के मार्ग पर ले जाते हैं। गुरु साहब ने अपना पूरा जीवन लोक भलाई के लिए समर्पित कर दिया। चूंकि दिनांक 27 नवंबर 2023 को हम वैश्विक स्तर पर बाबा गुरु नानक देवजी का प्रकाशोत्सव मना रहे हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पूरी दुनिया में गूंजा धन गुरु नानक सारा जग तारिया - पावन बेला से जग पवित्र हुआ। साथियों बात कर हम बाबा गुरु नानक देव के पावन जन्म की करें तो, बाबाजी का जन्म एक खत्रीकुल में रावी नदी के किनारे स्थित तलवंडी नामक गाँव (अभी पाकिस्तान में पंजाब प्रान्त में जिसका नाम आगे चलकर ननकाना पड़ गया) में कार्तिकी पूर्णिमा को हुआ था। कुछ विद्वान इनकी जन्मतिथि 15 अप्रैल, 1469 मानते हैं, किंतु प्रचलित तिथि कार्तिक पूर्णिमा ही है, जो अक्टूबर-नवंबर में दीवाली के 15 दिन बाद पड़ती है। उनके पिता का नाम मेहता कालू और माता का नाम तृप्ता देवी था, जबकि बहन बेबे नानकी थीं। गुरु साहिब बचपन से ही प्रखर बुद्धि के स्वामी थे। लड़कपन से वे सांसारिक मोहमाया के प्रति काफी उदासीन रहा करते थे। पढ़ने-लिखने में बिल्कुल भी रुचि नहीं थी, लेकिन उनका सारा समय आध्यात्मिक चिंतन और सत्संग में व्यतीत होता था। उनके बाल्यकाल में कई ऐसी चमत्कारी घटनाएं हुई, जिसके बाद लोग उन्हे दिव्य शख्सियत मानने लगे। साथियों बात अगर हम बाबा गुरु नानक देव के बाल्यापन से युवापन की करें तो, बाबाजी का मन पढ़ने में नही लगता था, हालाँकि वे तेज बुद्धि के थे। उन्होंने 7-8 साल की उम्र में ही स्कूल छोड़ दिया था। उनका ध्यान शुरूआत से ही आध्यात्म की तरफ था, तत्पश्चात सारा समय वे आध्यात्मिक चिंतन औरसत्संग में व्यतीत करने लगे। आगे चलकर इनका विवाह सोलह वर्ष की आयु में गुरदासपुर जिले में लाखौकी नामक स्थान की कन्या सुलक्खनी से हुआ था। 32 वर्ष की अवस्था में इनके प्रथम पुत्र श्रीचंद का जन्म हुआ था और चार वर्ष पश्चात दूसरे पुत्र लखमीदास का जन्म हुआ था। नानक का मन गृहस्थी में नही लगा इसलिए उन्होंने 1507 में अपने दोनों पुत्रों और पत्नी को अपने श्वसुर के घर छोड़ दिया और अपने चार साथियों रामदास, मरदाना, लहना, बाला के साथ तीर्थ यात्रा पर निकल पड़े। साथियों बात अगर हम बाबा गुरु नानक देव के दर्शन आधारशिला की करें तो, नानक देव जी के दर्शन की आधारशिला यह है कि वे सर्वेश्वरवादी थे। जिसका मतलब होता है कि ईश्वर सब जगह है अर्थात संसार के सभी तत्त्वों, पदार्थों और प्राणियों में ईश्वर विद्यमान है एवं ईश्वर ही सब कुछ है। नानक जी मूर्ती पूजा के विरोधी थे इसके अलावा उन्होंने हिंदू धर्म में फैली कुरीतिओं का सदैव विरोध किया था। उन्होंने एक परमात्मा की उपासना के मार्ग को बताया था, यही कारण है कि उनके विचारों को हिंदु और मुसलमान दोनों धर्मों के लोगों ने पसंद किया जाता है। संत साहित्य में नानक उन संतों की श्रेणी में हैं। हिंदी साहित्य में गुरुनानक भक्तिकाल के अतंर्गत आते हैं और वे भक्तिकाल में निर्गुण धारा की ज्ञानाश्रयी शाखा से संबंध रखते हैं। साथियों बात अगर हम सतगुरु नानक प्रगटिया मिटी धुंध की करें तो, सतगुरु नानक प्रगट्या, मिटी धुंध जग चानन होया, कलतारण गुरु नानक आया, ज्यों कर सूरज निकलया तारे छपे अंधेर पोलावा। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर यह शबद गुरुद्वारों में गूंजायमान हो रहे हैं।

**सिखों के पहले पातशाह श्री गुरु नानक देव जी महाराज, जिनका नाम लेने मात्र से मानो आत्मिक शांति का अहसास होने लगता है। श्री गुरु नानक देव जी सिखों के ही नहीं, अपितु समस्त मानव जाति के लिए आदर्श हैं। उनकी शिक्षाएं, उनके विचार और उनके कर्म आज हर मनुष्य को प्रकाश के मार्ग पर ले जाते हैं।**

■ किशन भावनानी गोंदिया

## है न विचित्र बात !

# भव्य अयोध्या, दिव्य अयोध्या

**पांच** सौ वर्ष के अथक संघर्ष के पश्चात अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्री रामलला के भव्य-दिव्य मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से सम्पूर्णता की दिशा में अग्रसर है। मंदिर के भूतल का लगभग 95 प्रतिशत का कार्य पूर्ण हो चुका है। अगले साल 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होना भी सुनिश्चित हो गया है। कुछ वर्ष पूर्व तक जो अयोध्या हिन्दुओं के संघर्ष की धरती थी। वह 22 जनवरी 2024 को सर्व संतोषकारिणी नगरी बनने जा रही है। लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम लला अपनी जन्मभूमि पर पधारेंगे। प्रत्येक सनातनी यह सोचकर हर्षित और प्रफुल्लित हो रहा है कि अयोध्या में श्रीरामलला के विराजमान हो जाने के बाद उनके सभी दुखों व चिंता का निवारण हो जायेगा। उत्तर प्रदेश ही नहीं संपूर्ण भारत में आनंद की बयार बह रही है और हो भी क्यों न, हम सबके श्रीराम अपने घर आ रहे हैं। यही कारण है कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार अयोध्या को अखिल विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। एक समय था जब रामभक्त अयोध्या दर्शन करने जाते अवश्य थे किंतु हनुमानगढ़ी और कनक भवन के दर्शनों तक सीमित रह जाते थे और बहुत कम श्रद्धालु श्री रामजन्मभूमि के दर्शन करने के लिए जाते थे, क्योंकि तम्बू में बैठे भगवान तक पहुंचना सरल नहीं था। किन्तु सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बाद परिवर्तन आया। और अब 22 जनवरी के बाद परिस्थितियां पूरी तरह से बदल जायेगी। रामभक्तों की प्रतीक्षा पूर्ण हो जायेगी। श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के पश्चात श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने की उम्मीद है। अयोध्या में उनके भव्य स्वागत, रहने -ठहरने व दिव्य दर्शन सुलभ करने के लिए व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं। अयोध्या व उसके आसपास के समस्त क्षेत्र को इस प्रकार से निर्मित किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को त्रेतायुग के समय का आभास हो। विगत कई वर्षों से अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रभु श्रीराम माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ उसी प्रकार पुष्पक विमान से उतरते हैं जिस प्रकार वह त्रेता युग में उतरे थे। अयोध्या को विश्व स्तर की धार्मिक नगरी के रूप में विकसित करने के लिए करीब तीन हजार करोड़ रुपये लागत की विभिन्न अवस्थापना परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के नाम पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है और संभावना व्यक्त की जा रही है कि दिसंबर में उड़ानें भी प्रारंभ हो जायेंगी। वंदेभारत ट्रेन लखनऊ से अयोध्या के बीच शुरू हो चुकी है। अयोध्या से रामेश्वरम तक सीधी रेलगाड़ी चलाई गई है। अयोध्या रेलवे स्टेशन को भव्य बनाया जा रहा है। पर्यटन विभाग अयोध्या को जोड़ने वाले सुल्तानपुर, बस्ती, गोंडा, अंबेडकरनगर और रायबरेली हाइवे पर बड़े द्वारों का निर्माण कर रहा है। अयोध्या व आसपास के जिलों व कस्बों में बड़ी संख्या में होटल बन रहे हैं। तीर्थयात्रियों को आकर्षित करने के लिए कई योजनाएंः तीर्थयात्री केवल अयोध्या मंदिर दर्शन तक ही सीमित न रह जाएं इसलिए तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर भी कार्य चल रहा है। पंचकोसी, चौदह कोसी तथा चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित धार्मिक स्थलों का भी सुंदरीकरण किया जा रहा है। सरयू नदी में विहार के साथ मंदिरों के दर्शन के लिए क्रूज सेवा और रोमांचक वाटर स्पोर्टस सेवा भी प्रारंभ हो गई है। साथ ही अभी कई और योजनाएं प्रारंभ होने वाली हैं। 2017 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ अपने प्रथम कार्यकाल में 46 बार अयोध्या पहुंचे और इस कार्यकाल में भी उनका आगमन निरंतर हो रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या में हर वर्ष दीपोत्सव का आयोजन होने से अयोध्या को नई पहचान मिली है। हर वर्ष दीपों की संख्या गिनीज बुक में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ती है।

■ मृत्युंजय दीक्षित

# मोदी के लिये 'पनौती' का इस्तेमाल राजनीतिक दरिद्रता

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गयी 'पनौती' (अपशकुन), जेबकतरा एवं कर्ज माफी जैसी अशोभनीय टिप्पणियों के कारण निशाने पर हैं। चुनाव आयोग (ईसी) ने हालिया टिप्पणियों के लिए राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी करके निर्णायक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनाव आयोग में दर्ज की गई एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए की गयी है। चुनाव आयोग ने जहां पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर चिंता व्यक्त की वही भाजपा ने तर्क दिया कि ऐसी भाषा एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता के लिए 'अशोभनीय' है। पिछले लम्बे दौर से विश्वनेता के रूप में प्रतिष्ठित देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति, उनकी बहुआयामी योजनाओं व उनकी कार्य-पद्धतियों पर कीचड़ उछाल रहे हैं। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में विपक्षी नेताओं और विशेषतः कांग्रेस नेताओं ने अमर्यादित, अशिष्ट, छिछालेदार भाषा का उपयोग कर राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। विडम्बना देखिये मोदी को गालियां देकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करने वाले राहुल गांधी इसका खामियाजा भी भुगतते रहे हैं, लेकिन राजनीतिक अपरिवक्वता के कारण वे कोई सबक लेने का तैयार नहीं है। निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी को याद दिलाया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता नेताओं को राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ असत्यापित आरोप लगाने से रोकती है। लेकिन राहुल गांधी ने राजस्थान में हाल की रैलियों में प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए उनके लिए 'पनौती', जेबकतरे और अन्य विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया था। राहुल गांधी के ये अशोभनीय एवं मयार्दाहीन बयान क्या रंग लायेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये देश के प्रधानमंत्री के लिये इस तरह के निम्न, स्तरहीन एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग होना, एक विडम्बना है, एक त्रासदी है, एक शर्मनाक स्थिति है। केवल कांग्रेस ही नहीं, अन्य राजनीतिक दल के नेता भी ऐसी अपरिपक्वता एवं अशालीनता का परिचय देते रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में उद्योगपतियों को चौदह लाख करोड़ रुपये की छूट देने के आरोप भी सत्यता से परे, तथ्यहीन, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले हैं। 'जेबकतरे' शब्द का प्रयोग करते हुए आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाते हैं। जबकि उद्योगपति गौतम अडानी उनकी (लोगों की) जेब से पैसे निकालते हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि जेबकतरे इसी तरह काम करते हैं। आयोग ने राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी के बारे में भी बताया जिसमें कहा गया था कि अगर संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) में बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाती है तो प्रतिष्ठा के अधिकार को भी अनुच्छेद 21 में संरक्षित जीवन के अधिकार का एक अभिन्न हिस्सा माना जाता है। इन दो अधिकारों को संतुलित करना एक संवैधानिक आवश्यकता है। लेकिन राहुल गांधी को यह संतुलन साधना कहा आता है? राहुल गांधी ने अहमदाबाद में विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद राजस्थान में चुनावी भाषण में मोदी के खिलाफ 'पनौती' जैसे आपत्तिजनक, विवादित एवं अपशब्द का इस्तेमाल किया था। यह एक शब्दभर नहीं है, बल्कि अनेक कुटिलताओं की अभिव्यक्ति है, 'पनौती' मोटे तौर पर ऐसे शख्स के लिये उपयोग किया जाता है, जिसकी मौजूदगी होने भर से बनता काम बिगड़ जाता है। आम तौर पर पनौती शब्द ऐसे व्यक्ति के लिए इंगित किया जाता है जो बुरी किस्मत लाता है। वैसे इसका किसी ज्ञान-विज्ञान और तर्क से नाता नहीं है। जाने-माने भाषाविद् डॉक्टर सुरेश पंत के मुताबिक, हिंदी में -औती प्रत्यय से अनेक शब्द बनते हैं। इनमें कटौती, चुनौती, मनौती, बपौती इत्यादि शामिल हैं। पनौती शब्द नकारात्मकता एवं अशुभता का सूचक है। पनौती को शनि की बुरी दशा का समय माना जाता है। इसका मतलब बाढ़ भी होता है। पनौती तमिल शब्द पन्नादाई का अपभ्रंश भी है। इसका मतलब होता है 'एक ढीला बुना हुआ कपड़ा' या 'मूर्ख'। बात केवल राहुल गांधी की ही नहीं है, कौन भूल सकता है सोनिया गांधी का वह बयान, जिसने वास्तव में गुजरात की जनता को झकझोर कर रख दिया था। तब सोनिया ने गुजरात के तत्कालीन और बेहद लोकप्रिय मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मौत का सौदागर' बताया था। सोनिया ने कहा था, 'मेरा पूरा भरोसा है कि आप ऐसे लोगों को मंजूर नहीं करेंगे जो जहर के बीज बोते हैं।' 'मौत का सौदागर' के बाद 'जहर की खेती' के इस बयान ने गुजरात ही नहीं, देश की जनता की भावना को जगा दिया। नतीजा लोकसभा चुनाव के परिणाम के रूप में सामने आया, जिसमें बीजेपी को 278 और कांग्रेस को 45 सीटें मिली। जनता को बेवकूफ एवं नासमझ समझने की भूल कांग्रेस बार-बार करती रही है और बार-बार मात खाती रही है। इन चुनावों में भी ऐसी मात खाने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। क्योंकि जनता अपने सर्वोच्च नेतृत्व को मर्यादाहीन तो कत्तई नहीं देखना चाहती। कोई पूर्व केबिनेट मंत्री मणिशंकर अय्यर मोदी को 'नीच' तक कह देता है तो राहुल तो सर्जिकल स्ट्राइक पर 'खून की दलाली' जैसे आरोप लगाते रहे हैं। नोटबंदी को लेकर जहां पूरा देश नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा था, तब विपक्ष को काले कारोबारियों के साथ खड़ा होने में जरा भी शर्म नहीं आई। विपक्ष ने दुनिया के कुख्यात रहे तानाशाह हिटलर, मुसोलिनी, कर्नल गद्दाफी से प्रधानमंत्री मोदी की तुलना कर डाली। इस तरह के स्तरहीन, औछे एवं अमर्यादित बयानों से न केवल विपक्ष दलों के नेताओं बल्कि कांग्रेस पार्टी की न केवल फजीहत होती रही है, बल्कि उसकी बौखलाहट को दर्शाती रही है। इस तरह के लोग राजनीति में जगह बनाने के लिये ऐसी अनुशासनहीनता एवं अशिष्टता करते हैं। राहुल के इस तरह के ओछे, स्तरहीन एवं अशालीन शब्दों के प्रयोग का एक लम्बा सिलसिला है। मोदी पर गाली की बौछार में कभी उनको सांप, बिच्छू और गंदा आदमी कहा था। तो कभी लहू पुरुष, पानी पुरुष और असत्य का सौदागर भी बताया। सत्ता के शीर्ष पर बैठकर यदि इस तरह जनतंत्र के आदर्शों को भुला दिया जाता है तो वहां लोकतंत्र के आदर्शों की रक्षा नहीं हो सकती। राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की आशा नहीं की जा सकती, पर वे अशालीनता एवं अमर्यादा पर उतर आये, यह ठीक नहीं है। महात्मा गांधी ने कहा था कि मेरा ईश्वर दरिद्र-नारायणों में रहता है।' आज यदि उनके भक्तों- कांग्रेसजनों से यही प्रश्न पूछा जाये तो संभवतः यही उत्तर मिलेगा कि हमारा ईश्वर कुर्सी में रहता है, सत्ता में रहता है।

**पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में विपक्षी नेताओं और विशेषतः कांग्रेस नेताओं ने अमर्यादित, अशिष्ट, छिछालेदार भाषा का उपयोग कर राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। विडम्बना देखिये मोदी को गालियां देकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करने वाले राहुल गांधी इसका खामियाजा भी भुगतते रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी को याद दिलाया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता नेताओं को राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ असत्यापित आरोप लगाने से रोकती है।**

■ ललित गग

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### राम मंदिर के फर्श को संवारने का काम शुरू



**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसके लिए मंदिर के प्रथम तल के कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है। अब निर्माणाधीन राम मंदिर के फर्श को संवारने का काम शुरू कर दिया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शनिवार को एक्स पर तस्वीरें जारी की हैं जिसमें कारीगर फर्श को सजाने संवारने काम करते हुए नजर आ रहे हैं। राम मंदिर बेहद भव्य होगा और प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में देश-विदेश से मेहमान आएंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होगी।

### बीएन मंडल विवि ने नामांकन की तिथि बढ़ाई

**सहरसा/मधेपुरा।** बीएन मंडल विश्वविद्यालय ने पीजी फर्स्ट सेमेस्टर (सत्र 2023-25) में पहली चयन सूची के आधार पर नामांकन की तिथि बढ़ा दी गयी है। चयनित छात्र-छात्राओं का 29 नवंबर तक आवंटित कॉलेज और विभाग में नामांकन लिया जाएगा। विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ. मोहित गुप्ता ने सूचना जारी कर बताया कि 30 नवंबर तक नामांकित छात्रों का यूएमआईएस पोर्टल पर नामांकन कंफर्म किया जाना है। पहली चयन सूची पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दूसरी चयन सूची जारी की जाएगी।पीजी फर्स्ट सेमेस्टर के 5075 सीट के विरुद्ध नामांकन के लिए इस बार 16272 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। पहली चयन सूची के आधार पर 24 नवंबर तक नामांकन लिया गया। यूएमआईएस पोर्टल के मुताबिक अब तक मात्र 388 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन फिर से नामांकन की तिथि 29 नवंबर तक के लिए बढ़ा दी है।

### नीतीश के विवादित बयान की सुनवाई टली, अगली सुनवाई एक दिसम्बर को

**पटना।** बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने सदन में महिलाओं के सामने जो कुछ कहा उसको लेकर उनकी खूब फजीहत हुई थी। सदन में मुख्यमंत्री के विवादित बयान के खिलाफ मुजफ्फरपुर के सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर कराया गया था, जिसपर शनिवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब मामले पर अगली सुनवाई एक दिसम्बर को होगी। सीएम नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं को लेकर सदन में दिए गए विवादित बयान को लेकर उनके खिलाफ अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने परिवाद दायर कराया था। आज ऐन वक्त पर सुनवाई टल गई। परिवादी सह अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने कहा कि महीने का आखिरी शनिवार होने के कारण कोर्ट ने मामले की सुनवाई को टाल दिया है। सीजेएम कोर्ट में अब इस मामले पर एक दिसम्बर को सुनवाई होगी।

### देश में अब नई तकनीक से होगा चावल का उत्पादन

# इरी को गूगल से मिले 16 करोड़ रुपये



**एजेंसी। वाराणसी**

देश में अब चावल के उत्पादन में एआई (कृत्रिम मेधा), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और मशीन लर्निंग (एमएल) तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (इरी) को गूगल से दो मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 16 करोड़ 67 लाख रुपये) का अनुदान मिला है। इससे विश्व के चावल उत्पादन वाले देशों के किसान एआई की सलाह पर स्मार्ट जलवायु में चावल का उत्पादन बढ़ा सकेंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने बताया कि अत्यधिक जलवायु परिवर्तनशीलता के कारण चावल उत्पादन के सामने कई चुनौतियां सामने आ रही हैं। इसका समाना करने के लिए नई तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में एआई, आईओटी, और मशीन लर्निंग तकनीकी भी चावल के उत्पादन में सहयोगी होगी। इसकी सलाह से स्मार्ट जलवायु में चावल का उत्पादन बढ़ाया जा सकेगा। इरी के वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन के अनुकूल उन्नत प्रजनन से नई प्रजातियों और अनुकूलित कृषि के तरीकों को विकसित करने पर लगातार काम कर रहे हैं। वाराणसी में स्थित, इरी के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र में (आइसार्क) जलवायु-अनुकूल किस्मों के तेजी से विकास के लिए स्पीडब्रीड की अत्याधुनिक सुविधा भी उपलब्ध है। निदेशक ने कहा कि दुनिया की आधी आबादी का प्रमुख भोजन चावल है। एशिया इसके उत्पादन का प्रमुख केंद्र है। मगर हम जलवायु परिवर्तन, अजैविक तनाव (सूखा, जलमग्नता/ लवणता) और पारंपरिक प्रबंधन क्रियाओं के साथ पारंपरिक फसल स्थापना विधियां जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। इरी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इन चुनौतियों का समाधान करने में लगा है। इसके लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हितधारकों का भी सहयोग कर रहा है। वाराणसी के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र में जलवायु-अनुकूल किस्मों के तेजी से विकास के लिए स्पीड ब्रीड की अति उन्नत सुविधा भी उपलब्ध कराने में लगा है।

### महिला का सिर कटा शव मिलने से सनसनी

**पूर्वी चंपारण।** शिवहर एवं पूर्वी चंपारण दो जिलों की सीमांकन जिहुली एवं अम्बा घाट के समीप पुल के नीचे एक सिर कटा महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। महिला के शव से उसका सिर गायब है। ग्रामीणों ने शनिवार को सिर कटा शव जिहुली घाट पर बना पुल के नीचे देखा। तत्पश्चात इसकी सूचना पुलिस को दी। महिला ब्लैक प्लाजो, स्वेटर तथा बाएं पैर में पायल पहनी हुई थी। पिपराही पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया गया है। सिर कटा शव मिलने की सूचना पर थानाध्यक्ष पिपराही चंदन कुमार एवं थानाध्यक्ष पताही संजीव कुमार के बीच सीमा को लेकर काफी बातचीत की गई तथा अंततः ग्रामीणों के सहयोग से निर्णय हुआ कि यह पताही थाना का ही मामला है। लिहाजा पताही थानाध्यक्ष संजीव कुमार के द्वारा महिला के कटे सिर की तलाश एवं उसकी शिनाख्त की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

### नलकूप के हौदे में डूबने से मासूम की मौत




**एजेंसी। बदायूं**

बदायूं के उझानी क्षेत्र में ननिहाल में मां के साथ रह रहे दो साल के मासूम बच्चे की नलकूप के हौद में डूबने से मौत हो गई। इसकी जानकारी कासगंज के निवासी बच्चे के पिता समेत परिजनों को लगी तो वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से निकल पड़े। एक्सल टूटने से ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खंदी में गिर गई। हादसे में महिलाओं समेत 12 लोग घायल हो गए। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कासगंज सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला हीरा निवासी लालता प्रसाद राजपूत की उझानी के गांव अथाया में ससुराल है। घरेलू कलह के चलते लालता प्रसाद की पत्नी धर्मवती अपने दो साल के मासूम निशांत के साथ मायके आ गई थी। शनिवार दोपहर निशांत अपने मामा सत्येंद्र के साथ नलकूप पर गया था। उसी दौरान वह पानी से भरे नलकूप के हौद में गिर पड़ा। सत्येंद्र ने उसे बाहर निकाल लिया, लेकिन मुंह में पानी चले जाने की वजह से कुछ देर में ही निशांत की मौत हो गई। निशांत के मामा सत्येंद्र ने फोन करके बहनोई लालता प्रसाद और अन्य रिश्तेदारों को हादसे के बारे में अवगत करा दिया। सूचना के बाद लालता प्रसाद तो बाइक से अथाया आ गए, लेकिन लालता प्रसाद के पिता भोले और परिजनों समेत महिलाएं ट्रैक्टर-ट्रॉली से चल पड़े।

### नतीजे तय करेंगे राज्यसभा की पांच सीटों का गणित

## अभी चार भाजपा और एक कांग्रेस के पास



**नवीन मेल संवाददाता। भोपाल**

मध्य प्रदेश से राज्यसभा की 11 सीटें हैं। इनमें से आठ सीटें भाजपा और तीन सीटें कांग्रेस के पास हैं। इन 11 सीटों में से अप्रैल 2024 में पांच सीटें खाली हो रही हैं। इन पांच सीटों में से फिलहाल चार भाजपा और एक कांग्रेस के पास हैं। इन सीटों के रिक्त होने से पहले चुनाव आयोग इन सीटों पर चुनाव कराएगा। मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्यों की संख्या के आधार पर सदस्य के मत का मूल्य तय होगा। ऐसे में साफ है कि जिस पार्टी के सदस्यों की संख्या जितनी ज्यादा होगी, उसके उतने ही राज्यसभा सदस्य चुनाव जीतेंगे। इन पांच राज्यसभा सीटों को लेकर दोनों ही राजनीतिक दलों में राज्यसभा प्रत्याशियों के लिए अभी से चर्चा शुरू हो गई है।

**कांग्रेस से दिग्विजय और विवेक तन्खा सदस्यः** भाजपा के पास अप्रैल 2018 में 165 सीटें थीं। उसके पांच में से चार सदस्य चुने गए थे। इसमें धर्मेंद्र प्रधान, अजय प्रताप सिंह, कैलाश सोनी, थावरचंद गेहलोत राज्यसभा गए थे। वहीं, कांग्रेस की तरफ से राजमणि पटेल चुने गए थे। इसके बाद सितंबर 2021 में थावरचंद गहलोत के त्यागपत्र देने के बाद भाजपा ने उनकी जगह डॉ. एल. मुरगन को चुन कर राज्यसभा भेजा था। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह का कार्यकाल जून 2026 और विवेक तन्खा का कार्यकाल जून 2028 तक है।

### ललन सिंह को सांसद बनाने की लोगों से की अपील

# नीतीश ने मुंगेर से लोकसभा चुनाव 2024 का किया शंखनाद



**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मुंगेर में सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव-2024 का शंखनाद कर दिया। लोकसभा चुनाव में भले ही अभी कुछ महीने शेष हों लेकिन नीतीश ने मुंगेर संसदीय क्षेत्र से जदयू उम्मीदवारी को लेकर भी बड़ा संकेत दिया है। उन्होंने ललन सिंह को दोबारा सांसद बनाने की लोगों से अपील की। सीएम ने आज राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल मुंगेर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।उन्होंने सदर अस्पताल, मुंगेर के परिसर में 100 शैय्या वाले फील्ड अस्पताल के निर्माण कार्य का उद्घाटन, सदर अस्पताल, मुंगेर के परिसर में 32 शैय्या वाले शिशु गहन चिकित्सा इकाई का उद्घाटन किया। सीएम नीतीश ने इसी कार्यक्रम के दौरान मुंगेर संसदीय क्षेत्र को लेकर कई बातें कहीं। उन्होंने कहा कि ललन सिंह ने मुंगेर के विकास के लिए कई काम किए हैं। उन्होंने कहा, जब हम लोगों ने ललन बाबू को एक बार कहा कि भाई आप एमपी बनना चाहते हैं तो मुंगेर से ही बनिए। बड़ी खुशी की बात हुई कि मुंगेर के लोगों ने इन्हें एमपी बनाया। अब आपसे आग्रह करेंगे कि सब दिन इनको एमपी बना कर रखिये। सीएम नीतीश ने लोगों से बार-बार हाथ उठाकर अपील की ... तैयार है ना ... आप तैयार है ना। एक तरह से सीएम नीतीश ने मुंगेर को लेकर अब यह तय कर दिया है कि यहां से अगले लोकसभा चुनाव में ललन सिंह ही जदयू के उम्मीदवार होंगे। साथ ही लोकसभा चुनाव के पहले एक तरह से उन्होंने मुंगेर से चुनाव प्रचार की भी शुरूआत कर दी है। यह पहला है मौका है जब नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले किसी संसदीय क्षेत्र में वहां के सांसद के लिए फिर से चुनाव जिताने की जनता से अपील की है। उल्लेखनीय ललन सिंह ने वर्ष 2009 में सबसे पहले मुंगेर से चुनाव लड़ा और जीत हासिल हुई।

### नेपाली शराब के साथ दो धंधेबाजों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला स्थित सिकटा थाने के प्लस टू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिकटा के नजदीक से पुलिस ने बिना नम्बर के बाइक पर लदे 149 बोतल नेपाली शराब समेत दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार धंधेबाज में मझौलिया थाना क्षेत्र के गुरचुरवा गांव के कृष्ण कुमार और धनंजय यादव शामिल है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रमेश कुमार महतो ने आज बताया कि सूचना मिला कि पड़ोसी देश नेपाल की ओर से भारी मात्रा में शराब की खेप भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाला है।सूचना मिलते ही विद्यालय, सिकटा के ईदगाहें नाकेबंदी कर दी गई।जैसे ही बिना नम्बर के एक बाइक पर दो सवार पहुंचे जवानों ने रोककर तलाशी ली।तलाशी के दौरान उनके पास से जुट के बोरे में रखे एक बोरे से 90 बोतल कस्तूरी निम्बू फ्रेस व दूसरे बोरे से कस्तूरी प्रीमियम 35 बोतल तथा 24 बोतल कस्तूरी निम्बू फ्रेस जब्त की गई।

# दो लाख किलो से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त, यूपी सरकार का दावा



**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि वर्ष 2020 से लेकर अक्टूबर 2023 तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 2 लाख 41 हजार किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 1,400 करोड़ से अधिक कीमत आंकी गयी है। वहीं, 40 हजार से अधिक मुकदमे दर्ज कर 45 हजार से अधिक सौदागरों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। योगी सरकार द्वारा अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से न केवल प्रदेश में अवैध नशे के कारोबार में भारी गिरावट दर्ज की गई है बल्कि इससे होने वाले अपराध पर भी लगाम लगी है। एडीजी क्राइम एसके. भगत ने बताया कि तीन साल 10 माह में कुल 2,41,431 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया है। इसमें 1,94,346 किलोग्राम गांजा, 40,359 किलोग्राम डोडा (पोस्ता तृण), 2,032 किलोग्राम अफीम, 3,518 किलोग्राम चरस, 984 किलोग्राम हेरोइन (स्मैक), 186 किलोग्राम मार्फिन और 3.82 किलोग्राम कोकीन शामिल है। एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ कुल 40,929 मुकदमे दर्ज कर कुल 45,823 लोगों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया। उन्होंने बताया कि नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए गठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने अक्टूबर-2023 तक 9,349.93 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया है। इसमें 43 किलोग्राम मार्फिन, 4.85 किलोग्राम हेरोइन (स्मैक), 79.22 किलोग्राम चरस, 35.89 किलोग्राम अफीम, 5965.15 किलोग्राम डोडा (पोस्ता तृण) और 3259.92 किलोग्राम गांजा शामिल है।

### बीजेपी बूथ अध्यक्ष मुकेश नारंग ने रात में की पार्टी सुबह घर में मिला शव

**कानपुर।** जनपद के गोविंद नगर थाना क्षेत्र के गोविंद नगर के ब्लॉक 5 में रहने वाले बीजेपी के बूथ अध्यक्ष मुकेश नारंग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तड़के सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, सूचना मिलने के बाद बीजेपी के कई स्थानीय नेता परिवार से मिलने पहुंचे। पुलिस के आलाधिकारियों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार रात गोविंद नगर विधानसभा के बूथ अध्यक्ष मुकेश नारंग अपने घर पर ही थे। वह अपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे थे। लेकिन, सुबह जानकारी मिली की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई है। मुकेश नारंग के शव के पास सल्फास की गोली भी मिली है। वहीं, सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पुलिस समेत अन्य भाजपा नेता घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जन सुराज कार्यशाला शिविर सह प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# बिहार की दुर्दशा के लिए राजद-जदयू व भाजपा समान रूप से जिम्मेदार : संजय



**एजेंसी। पूर्वी चंपारण**

बिहार को रसातल में पहुंचाने में सभी राजनैतिक दल समान रूप से जिम्मेदार है।बिहार में व्याप्त गरीबी,अशिक्षा और बेरोजगारी की समस्या को सभी दलो ने मिलकर विकराल बना दिया है।जिसमे राजद-जदयू और भाजपा समान रूप से जिम्मेदार है,अब इन दलो को सत्ता में बने रहने का कोई हक नही है।उक्त बाते जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने मोतिहारी स्थित जनसुराज कार्यालय में शनिवार को कही। उन्होंने कहा पिछले बत्तीस वर्षो से बिहार में जात-पात और धर्म-मजहब की राजनीति हो रही है।पन्द्रह वर्षो तक लालू यादव-राबड़ी देवी की सरकार ने जात-पात की राजनीति कर जंगल राज चलाया, तो नीतीश कुमार ने सांप्रदायिकता फैला कर सत्ता हथियाने वाली भाजपा के साथ मिलकर बिहार को रसातल में पहुंचा दिया। इन तीनों दलों की सरकारों ने बिहार में गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी को बढ़ाया है। उन्होंने कह कि इतने लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद इन सरकारो ने बिहार में कोई कल कारखाना नहीं खोला गया और ना ही शिक्षा की सुदृढ़ व्यवस्था की गई। ठाकुर ने कहा कि दस वर्षो से देश में भाजपा की सरकार चल रही है। लेकिन पीएम मोदी को बिहार और बिहारियों की दुर्दशा आज तक नहीं दिखाई दी। पन्द्रह वर्षों तक भाजपा के समर्थन से जदयू के नीतीश कुमार की सरकार चलती रही, लेकिन एक भी बड़ा कारखाना नहीं खोला गया। जबकि गुजरात में रोज नये कारखाने लगाए जा रहे हैं। ढ़ाई करोड़ बिहारी यहां से पलायन कर देश के दूसरे प्रदेशों में मजदूरी कर रहे हैं, जहां अपमान और जिल्लत की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में एक बड़े परिवर्तन को लेकर जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर गांवों में पदयात्रा कर रहे हैं।

### स्वतंत्रता संग्राम में चंपारण का ऐतिहासिक योगदानः प्रो आनंद कुमार



**एजेंसी। पूर्वी चंपारण**

देश के स्वतंत्रता संग्राम में चंपारण का ऐतिहासिक योगदान है। चंपारण की लोक शक्ति ने गांधी जी को जो समर्थन दिया उसमें जसौली पट्टी एक मील का पत्थर है।हम सब जसौली पहुंचकर स्वतंत्रता सेनानी लोमराज बाबू की प्रतिमा को साक्षी मानकर उनके ऐतिहासिक क्षण की स्मृति को ताजा करने आए हैं।उक्त बातें वरीय गांधीवादी जेएनयू के प्रोफेसर आनन्द कुमार ने जसौली पट्टी में लोमराज सिंह की प्रतिमा को सूत की माला पहना कर श्रद्धांजलि देते हुए कही। उन्होंने कहा हमें खुशी है यहां पर गांधी जी की जसौली पट्टी यात्रा की स्मृति में युवा पीढ़ी प्रत्येक वर्ष 16 व 17 अप्रैल को चंपारण सत्याग्रह समारोह मनाते है। यह सुखद संकेत है,क्योंकी जो समाज अपने पुरखों की यादों को संजो कर रखता है उसका भविष्य उज्जवल होता है। आशा है इस गांव में पुस्तकालय के लिए उपलब्ध भूमि पर पुस्तकालय भवन का निर्माण एवं गांधी जी की एक स्मृति चिन्ह प्रतिमा लगाने का काम शीघ्र पूरा होगा।

### डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए काशी बनी सबसे पसंदीदा जगह

# जयपुर-गोवा को लोकप्रियता में पीछे छोड़ा



**एजेंसी। वाराणसी**

बॉलीवुड से शुरू हुआ डेस्टिनेशन वेडिंग का क्रेज इन दिनों आम लोगों के बीच पहुंच गया है। डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए अब काशी सबसे पसंदीदा जगह बन चुकी है। जयपुर, उदयपुर, गोवा छोड़ अब लोग काशी में सात फेरे लेने की चाहत रख रहे हैं। यही वजह है कि नवंबर से शुरू होने वाले सहालग के लिए काशी के होटल, लॉन और रिजॉर्ट बुक हो चुके हैं। शहर के पांच सितारा होटलों में करीब 80 फीसदी बुकिंग हो चुकी है। इसमें ज्यादातर शादियों के लिए ही बुकिंग हुई है। इवेंट कंपनियों के अनुसार 23 नवंबर से 13 दिसंबर के बीच करीब 50 डेस्टिनेशन वेडिंग के होटलों में बुकिंग हुई है। इनमें कैंटोनमेंट से लेकर घाट किनारे वाले होटल ज्यादा हैं। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के प्रवीण मेहता ने बताया कि जयपुर को पीछे छोड़ते हुए रॉयल वेडिंग के लिए लोग काशी को तरजीह दे रहे हैं। इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि नवंबर-दिसंबर 2023 के दौरान दिल्ली और मुंबई से करीब 15 चार्टर्ड प्लेन डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए बुक हुए हैं। करीब छह से सात शादियों का खर्च करोड़ों में आने अनुमान है। काशी के घाट और गंगा आरती डेस्टिनेशन वेडिंग को रॉयल बना रही है। यही वजह है कि कई शादियों की थीम भी इन्हें ही रखा गया है। इसके लिए कई शादियों के लिए क्रूज बुक किए गए हैं। काशी के मनोरम गंगा घाटों की छटा के साथ गंगा आरती से शादियों को रॉयल बनाने की तैयारी है। इसके अलावा होटलों में होने वाली शादियों के डेकोरेशन की थीम भी खास तौर पर घाट और गंगा आरती ही है। एक इवेंट कंपनी के मुताबिक 23 नवंबर को होने वाली एक शादी में दुल्हन की डिमांड पर स्टेज पर उसकी इंट्री गंगा आरती के बीच होगी।

### दो शराब तस्करों को मिली सात-सात साल की सजा और एक-एक लाख जुर्माना




**एजेंसी। नवादा**

देशी शराब के साथ पकड़ाये दो तस्करों को शनिवार को 7-7 साल का सश्रम कारावास व एक- एक लाख रुपये जुर्माने की सजा मिली है। विशेष न्यायाधीश उत्पाद दीपक कुमार ने शराब बरामदगी के एक मामले में दो आरोपी को 7-7 साल कारावास की सजा सुनाई है और साथ ही एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। उत्पाद के प्रथम विशेष न्यायालय के न्यायाधीश दीपक कुमार ने गया जिले के जमैता फतेहपुर गांव के निवासी अनीश कुमार उर्फ मनीष कुमार तथा वजीरगंज के चंद खुर्द गांव के अंकित कुमार उर्फ संतोष यादव को यह सजा सुनाई है। यह मामला सिरदला थाना कांड संख्या 755/22 से जुड़ा है। अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी मो इम्तेयाज फारूकी ने बताया की 31 दिसंबर 2022 को सिरदला थाना की पुलिस को सूचना मिली थी कि दो बाइक पर सवार दो युवक द्वारा शराब की तस्करी की जा रही थी। सूचना पर पुलिस ने वाहन जांच के क्रम चंदवारा गांव के झकटिया मोड़ के समीप दो बाइक पर लदे 282 लीटर देशी शराब को बरामद किया था। वह शराब अलग-अलग प्लास्टिक पाउच में बरामद किया गया था और मौके से एक शराब कारोबारी अनीश कुमार को गिरफ्तार किया गया था जबकि दूसरा धंधेबाज मौके से फरार होने में सफल रहा था।

## एक नजर

### 7वें राष्ट्रीय पिकलबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 1 से 3 दिसंबर तक

**अहमदाबाद।** भारत की प्रीमियर पिकलबॉल संस्था ऑल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन (एआईपीए) पिकलबॉल एसोसिएशन ऑफ गुजरात (पीएजी) के साथ मिलकर 1 से 3 दिसंबर 2023 तक 7वें राष्ट्रीय पिकलबॉल टूनामेंट का आयोजन करेगा। तीन दिवसीय टूनामेंट में भारत भर के 20 राज्यों के 250 से अधिक एथलीट खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। खिलाड़ी 6 अलग-अलग श्रेणियों, अंडर-लड़के और लड़कियां, अंडर-19 पुरुष और महिलाएं, 35 प्लस पुरुष और महिलाएं, 50 प्लस पुरुष और 60 प्लस पुरुष में प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। एआईपीए अध्यक्ष, अरविंद प्रभु ने कहा, हमें राज्यों और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। खेल बढ़ रहा है, और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह भारत के हर कोने तक पहुंचे।

### इमाद वसीम ने नेशनल टी20 कप से हटने का फैसला किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर इमाद वसीम ने आगामी अबू धाबी टी10 लीग में भाग लेने के पक्ष में मौजूदा राष्ट्रीय टी20 कप से हटने का फैसला किया है। इस फैसले की पुष्टि इस्लामाबाद टीम के कोच जुनैद खान ने की, जिन्होंने खुलासा किया कि इमाद लीग क्रिकेट में अपने भविष्य की कल्पना कर रहे हैं, जिससे उन्होंने टी10 क्रिकेट की ओर कदम बढ़ाया। जुनैद खान ने कहा, इमाद को लगता है कि लीग क्रिकेट में उनका भविष्य बेहतर है इसलिए उन्होंने टी10 लीग में खेलने का फैसला किया।

### डी मिनौर ने ऑस्ट्रेलिया को लगातार दूसरे डेविस कप फाइनल में पहुंचाया

**मलागा।** एलेक्स डी मिनौर ने शुक्रवार को फिनलैंड के एमिल रुसुवुओरी की सर्विस पर हावी होकर ऑस्ट्रेलिया को लगातार दूसरे डेविस कप फाइनल में पहुंचाया। डी मिनौर ने अपनी 6-4, 6-3 की जीत के दौरान 18 ब्रेक पॉइंट अवसर अर्जित किए, पांच बार कन्वर्ट किया और अपने पहले सर्विस रिटर्न पॉइंट का 48 प्रतिशत जीता। उन्होंने अब डेविस कप फाइनल्स में लगातार चार एकल मैच जीते हैं। दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी की जीत टीम के साथी एलेक्सी पोपिरिन की ओटो वर्टेनन पर 7-6(5), 6-2 से जीत के बाद हुई। पोपिरिन ने डेविसकप.कॉम को बताया, शायद यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। ऐसा मैच जीतना जो हमारे लिए बहुत मायने रखता है, एक सम्मान की बात है और कुछ ऐसा है जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। रविवार के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया सर्बिया और इटली के विजेता से खेलेगा, एक टाई जिसमें नोवाक जोकोविच और जानिक सिनर के बीच निट्टो एटीपी फाइनल्स खिताबी मुकाबले का रीमैच होगा। इस सप्ताह की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया चेक गणराज्य के खिलाफ बड़ी मुश्किल में था, जब टॉमस मचाक ने जॉर्डन थॉम्पसन को 6-4, 7-5 से हराया और जिरी लेहेका ने डी मिनौर के खिलाफ 6-4, 5-3 की बढ़त बना ली।

# झारखंड को मिलेगा नया स्टेडियम

## सहवाग व हरभजन ने दी सहमति : राज्यसभा सांसद धीरज साहू

**आरएनएम। रांची/लोहरदगा**

झारखंड के लोहरदगा जिले के बीएस कॉलेज परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से संपन्न क्रिकेट स्टेडियम और पवेलियन का निर्माण किया गया है। यह खास स्टेडियम सर्व सुविधाओं से लैस होगा, जिसका उद्घाटन 3 जनवरी को किया जाएगा। इस उद्घाटन समारोह में देश के दो जाने-माने पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग भाग लेंगे। इसके अलावा कई अन्य गणमान्य लोगों के भी शामिल होने की उम्मीद की जा रही है। कार्यक्रम के लिए राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने क्रिकेटरों को आमंत्रित किया है। इसमें आने के लिए हरभजन सिंह



और वीरेंद्र सहवाग ने अपनी सहमति दे दी है। साथ ही 3 जनवरी से लोहरदगा में आईपीएल के तर्ज पर भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होगा। लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा उद्घाटन समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। लोहरदगा में बलदेव साहू क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण बलदेव साहू महाविद्यालय के पास किया गया है। वहीं 3 जनवरी से लोहरदगा में आईपीएल के तर्ज पर भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जिला क्रिकेट क्लब और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा आयोजित किया जायेगा।

### सांसद निधि से करवाया स्टेडियम का निर्माण

स्टेडियम के निर्माण में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने बड़ा योगदान है। पूरे स्टेडियम के कायाकल्प, पवेलियन एंड के निर्माण और सुविधाओं के विकास के लिए सांसद निधि से राशि उपलब्ध कराई है। राज्य के एक अच्छे स्टेडियम के रूप में उभरकर आए इस स्टेडियम में राज्य के अलग-अलग क्रिकेट खिलाड़ियों और टीमों का प्रशिक्षण भी आयोजित होता रहा है। वहीं उद्घाटन के बाद इसमें बड़े मैच खेले जाने की संभावना है जिससे खिलाड़ियों को मदद मिलेगी।

## एक ही स्कूल में पढ़ी हैं अनुष्का शर्मा और साक्षी धोनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



महेंद्र सिंह धोनी की वाइफ साक्षी धोनी और एक्ट्रेस एवं विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा बचपन में असम के एक ही स्कूल में पढ़ती थीं। विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी कितने अच्छे दोस्त हैं, ये बात सभी अच्छे से जानते हैं। दोनों ने कई सालों तक साथ में क्रिकेट खेला है। दोस्ती होने के बावजूद भी विराट कोहली, महेंद्र सिंह धोनी का बहुत सम्मान करते हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी भी बचपन की दोस्त हैं। कम ही लोग जानते हैं कि दोनों कभी असम के एक ही स्कूल में पढ़ते थे और कथित तौर पर सहपाठी भी थीं।

अनुष्का और साक्षी की उनके स्कूल के दिनों की एक पुरानी तस्वीर ऑनलाइन सामने आई है जिसमें दोनों को एक साथ पोज देते देखा जा सकता है। यह फोटो उन दिनों की है जब अनुष्का शर्मा के पिता (सेवानिवृत्त)कर्नल अजय कुमार शर्मा असम में तैनात थे। उन दिनों एक्ट्रेस सेंट मैरी स्कूल में पढ़ती थीं। यह वही स्कूल है जहां साक्षी धोनी ने भी पढ़ाई की थी।

## कफील खान और एजाज आलम की शानदार जीत



**आरएनएम। रांची**

रोमांच, संघर्ष से भरपूर मैच में कफील खान और एजाज आलम की जोड़ी के सामने संघर्ष करते हुए मो आमिर और मुस्तकीम आलम की जोड़ी अपने तीन मैचों में दो मैच हार कर सेमीफाइनल की दौड़ में पिछड़ती दिखाई दे रही है। वहीं कफील खान और एजाज आलम की जोड़ी भी अपने तीन मैच में दो मैच गवाने के बाद शनिवार को खेले गए। अपने मैच में शानदार वापसी कर सेमीफाइनल की आस जगा ली है। चर्च कॉम्प्लेक्स के प्रांगण में आयोजित मॉर्निंग ग्रुप के तत्वाधान में खेले जा रहे मौलाना आजाद बैडमिंटन टूर्नामेंट अब अपने रोमांच पर पहुंचता जा रहा है जहां ग्रुप 'ए' में मिमशाद और मो. इरशाद की जोड़ी और अतीक अहमद कुस्सु और परवेज खान की जोड़ी का सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की मानी जा रही है। वहीं इसी ग्रुप के मो मीर और यूनुस खान भी उल्ट फेर कर सब की गणित बिगाड़ सकती है, जबकि ग्रुप 'बी' में डॉक्टर शेरान की जोड़ी ने सेमी फाइनल की दावेदारी मजबूत कर ली है जबकि बाकी के तीनों जोड़ी अपने-अपने तीन मैचों में एक-एक मैच जीत कर असमंजस की स्तिथि बनाए हुए है। आज होने वाले ग्रुप 'बी' के मैच में नेहाल अहमद की जोड़ी को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए फाइनल के प्रबल दावेदार डॉक्टर शेरान अली की जोड़ी को हराना होगा। वहीं डॉक्टर शेरान अली अपना यह मैच जीत कर सेमी फाइनल में जगह पक्की करना चाहेगा। इसके पूर्व आज के मुख्य अतिथि अताउल रहमान ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया आज के मैच रेफरी प्रिंस सैफी और मो नईम के साथ लाइन मैन मकबूल और परवेज ने भूमिका निभाई।



## खेलो इंडिया वीमेंस 'किक बॉक्सिंग लीग' का खेलगांव में हुआ शुभारंभ

### मुख्य अतिथि संजय सेठ व बिनय सिन्हा दीपू नें दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया

**आरएनएम। रांची**

शनिवार को खेलो इंडिया वीमेंस किक बॉक्सिंग लीग स्थानीय खेलगांव होटवार रांची में मुख्य अतिथि संजय सेठ सांसद लोकसभा रांची एवं विनय सिंह दीपू वरिष्ठ नेता प्रदेश महासचिव कांग्रेस के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर झारखंड के विभिन्न जिलों से आए हुए लगभग 325 खिलाड़ी एवं 75 ऑफिस येलो ने अपना योगदान दिया इस अवसर पर झारखंड की बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी ठाकुर ने बताया महिला खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे लाने के लिए केंद्र सरकार एवं वाको इंडिया कीक बॉक्सिंग फेडरेशन के द्वारा पूरे भारत में 27 स्थान पर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस लीग में स्वर्ण पदक विजेताओं का सीधी तौर पर राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का अवसर प्रदान होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद संजय सेठ ने कहा महिलाओं की अस्मिता की रक्षा करने के लिए खेल की भावना को और प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत की है और आज के इस वूमेंस किक बॉक्सिंग लीग में आए हुए सभी महिला खिलाड़ियों का हम रांची में स्वागत करते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू ने कहा ऐसे खेल को प्रोत्साहित करने से महिला खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होता है और झारखंड की खिलाड़ियों ने पहले भी देश में अपना परचम लहराया है और उम्मीद है कि कीक बॉक्सिंग में भी राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव ओवैस अराफात, करण कुमार, संस्कार तिवारी, सहित रांची जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गुलाम जावेद, वॉरिय उपाध्यक्ष विमल आनंद नाग, आलोक श्रीवास्तव, नौशाद खान, कलीम खान, कोषाध्यक्ष कमल किशोर कच्छप, संजीव श्रवास्तव सहित पूनम सिंह, अधिवक्ता प्रिया कुमारी, ब्लमदीना तिग्गा, इबरार अंसारी, गुलाम गौस कुरैशी, लालचंद लोहार, राहुल सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

## इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में बैजबॉल नहीं देखा : नाथन



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए दो एशेज टेस्ट मैचों में इंग्लैंड द्वारा खेले जाने वाले किसी भी तरह के 'बैजबॉल' को नहीं देखा, इससे पहले कि वह पिंडली की चोट के कारण अगले तीन मैचों में नहीं खेल पाए। 'बैजबॉल' शब्द इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम के 'बाज' उपनाम के आधार पर अस्तित्व में आया। लियोन ने चैनल 7 के फ्रंट बार शो में कहा, बैजबॉल के खिलाफ मेरा स्कोर 2-0 है इसलिए मैं खुश हूं। यदि आप मुझसे पूछें तो यह बहुत बकवास है। यह क्रिकेट का एक ब्रांड है जिसे अंग्रेज जारी रखना चाहते हैं। अब यह शब्दकोष में है जो बहुत असाधारण है।

## ऑस्ट्रेलिया का ऐतिहासिक स्टेडियम टूटेगा

### टीम इंडिया यहां तोड़ चुकी है ऑस्ट्रेलिया का घमंड

**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया ने लंबे समय बाद गाबा के मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम का घमंड तोड़कर पहली बार जीत हासिल की थी। अब इस स्टेडियम को ऑस्ट्रेलियाई सरकार तुड़वाने जा रही है। उक्त फैसला 2032 ग्रीष्मकालीन खेलों के कारण लिया जा रहा है। माना जा रहा है कि स्टेडियम को तोड़कर दोबारा बनाया जाएगा। इससे लोगों के बैठने की क्षमता तो बढ़ेगी ही साथ ही साथ सुविधाएं भी बढ़ा दी जाएंगी। क्वींसलैंड राज्य के उप प्रधान स्टीवन माइल्स ने शुक्रवार को पुष्टि की कि स्टेडियम का 2.7 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का पुनर्विकास, जिसे व्यापक रूप से गाबा के नाम से जाना जाता है, जल्द शुरू हो जाएगी। इस



परियोजना से स्टेडियम की बैठने की क्षमता 50,000 तक बढ़ जाएगी। इसके तहत गाबा स्टेडियम से नए भूमिगत रेलवे स्टेशन से भी जोड़ा जाएगा।

माइल्स ने कहा कि निर्माण में 4 साल लगेंगे, जो 2025 के अंत में गाबा में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज क्रिकेट टेस्ट की मेजबानी के बाद शुरू होगा और 2030 में पूरा होगा। माइल्स ने कहा कि यह एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ स्टेडियम होगा लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह शहरी नवीनीकरण को गति देगा जिसे हम देखना चाहते हैं ... यह रहने के लिए शहर के सबसे अच्छे हिस्सों में से एक होगा।

जुलाई 2021 में ब्रिस्बेन को बिना किसी प्रतिद्वंद्वी बोली के 2032 ओलिम्पिक मेजबान के रूप में चुना गया था जिससे यह 1956 में मेलबर्न और 2000 में सिडनी के बाद ग्रीष्मकालीन खेलों की मेजबानी करने वाला तीसरा ऑस्ट्रेलियाई शहर बन गया।

### हैरी केन के एकमात्र गोल ने बायर्न को तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया

**कोलोन।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन के गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने शुक्रवार को एफसी कोलन को 1-0 से हराकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। 12 लीग मैचों में यह केन का 18वां गोल था क्योंकि वह बुंडेसलीगा सीजन में 18 बार गोल करने वाले एकमात्र अंग्रेज बन गए। एरिक मैक्सिम चौपो-मोटिंग के शॉट को लाइन से क्लीयर किये जाने के बाद केन ने 20वें मिनट में नजदीकी रेंज से गेंद को गोल में पहुंचाया। चौपो-मोटिंग, साने और किंग्सले कोमन ने बायर्न की बढ़त को दोगुना करने के मौके गंवाए। जीत के परिणामस्वरूप बायर्न शनिवार को अपना मैच खेलने वाले बायर लेवरकुसेन से एक अंक आगे है। यदि वे वेर्डर ब्रेमेन में जीत हासिल करते हैं, तो लेवरकुसेन-जर्मन बुंडेसलिगा में एकमात्र अन्य अपराजित टीम-शीर्ष रैंक वापस ले लेगी। इंग्लैंड के रिकॉर्ड गोलस्कोरर के सामने अब थॉमस ट्यूशेल की ओर से सभी प्रतियोगिताओं में 17 मैचों में 22 गोल का रिकॉर्ड है।

## भारत 'ए' के खिलाफ टी20 शृंखला के लिए इंग्लैंड 'ए' टीम घोषित

### चार्ली डीन होंगी कप्तान

**एजेंसी। लंदन**

चार्ली डीन भारत 'ए' के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 शृंखला के लिए शनिवार को घोषित इंग्लैंड महिला 'ए' टीम का नेतृत्व करेंगी। इस शृंखला के तीनों मैच क्रमशः 29 नवंबर, 1 दिसंबर और 3 दिसंबर को खेले जाएंगे। ओमान में एक पखवाड़े लंबे प्रशिक्षण शिविर के बाद, टीम वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले तीन टी20 मुकाबलों से पहले मुंबई में अपनी तैयारियों को दुरुस्त करेगी। ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स पारिवारिक शोक के बाद टीम से हट गईं हैं, जबकि थंडर की लिबर्टी हीप अपनी कॉलर बोन में फ्रैक्चर के बाद घर लौट आई हैं। वह अपने उपचार के अगले चरण की योजना बनाने के लिए एक विशेषज्ञ से मिलेंगी।



इंग्लैंड 'ए' के मुख्य कोच माइकल बेट्स ने कहा, हम सभी भारत में आगामी टी20 मुकाबलों का पूरी तरह से इंतजार कर रहे हैं। हमने ओमान में एक बहुत ही उपयोगी शिविर का आनंद लिया है, समूह ने अच्छी तरह से प्रशिक्षण लिया है, कड़ी मेहनत की है और वास्तव में एक टीम के रूप में एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा, इंग्लैंड की महिला 'ए' खिलाड़ियों के लिए इंग्लैंड महिला प्रदर्शन कोचों के साथ काम करने के साथ-साथ वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ जुड़ने का अवसर मिलना शानदार अनुभव रहा है। यह हमारी तैयारी में एक और तत्व लेकर आया है और समूह के विकास को बढ़ाया है। उन्होंने कहा, भारत 'ए' के खिलाफ ये तीन मैच हमारे कौशल और प्रतिस्पर्धा करने की हमारी क्षमता का परीक्षण करने का एक शानदार तरीका होंगे और निस्संदेह खिलाड़ियों के लिए एक और रोमांचक सीखने का अवसर प्रदान करेंगे।

#### इंग्लैंड महिला 'ए' टीम

होली आर्मिटेज, हन्ना बेकर, चार्ली डीन, लॉरेन फाइलर, माहिका गौर, किर्स्टी गॉर्डन, फ्रेया केम्प, रियाना मैकडोनाल्ड-गे, ग्रेस स्क्रिवेंस, सेरेन स्माले, रियाना साउथबी, मैडी विलियर्स, इस्सी वोंग।

## यादों को ताजा

### सीएसके के साथ अपने सफर को लेकर बड़ी अंबाती रायडू का बड़ा बयान

# मुंबई इंडियंस के साथ सफर अच्छा रहा था

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने करियर की यादों को ताजा करते हुए कहा कि मुंबई इंडियंस के साथ उनका सफर शानदार था, लेकिन उन्हें अपना खास समय चेन्नई सुपर किंग्स में मिला। रायुडू ने 2010 में मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल में पदार्पण किया और 2017 संस्करण तक टीम के लिए खेले,साथ ही 2013, 2015 और 2017 में उनके साथ तीन खिताब जीते।



इसके बाद 2018 सीजन से पहले उन्हें सीएसके ने अपने साथ जोड़ा। उस संस्करण में, रायुडू ने बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, उन्होंने 16 पारियों में 43 की औसत से 602 रन बनाए थे, जिसमें उनका नाबाद 100 रन का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था, क्योंकि टीम ने स्पॉट फिक्सिंग और सट्टेबाजी में एक प्रमुख अधिकारी की संलिप्तता के कारण दो साल के निलंबन के बाद ट्रॉफी जीती थी। वह आईपीएल 2021 और 2023 का खिताब जीतने वाली सीएसके टीम के सदस्य थे। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिछले सीजन के बारिश से प्रभावित फाइनल में गुजरात टाइटन्स पर फ्रेंचाइजी की जीत के बाद उन्होंने लीग से संन्यास ले लिया था।

यूट्यूब पर प्रसारित द रणवीर शो पॉडकास्ट पर रायुडू ने कहा, मैं खुद को टीम के माहौल में बहुत लचीले होने के रूप में याद रखूंगा। मैं मध्यक्रम के साथ निचले मध्यक्रम के साथ भी खुलकर बल्लेबाजी कर रहा था। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां मुझे टीम के लिए योगदान करने पर बहुत गर्व है और मैं अपने करियर में उस पहलू को बहुत महत्व देता हूं।"

उन्होंने कहा,बेशक, मैंने मुंबई के लिए आठ साल तक खेला। मैंने अपने आईपीएल करियर की शुरूआत मुंबई से की। यह एक शानदार यात्रा थी और हमने तीन आईपीएल और दो चैंपियंस लीग ट्रॉफी जीतीं। हमने बहुत अच्छा समय बिताया।"

सीएसके में अपने समय के बारे में बात करते हुए, रायुडू ने आगे कहा, सीएसके में जाना और भी खास था, लेकिन दूसरे ड्रेसिंग रूम में बैठना, नीले के बजाय पीले पैड पहनना और मुंबई का सामना करना बहुत अजीब था। उन्होंने कहा, यह मेरे दिमाग में एक फ्लैशबैक की तरह चल रहा था, यह याद करते हुए कि हम हर दिन क्या करते थे। तब से, हाँ, मुझे सीएसके में रहने की आदत हो गई है। दाएं हाथ के पूर्व बल्लेबाज ने भारतीय क्रिकेट और आईपीएल में एक लीडर के रूप में एमएस धोनी की विरासत के बारे में भी विस्तार से बात की।

उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि धोनी ने सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, साथ ही कई खिलाड़ियों को चमकाया भी है, यहां तक कि उन्होंने सीएसके के लिए खेलने वाले कई विदेशी खिलाड़ियों से भी उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराया है। मुझे लगता है कि यह उनके अंदर है। मैं यह नहीं जानता कि इसे कैसे व्यक्त करूं, लेकिन इतना कहूंगा कि वह धन्य हैं और उन्होंने इतने वर्षों तक खेलते हुए इसे विकसित किया है।"

उन्होंने कहा, लेकिन कई बार मुझे आश्चर्य होता है कि वह ऐसा कुछ क्यों कर रहे हैं जो मुझे उचित नहीं लगता। लेकिन दिन के अंत में, परिणाम दिखाते हैं कि वह सही थे और 99.9 प्रतिशत बार वह सही हैं, इससे पता चलता है कि वह जानते हैं कि वह क्या कर रहे हैं और उन्होंने इसे इतने लंबे समय तक और इतनी सफलतापूर्वक किया है कि मुझे नहीं लगता कि कोई भी उनकी तरह ऐसा कर सकता है। भारतीय क्रिकेट अब उनके फैसलों पर सवाल उठाने की स्थिति में नहीं है क्योंकि वह काफी सफल रहे हैं।'

## स्पेन पर जीत के साथ ही जर्मनी इतिहास रचने की ओर अग्रसर



**एजेंसी। जकार्ता**

जर्मनी एक ही वर्ष में फीफा अंडर-17 विश्व कप और यूईएफए यूरोपीय अंडर-17 चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली टीम बनने से दो जीत दूर है।

मंगलवार को सेमीफाइनल में जर्मनी का सामना अर्जेंटीना से होगा, जिन्होंने अंतिम-आठ के तनावपूर्ण मुकाबले में अपने साथी यूरोपीय दिग्गज स्पेन को 1-0 से हरा दिया। बढ़ते आत्मविश्वास के जर्मनी की टीम अब इतिहास बनाने की राह पर है। जब 2023 में जर्मनी की अविश्वसनीय सफलता के बारे में पूछा कहा गया, तो कोच क्रिस्चियन वुक और उनके खिलाड़ियों दोनों के मुंह से एक शब्द निकलाः मानसिकता। वुक ने फीफा को बताया, यह विश्वास यहां भी है, जैसा कि यूरो में था। शायद हम विश्वास करने में सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। हम हारने के बारे में नहीं सोचते, हम जीतने के बारे में सोचते हैं। मानसिक रूप से हम मजबूत रहे हैं। अब, हम सेमीफाइनल में हैं, हम 2 दिसंबर तक रहना चाहते हैं, फाइनल खेलना चाहते हैं और जीतना चाहते हैं। स्पेन के मुकाबले में, जर्मनी ने उस टीम के खिलाफ गेंद के बिना काफी समय बिताया, जिसे वुक ने 'शायद तकनीकी रूप से दुनिया में सर्वश्रेष्ठ' बताया था।

## एक नजर

### भारत के विदेशी मुद्रा भंडार ने लगाई जोरदार छलांग, 595.40 अरब डॉलर पर पहुंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.08 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 595.40 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। 17 नवंबर को खत्म हुए सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.077 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 595.397 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। बता दें, पिछले सप्ताह में यह 462 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 590.321 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था। गौर करने वाली बात यह है कि अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार अब तक की सर्वकालिक ऊंचाई 645 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.39 अरब डॉलर बढ़कर 526.39 अरब डॉलर हो गया।

### आरबीआई ने देश के तीन बड़े बैंकों पर ठोका 10.34 करोड़ रुपए का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने विभिन्न नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन को लेकर सिटी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन ओवरसीज बैंक पर कुल 10.34 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि योजना से संबंधित मानदंडों और वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग पर आचार संहिता का पालन नहीं करने के लिए सिटी बैंक एनए पर सबसे अधिक पांच करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। एक अन्य विज्ञप्ति में कहा गया है कि कर्ज को लेकर सेंट्रल रिपोजिटरी' के गठन और अन्य मामलों से जुड़े कुछ निर्देशों के उल्लंघन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा पर 4.34 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा, चेन्नई स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक पर कर्ज संबंधित निर्देशों के उल्लंघन के लिए एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### बैंकों के नाम से हो रही साइबर ठगी पर सरकार हुई सख़्त

**नई दिल्ली।** बैंकों और ग्राहकों को साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए अब केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। वित्त मंत्रालय साइबर सुरक्षा से जुड़े मसलों पर बात करने के लिए अगले सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मुख्य कार्याधिकारियों के साथ बैठक करेगा। इस महीने की शुरूआत में कोलकाता के यूको बैंक के साथ हुई 820 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को देखते हुए यह बैठक की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि वित्त मंत्रालय ने पहले ही बैंकों से कहा है कि वे अपनी डिजिटल व्यवस्था और साइबर सुरक्षा से जुड़े कदमों की समीक्षा करें। मंत्रालय अब सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एमडी और सीईओ के साथ बैठक कर स्थिति की जानकारी लेगा। दरअसल, दीपावली के दौरान यूको बैंक एक आईएमपीएस धोखाधड़ी से प्रभावित हुआ था, जिसमें यूको बैंक के कुछ खाताधारकों के खाते में 820 करोड़ रुपये जमा किए गए थे।

# अगले साल फरवरी से मार्च तक मिल सकती है पीएम किसान योजना की 15वीं किस्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर, 2023 को देशभर के 8 करोड़ किसानों को बड़ी सौगात देते हुए पीएम किसान योजना की 15वीं किस्त ट्रांसफर कर दिया था। सरकार द्वारा 18,000 करोड़ रुपये की राशि किसानों को जारी किए गए हैं। 15वीं किस्त मिलने के बाद से ही यह सवाल उठने लगा है कि सरकार अगली किस्त के पैसे कब जारी करेगी।




**कब मिलेंगे 16वीं किस्त के पैसे :** मोदी सरकार पीएम किसान सम्मान निधि स्कीम के 16वीं किस्त के पैसे फरवरी, 2024 से मार्च, के बीच जारी कर सकती है। हालांकि, इस मामले में सरकार ने किसी तरह की आधिकारिक डेट का ऐलान नहीं किया है। गौरतलब है कि पीएम किसान सम्मान निधि स्कीम केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली ऐसी योजना है, जिसके जरिए गरीब किसानों के खाते में सरकार हर साल 6,000 रुपये कुल तीन किस्तों में ट्रांसफर करती है। सरकार किसानों को यह पैसे खेती से जुड़े खर्च के लिए देती है। कोई भी भूमिधरी किसान इस योजना का लाभ उठा सकता है। मगर वह किसी सरकारी नौकरी में नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही 10,000 रुपये से अधिक पेंशन प्राप्त करने वाले किसान और ईपीएफओ मेंबर आदि को भी योजना का लाभ नहीं मिल सकता है।

**पीएम किसान स्कीम के लिए कैसे करें अप्लाई :** अगर आप भी पीएम किसान योजना का लाभ उठाना चाहते हैं तो योजना के लिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। हम आपको इसका स्टेप बाय स्टेप प्रोसेस बता रहे हैं।

- ◆ऑनलाइन एप्लीकेशन के लिए योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें।
- ◆यहां न्यू फार्मर रजिस्ट्रेशन के विकल्प को चुनें। आगे अपना आधार और कैप्चा कोड को दर्ज करें।
- ◆फिर आपकी जमीन शहरी या ग्रामीण इलाके में है, इस विकल्प को चुनें।
- ◆आगे अपना आधार नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज करें।
- ◆ इसके बाद आपके मोबाइल पर ओटीपी आएगा, जिसे दर्ज कर दें।
- ◆इसके बाद रजिस्ट्रेशन के लिए आगे बढ़ें। आगे आपको अपने प्रदेश, जिला, गांव, बैंक डिटेल्स और पर्सनल डिटेल्स जैसी सभी जानकारी चेक करनी होगी।
- ◆आगे आधार का प्रमाणीकरण करना होगा।
- ◆केवाईसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आपको अपने जमीन से जुड़े डॉक्यूमेंट्स भी अपलोड करने पड़ेंगे। इस तरह योजना के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगा।

# अडानी समूह के शेयरों में तेजी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी के बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में तेजी आई और उसका बाजार पूंजीकरण लगभग 15,000 करोड़ रुपए बढ़ गया। उच्चतम न्यायालय ने समूह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों की जांच के अनुरोध वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई की और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में नौ के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इसके साथ ही शुक्रवार को समूह का बाजार पूंजीकरण 14,786 करोड़ रुपए बढ़ गया। अडानी समूह की 10 कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण को कारोबार बंद होने पर लगभग 10.26 लाख करोड़ रुपये रहा। एक दिन पहले यह आंकड़ा 10.11 लाख करोड़ रुपए था। समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने 2.58 प्रतिशत बढ़ी, जिससे उसका बाजार पूंजीकरण 2.53 लाख करोड़ रुपए हो गया। इसके अलावा अडानी पावर में 4.06 प्रतिशत, अडानी टोटल गैस में 1.2 प्रतिशत, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस में 0.84 प्रतिशत और अडानी ग्रीन एनर्जी में 0.77 प्रतिशत की बढ़त हुई। अडानी समूह में सिर्फ अंबुजा सीमेंट को गिरावट का सामना करना पड़ा और कंपनी के शेयर 0.31 फीसदी टूटकर बंद हुए।

# भारत में गरीबों को रोजगार देने वाला मनरेगा बना भ्रष्टाचार का एपिक सेंटर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना पर केंद्र सरकार की सोशल ऑडिट से बड़ा खुलासा हुआ है। सोशल ऑडिट में कहा गया है कि गरीबों के लिए बने इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। दिलचस्प बात यह है कि यह ऑडिट सिर्फ गिने-चुने राज्यों में ही हुआ है। 5 राज्यों में यह ऑडिट 50 प्रतिशत तो केरल में 100 प्रतिशत पंचायतों में किया गया है। केंद्र के बार-बार कहने के बावजूद मध्य प्रदेश-तेलंगाना समेत कई राज्यों ने इस काम को पूरा नहीं किया।



जिन राज्यों ने 50 प्रतिशत से ज्यादा पंचायतों में यह ऑडिट का काम किया है, उनमें बिहार (64.4%), गुजरात (58.8%), जम्मू और कश्मीर (64.1%), ओडिशा (60।42%) और उत्तर प्रदेश (54.97%) शामिल हैं।

जानकारों का मानना है कि जिन राज्यों ने सोशल ऑडिट का काम पूरा नहीं किया है, उन राज्यों ने भ्रष्टाचार के आरोपों को और ज्यादा बल दे दिया है। मनरेगा में भ्रष्टाचार का आरोप लंबे वक्त से लग रहा है। ऐसे में आज की इस स्टोरी में विस्तार से जानते हैं कि गरीबों को नौकरी देने वाली यह योजना कैसे और क्यों भ्रष्टाचार का एपिक सेंटर बन गया?

**मनरेगा यानी गांव में गरीबों को रोजगार की गारंटी :** 1991 में कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने गांव में लोगों को रोजगार देने के लिए एक गारंटी योजना लाने का प्रस्ताव तैयार किया। हालांकि, सियासी उथल-पुथल की वजह से इसे अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। 2004 में जब मनमोहन सिंह की सरकार बनी, तो इस पर तेजी से काम शुरू हुआ। 2006 में मनमोहन सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ जिलों में इसे लागू किया। यह योजना सफल साबित हुआ, जिसके बाद 2008 में इसे पूरे देश में लाया गया। मनरेगा के तहत गांवों में सभी मजदूरों को साल में 100 दिन काम देने की गारंटी दी गई।

# वॉरेन बफे की कंपनी ने पेटीएम में अपना पूरा हिस्सा 1371 करोड़ में बेचा

**नई दिल्ली।** दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे ने पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशन में अपनी पूरी 2.46 फीसदी हिस्सेदारी 1,371 करोड़ में बेच दी है। इसमें बफे को प्रति शेयर 31% का घाटा हुआ है, जिससे दिग्गज निवेशक को 620 करोड़ से ज्यादा का घाटा हुआ है। 2018 में उन्होंने करीब 2,200 करोड़ रुपए में कंपनी में 2.6 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी। बर्कशायर के पास 1.56 करोड़ शेयर थे। एनएसई के मुताबिक, इन शेयरों को 877.29 रुपए प्रति शेयर पर बेचा गया। कोपथाल मॉरिशस इन्वेस्टमेंट व घिसालो फंड ने पेटीएम में 1.86 फीसदी हिस्सेदारी 1,039.52 करोड़ में खरीदी है। एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार को शेयरों का निपटान औसतन 877.29 रुपए प्रति शेयर पर किया गया, जिससे लेनदेन का मूल्य 1,370.63 करोड़ रुपए हो गया।

## विदेश

### मलेशिया सहित 6 देशों पर मेहरबान हुआ चीन

# नागरिकों को बगैर वीजा के प्रवेश की देगा अनुमति

**एजेंसी। बीजिंग**

चीन ने ऐलान किया कि वह पांच यूरोपीय देशों और मलेशिया के नागरिकों को बगैर वीजा के प्रवेश की अनुमति देगा क्योंकि व्यापार एवं पर्यटन के उद्देश्य से अधिक से अधिक लोगों को यात्रा पर आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्पेन और मलेशिया के नागरिकों को एक दिसंबर से बगैर वीजा के 15 दिनों के लिए चीन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसे परीक्षण के आधार पर शुरू किया गया है और यह एक साल प्रभावी रहेगा। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दैनिक प्रेस वार्ता में कहा कि इस कदम का उद्देश्य विदेशी नागरिकों को यात्रा के लिए प्रोत्साहित करना और बाहरी विश्व के लिए उच्च स्तर पर चीन को खोलना है। कोविड-19 महामारी को लेकर लगाई गई




कड़ी पाबंदियां करीब तीन वर्षों बाद इस साल की शुरूआत में हटाई गईं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या महामारी पूर्व के स्तर पर आनी अभी बाकी है। चीन ने पूर्व में, ब्रूनेई, जापान और सिंगापुर के नागरिकों को वीजा के बगैर सिंगापुर में प्रवेश की अनुमति दी थी, लेकिन कोविड-19 के प्रसार के बाद इसे स्थगित कर दिया था। इसने जुलाई में ब्रूनेई और सिंगापुर के लिए बगैर वीजा के प्रवेश को बहाल किया, लेकिन अबतक जापान के लिए ऐसा नहीं किया है। चीन में यूरोपीय संघ चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने इस घोषणा का स्वागत किया तथा उम्मीद जताई कि और भी यूरोपीय देशों के नागरिकों को जल्द ही बगैर वीजा के यात्रा की अनुमति दी जाएगी। इसने एक बयान में इसे व्यावहारिक प्रयास बताया, जो कारोबार के लिए विश्वास बढ़ाएगा।

### युद्धविराम समझौते के तहत इजराइली जेलों से रिहा किये गये नाबालिग व महिलाएं

# फिलीस्तीनियों की आंखों में दिखे खुशी के आंसू

**एजेंसी। यरूशलम**

इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के तहत इजराइली जेलों से रिहा हुए तीन दर्जन से ज्यादा फलस्तीनियों का वेस्ट बैंक पहुंचने पर जबरदस्त तरीके से स्वागत किया गया। रिहा किए गए कैदियों में कुछ को छोटे अपराधों के लिए और कुछ को हमलों के लिए दोषी ठहराया गया था। इन सभी कैदियों को यरूशलम के बाहर एक जांच चौकी पर रिहा किया गया, जहां भारी संख्या में फलस्तीनी लोग एकत्रित हुए थे। इन लोगों ने नारे लगाएं, तालियां बजाईं और हाथ हिलाएं। रिहा किए गए कैदियों में पंद्रह युवक स्तब्ध दिखाई दे रहे थे।

मैले कपड़े पहने, थकावट से चूर ये युवक रिहा होने के बाद जब अपने-अपने पिता से मिले तो उनके कंधों पर सिर रखकर रोते हुए दिखाई दिए। रिहाई का समय रात का था लेकिन आतिशबाजी की वजह से आसमान अलग-अलग रंगों से पटा हुआ दिखाई दिए वहीं देशभक्ति के संगीत ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया। रिहा किए गए कैदियों में से कुछ ने फलस्तीनी झंड़ों को हाथ में लिया हुआ था तो कुछ ने हमास के हरे झंड़ों को अपने कंधों पर लिया हुआ था। जांचचौकी से बाहर निकलने के बाद उन्होंने जीत का संकेत दिया। रिहा हुए कैदियों में एक 17 साल का लड़का जमाल बाहमा भी था, जो उस दौरान धक्का-मुक्की कर रहे पत्रकारों और नारे लगाते हजारों फलस्तीनी की भीड़ में कुछ कहने की कोशिश कर रहा था। जमाल ने कहा, मेरे पास शब्द नहीं है, मेरे पास शब्द नहीं है। उसने कहा, भगवान का शुक्र है।



जमाल के पिता ने जब अपने बेटे को गले से लगाया तो उनकी आंखों से आंसू गिरने लगे, क्योंकि वह सात महीनों में पहली बार अपने बेटे को देख रहे थे। इजराइली बलों ने जमाल को पिछले वसंत में फलस्तीनी शहर जेरिको में उसके घर से गिरफ्तार किया था और बिना किसी सुनवाई व आरोप के उसे हिरासत में रखा हुआ था। जमाल के पिता ने कहा, मैं उसे फिर से पिता की परवरिश देना चाहता हूं। इजराइल और हमास के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम शुक्रवार को शुरू हुआ, जिसके दौरान इजराइली

## पेज एक के शेष

### पाकुड़ वासियों को 153...

गठरी लेकर पहुंच रहे हैं और आपको उससे जोड़ने का काम कर रहे हैं । यहां लगने वाले शिविरों में अधिकारियों का दल आपकी हर समस्या के समाधान के लिए मौजूद हैं। आप इन शिविरों में आएं और योजनाओं से जुड़े और दूसरों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

**गरीबों के सुख-दुख में हमेशा साथ है सरकार :** यह सरकार आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों की सरकार है। यह सरकार गरीबों के हर सुख -दुःख में उनके साथ खड़ी है और पूरी संवेदनशीलता के साथ उनकी सेवा कर रही है।

**अब पेंशन के लिए इंतजार नहीं करना होगा :** पहले बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था । जब तक विधवाओं की उम्र 40 वर्ष और दिव्यांगों की उम्र 18 वर्ष से अधिक नहीं हो जाती थी, उन्हें पेंशन योजना से नहीं जोड़ा जाता था। लेकिन, हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर इन सारी बाध्यताओं को खत्म कर दिया है । आज सभी योग्य पात्रों को यूनिवर्सल पेंशन स्कीम का लाभ लाभ मिल रहा है।

**शिक्षा और रोजगार पर विशेष जोर :** क्वालिटी एजुकेशन और नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने पर सरकार का विशेष फोकस है। निजी विद्यालयों के तर्ज पर सरकारी विद्यालयों के बच्चों को शिक्षा देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं । आदर्श विद्यालयों के गठन के साथ सरकारी विद्यालयों को पठन- पाठन से संबंधित संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं । छात्रावासों का जीर्णोद्धार हो रहा है । इसके अलावा विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और अन्य कोर्सेज करने के लिए आर्थिक सहायता सरकार दे रही है। वहीं, दूसरी तरफ पढ़े-लिखे और कम पढ़े लिखे एवं स्वरोजगार के इच्छुक नौजवानों के रोजगार के लिए भी सरकार की कार्य योजना है । आज बड़े पैमाने पर सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरी दी जा रही है तो मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से युवाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे अपना रोजगार कर सकें।

### मेक इन इंडिया पहल....

प्रधानमंत्री मोदी रक्षा उत्पादों के स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहन देते रहे हैं। उन्?होंने 2024-25 तक पांच अरब डॉलर के रक्षा निर्यात का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान भारत ने अब तक के सर्वाधिक 15 हजार नौ सौ 20 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात किया।

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तेजस उड़ान स्वदेशी क्षमताओं को बढ़ावा देने में देश की शक्ति का प्रतीक है। श्री ठाकुर ने कहा की यह देश की तकनीकी उन्नति में निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा की यह नवाचार और रणनीतिक नेतृत्व के साथ आत्मनिर्भर बनने की देश की क्षमता प्रदर्शित करता है।

### योगेंद्र तिवारी की जमानत....

अस्पताल के पास स्थित आवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी के डी-2 स्थित मेसर्स संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड और जामताड़ा के दो ठिकाने शामिल हैं. छापेमारी के बाद ईडी ने कई बार योगेंद्र तिवारी को समन जारी कर पूछताछ के लिए रांची स्थित जोनल कार्यालय बुलाया था.

### भ्रष्टाचारी को गर्वनर बना...

लगाने लगता है. मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को इस बात की तकलीफ है कि हमारी सरकार गरीबों को मजबूत कैसे कर रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष उनके हर काम में अड़ंगा लगाता है. सीएम हेमंत ने कहा कि हमारी सरकार डरने वाली नहीं है बल्कि लड़ने वाली है. उन्होंने कहा कि हम विपक्ष की गठरी बना कर गुजरात भेज देंगे. इसमें 2-4 आदिवासी नेता भी शामिल हैं.

**अहम विधेयक पर कुंडली मारके बैठे हैं राज्यपाल**

सीएम यहीं नहीं रुके. उन्होंने पूर्व राज्यपाल रमेश बैस और मौजूदा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन पर भी जम कर हमला किया. कहा कि हमने आदिवासियों की पहचान के लिए सरना धर्म कोड विधानसभा से पारित कराया, लेकिन उसे केंद्र की मंजूरी नहीं मिली. ओबीसी आरक्षण बिल पर राज्यपाल कुंडली मार कर बैठे हैं. सीएम ने राज्यपाल पर राजनीतिक व्यक्ति की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बाकी गैर बीजेपी शासित राज्यों में भी राज्यपालों का यही हाल है. विधानसभा से पारित बिल को कानून नहीं बनने देते. सरकारों को सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ रहा है. मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पर जबरदस्त पलटवार किया है. उन्होंने इशारों ही इशारों में मरांडी पर कड़ा प्रहार किया. कहा कि जुलाई 2023 में प्रदेश बीजेपी की कमान सौंपी गई. इससे पहले उनको सदन में नेता प्रतिपक्ष के लिए भी नामित किया गया था लेकिन दल-बदल मामले को लेकर इसकी मंजूरी नहीं मिली. पिछले 3 वर्षों में बीजेपी की ओर से वे ही हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ मुखर रहे हैं. ऐसा एक भी दिन नहीं जाता जब बाबूलाल मरांडी ने भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विधि-व्यवस्था के मुद्दे पर हेमंत सोरेन सरकार पर हमला न बोला हो. कहा कि एक आदिवासी नेता शिबू सोरेन बनने निकला था. 14 साल तक लाख कोशिशों के बाद जब शिबू सोरेन नहीं बन पाया, तो अब उनके शावकों से उलझता है.

### शिबू सोरेन जैसा नहीं है ....

मुख्यालय के सर्किट हाउस में कार्यकताओं के साथ बैठक की और कार्यकताओं को आगामी चुनाव में सभी सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का टिप्स दिया।

### क्या विदेशों की तरह सिर्फ....

अपना मनोरंजन करने का नहीं है. बल्कि यह हमारा क्षण है कि हम सब कुछ करें और एक ही पीढ़ी में वो सब तैयार कर दें जो अन्य देशों ने कई पीढ़ियों में किया है.मेकमाईट्रिप के चीफ एचआर अधिकारी युवराज श्रीवास्तव भी इस बात से सहमत हैं, जिनका मानना ??है कि इन्फोसिस के संस्थापक ने 70 घंटे की बात प्रतीकात्मक अर्थों में कही है, इसे शब्दशः लेने की जरूरत नहीं है. उन्होंने कहा, 'युवाओं के देश के रूप में हमें अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है और यह सुनिश्चित करना है कि उत्पादकता प्रभावित न हो. आज बाजार की मांग, व्यापार, देश, जिस विकास दर की हम उम्मीद कर रहे हैं, उसका मतलब है कि देश को आगे ले जाने के लिए हर किसी को बहुत कुछ करने की जरूरत है.'बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन लैब तलाववी के सीईओ राजेश पद्मनाभन कहते हैं, अलग-अलग अपेक्षाओं के साथ मिलकर काम करने वाले वर्क फोर्स की पांच पीढ़ियों को पिछले जापानी या जर्मन मॉडल पर वापस जाने के बजाय आपसी सहमति से नया क्रांतिकारी मॉडल खोजने की जरूरत है. टेक्नॉलजी के उपयोग से स्मार्ट वर्किंग, पारदर्शिता के उपायों के साथ कामकाज में लचीलापन जैसे पहलुओं को शामिल किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि घंटों में बांधने के खिलाफ विद्रोह हो रहा है.प्रॉपटेक यूनिकॉर्न नोब्रोकर के सीईओ अमित अग्रवाल कहते हैं, 'एक निश्चित अवधि के बाद व्यक्ति बौद्धिक रूप से सतर्क नहीं रह सकता है. अगर आउटपुट पर असर पड़ता है तो क्या फायदा? मैं आम तौर पर अपने कर्मचारियों से, चाहे वे किसी भी उम्र के हों, लंबे समय तक काम करने के लिए नहीं कहूंगा, जब तक कि यह ग्राहक की आपातकालीन स्थिति या अग्निशमन की स्थिति न हो. मैं उन्हें उत्पादक ढंग से काम करने, आउटपुट पर ध्यान केंद्रित करने और वर्क-लाइफ बैलेंस बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करता हूं.आउटपुट महत्वपूर्ण है, घंटे नहीं. अपग्रेड के संस्थापक और प्रसिद्ध टीवी प्रोड्यूसर रॉनी स्क्रूवाला कहते हैं, 'उत्पादकता बढ़ाना केवल लंबे समय तक काम करना नहीं है. यह आप जो करते हैं उसमें बेहतर होने के बारे में है - अपस्किलिंग, सकारात्मक कार्य वातावरण और किए गए काम के लिए उचित वेतन. किए गए कार्य की गुणवत्ता > अधिक घंटों में पूरा होना.'मैनेजमेंट कन्सल्टिंग फर्म मर्सर में भारत और दक्षिण एशिया के कमर्शियल लीडर अरविंद यूसरे का मानना ??है कि आदर्श रूप से उच्च उत्पादकता केवल अतिरिक्त घंटों के बजाय बेहतर कौशल, टेक्नॉलजी, बेहतर पॉलिसी, वर्क कल्चर आदि में निवेश से आनी चाहिए. 'आज की युवा पीढ़ी पेशेवर रूप से योगदान देने के साथ-साथ अपने व्यक्तिगत स्थान और पारिवारिक समय की भी रक्षा करना चाहती है. जिम्मेदार एंप्लॉयर एक संतुलित दृष्टिकोण को बढ़ावा दे रहे हैं, ताकि कर्मचारी थकें नहीं.'भारतपे के पूर्व एमडी अशनीर ग्रोवर ने लिखा, 'मुझे लगता है कि लोग नाराज हो गए क्योंकि काम को अभी भी 'नतीजे' से ज्यादा 'घंटों' में मापा जा रहा है. दूसरी बात यह है कि लोगों को ऐसा लग रहा है मानो युवाओं का आलस्य ही भारत को विकसित होने से रोक रहा है. शौकिया- क्रिकेट, धर्म, जाति या भाषा से ज्यादा नाराज होना हमें एक करता है.'सॉफ्टबैंक इंडिया के कंट्री हेड और भारती एयरटेल के सीईओ रह चुके बिजनेस ट्रांसफोर्मेशन एडवाइजर मनोज कोहली कहते हैं, 'अगर हमें 2047 तक विकसित देश का दर्जा हासिल करना है, जो कि एक घोषित उद्देश्य है, तो हमें उस लक्ष्य की दिशा में काम करना होगा. प्रतिभा की प्रचुरता को देखते हुए भारत की समृद्धि शिक्षा और कड़ी मेहनत से निकलेगी. अगर हमें उस लक्ष्य तक पहुंचना है तो हमें आगे बढ़ना होगा- उस बिंदु तक नहीं जहां आप थक जाएं और अपना जुनून और स्वास्थ्य खो दें- बल्कि एक शानदार लक्ष्य हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें.'जबकि, डेलॉयट इंडिया के ह्यूमन कैपिटल कंसल्टिंग पार्टनर संकल्प मोहंती कहते हैं, 'उत्पादकता का मुद्दा अपने आप में बहुत सही है, लेकिन युवा पीढ़ी यह भी उम्मीद करती है कि वो कहां काम करते हैं, कब काम करते हैं और नियोक्ता के साथ कैसे जुड़ते हैं, इसमें अधिक लचीलापन हो.संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि वो प्रॉडक्टिविटी बढ़ाते हुए इन बातों का ध्यान रखें.'

मोटे तौर पर भारत में कार्यरत कंपनियों के नपे तुले बयान से अलग इंडिया और भारत तथा झारखंड भी है जहां की जमीनी सच्चाइयां अलग हैं. वैश्विक स्तर पर भारत की बात करें तो यहां की सबसे बड़ी समस्या इसकी सवा करोड़ से ऊपर की भारी भरकम आबादी है जो स्वास्थ्य,बेरोजगारी और पेट भरने की चुनौती से जूझ रही है . रोज कमाओ और रोज खाओ वाली बहुसंख्य इस आबादी को सप्ताह में दो दिन आराम की नहीं बल्कि भोजन की है .कृषि आधारित अर्थव्यवस्था वाला यह देश परिश्रमी और अधिक से अधिक काम करने वाले लोगों के कारण अमेरिका,कनाडा जैसे देशों में वहां के नागरिकों से अधिक समृद्ध और गिरमिटिया मजदूर के रूप में अनेक देशों में प्रतिष्ठित हुए हैं. ऐसे लोग झारखंड में भी बहुतायत में हैं जो सीमित साधनों में भी संतुष्ट और खुश हैं. इस बड़ी आबादी के सामने आराम और छुट्टी की नई परिभाषा कुछ वर्षों पहले गढ़ी गई जब सचिवालयों सहित बड़े अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय कार्यदिवस तय किए गए पर जिला स्तर पर पूर्ववत छः दिवसीय कार्यदिवस ही रहे.दिलचस्प यह है कि पांच दिवसीय कार्यदिवस की अवधारणा यह होती है कि पांच दिन अधिक कार्य किए जाएं जो पश्चिमी देशों की ईमानदार कार्यसंस्कृति पर आधारित थी और यहां दुर्भाग्य से सार्वजनिक सेवाओं में ऐसा नहीं हो पाया. अनेक सरकारी कार्यालयों में कार्यावधि में वृद्धि सिर्फ कागजों तक की सीमित रह गई . कोरोना के कारण बंद हुई बायोमेट्रिक हाजरी अब अधिकांशतः प्रचलन में नहीं है .भय इस बात का है कि यदि यह संस्कृति निचले स्तर तक पहुंची तो करोड़ों कार्यदिवस का नुकसान शुरू होगा जो भारत के लिए घातक होगा.





# कांग्रेस-बीआरएस ने राज्य के लोगों से किया विश्वासघात : पीएम मोदी



**एजेंसी। हैदराबाद**

प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर तेलंगाना के लोगों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने वादा किया कि विधानसभा के चुनाव में जीत के बाद भाजपा पिछड़े वर्ग से मुख्यमंत्री बनाएगी। नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के कामारेड्डी में एक चुनावी जनसभा में भाजपा को वादा पूरा करने वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि हल्दी बोर्ड का गठन और जनजातीय विश्वविद्यालय का वादा हमने पूरा किया है। राज्य के दलितों के एक वर्ग माडिगा को सशक्त करने के लिए केंद्र सरकार प्रयास कर रही है। इस संबंध में उन्होंने कल अधिकारियों से बातचीत भी की है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। वहां भी केंद्र सरकार पुरजोर तरीके से इस वर्ग के हित की बात करेगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की केसीआर सरकार ने सिंचाई परियोजनाओं को एटीएम के तौर पर इस्तेमाल किया है। हर सिंचाई परियोजना में भ्रष्टाचार हो रहा है। परियोजना की लागत लगातार बढ़ रही है और काम पूरा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि केसीआर सरकार ने युवाओं की उपेक्षा की और उनके शिक्षा और रोजगार के लिए कोई काम नहीं किया। कांग्रेस और बीआरएस को भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीआरएस पहले टीआरएस थी और कांग्रेस के गठबंधन का नाम पहले यूपीए था। अब इन्होंने अपने नाम बदल लिए हैं लेकिन नाम बदलने से इतिहास नहीं बदलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार एमएसपी के तहत 20 लाख टन की अतिरिक्त खरीद करेगी। साथ ही गरीबों को अगले 5 वर्षों तक मुक्त राशन मिलता रहेगा। उन्हें विश्वास है कि तेलंगाना और तेलुगु लोगों ने मुश्किल वक्त में जिस तरह से भाजपा का साथ दिया है वह आगे भी साथ देते रहेंगे।

## तेलंगाना के विकास के लिए भाजपा का जीतना जरूरी : शाह



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि तेलंगाना के विकास से लिए राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार समय की मांग है। शाह ने शनिवार को हैदराबाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना में केसीआर की सरकार ने भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति की है। कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम तीनों पार्टियों को सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। राज्य का विकास इनकी प्राथमिकता नहीं है। शाह ने कहा कि वह तेलंगाना की जनता से कहना चाहते हैं कि आपने कांग्रेस को मौका दिया वो बीआरएस में शामिल हो गए, बीआरएस को मौका दिया तो उन्होंने भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण के अलावा कोई काम नहीं किया। इस बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाइये, हम तेलंगाना निर्माण के लिए जिन युवाओं ने बलिदान दिया, उनके स्वप्नों को पूरा करने का काम करेंगे। शाह ने कहा कि किसी भी सरकार की विश्वसनीयता इससे पता चलती है कि उसने जो वादे किये थे वो पूरे हुए या नहीं। लेकिन केसीआर की सरकार ने तेलंगाना की जनता से किए वादे पूरे न करके केवल घोटाले करने का काम किया है। उन्होंने अपने घोषणा पत्र में 01 लाख नौकरियां देने का वादा किया था लेकिन 08 से ज्यादा पेपर लीक हुए, भर्तियां तो हुई ही नहीं। केसीआर ने वादा किया था कि वह 40 लाख बच्चों को मुफ्त शिक्षा देंगे, वो भी नहीं हुआ। 07 लाख गरीबों को घर देने का वादा भी नहीं पूरा कर पाए। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना में 119 विधानसभा सीटें हैं। यहां एक ही फेज में 30 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

## एक नजर

### टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन मर्डर केस में 4 दोषियों को उम्रकैद




**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के लिए दोषी ठहराए गए दोषियों की सजा का एलान हो चुका है। चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा जुर्माना भी लगाया गया है। शुक्रवार को दोषियों की सजा पर बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला 25 नवंबर के लिए सुरक्षित रख लिया था। एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली विश्वनाथन की 30 सितंबर, 2008 की सुबह दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह काम से घर लौट रही थीं। पुलिस ने दावा किया कि मकसद डकैती था।

### नोएडा में चलती कार में आग लगी, दो लोग जिंदा जले

**गौतमबुद्धनगर।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 इलाके में शनिवार सुबह एक कार में आग लग गई। इस दौरान कार सवार दो लोग जिंदा जल गए। पुलिस ने शवों को कार से बाहर निकाल लिया है। यह हादसा आम्रपाली प्लेटिनम सोसायटी सेक्टर-119 में सुबह करीब छह बजे हुआ। सूचना पाकर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम ने आग को बुझाया। पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच की गई। मृतकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### नरैना दादू पीठाधीश्वर महंत गोपाल दास का जयपुर में निधन



**जयपुर।** दादू पीठ संप्रदाय की सबसे बड़ी पीठ नरैना दादू पीठाधीश्वर महंत गोपाल दास का शनिवार को निधन हो गया। दोपहर 1:30 बजे उन्होंने जयपुर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। तबीयत खराब होने के बाद महंत गोपाल दास को पिछले दिनों जयपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने दोपहर 01.30 बजे अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम यात्रा जयंतराम जी महाराज की बारहदरी के लिए रविवार सुबह 10 बजे से निकलेगी।

## राजस्थान में मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न

# 68.24 प्रतिशत पड़े वोट




**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए शनिवार को मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। शाम छह बजे संपन्न हुए मतदान में सायं पांच बजे तक 68. 24 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे इसके बाद हुए नामांकन के आंकड़ें अभी आना शेष हैं। बता दें राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए मतदान आज सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक शुरू हुआ था। राजस्थान में विधानसभा की 199 सीट पर चुनाव के लिए मतदान शनिवार यानि शनिवार की सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक जारी रहा।

एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न एक बजे तक 40.27 प्रतिशत मतदान हुआ है। राज्य की 199 विधानसभा सीट पर मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ, जो शाम छह बजे तक चलेगा। अधिकारी ने बताया कि एक बजे तक तिजारा सीट पर 52.36 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य की 200 विधानसभा सीट में से 199 सीट पर मतदान हो रहा है। करणपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार की मृत्यु के कारण मतदान स्थगित कर दिया गया है।

## उत्तरकाशी टनल हादसा

# हैवी ऑगर मशीन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त



### मैनुअल ड्रिलिंग पर किया जा रहा विचार

**एजेंसी। उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी टनल हादसे का शनिवार को 14वां दिन रहा। शुक्रवार को 47 मीटर की ड्रिलिंग होने के बाद जब आगे की ड्रिलिंग की जा रही थी तो दिक्कतें आने लगी थी। ड्रिलिंग करते समय मलबे में लोहे की रॉड आने से परेशानियां हो रही थी। जिसके बाद शुक्रवार की देर रात से ही ड्रिलिंग बंद है। वहीं, जिस अमेरिकी हैवी ऑगर मशीन से उम्मीदें थी, उसने भी अब दम तोड़ दिया है। करीब चार बार सुरंग का मलबा साफ करने के दौरान हैवी ऑगर मशीन से लोहे की रॉड और पाइप टकराई थी, जिसके कारण ऑगर मशीन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। इन सबको देखते हुए अब मैनुअल ड्रिलिंग पर विचार किया जा रहा है।

पहाड़ी के ऊपर से भी ड्रिलिंग के बारे में सोचा जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ, अर्नोल्ड डिक्स ने कहा कि अब ऑगर ड्रिलिंग मशीन की मदद नहीं मिल पाएगी। अब भी हमारे पास रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के कई रास्ते हैं। लेकिन, अब आप रेस्क्यू ऑपरेशन में ऑगर मशीन को नहीं देख पाएंगे। ऑगर मशीन खत्म हो गयी है।



### टनल एक्सपर्ट अर्नोल्ड का दावा- क्रिसमस तक बाहर निकाल लिए जाएंगे मजदूर

उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए जारी रेस्क्यू ऑपरेशन का आज 14 वां दिन है। उम्मीद जताई जा रही थी कि शनिवार को सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा, लेकिन फिर एक बार उम्मीद टूट गई। रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर अंतरराष्ट्रीय टनल एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने दावा किया है, जिसने चिंता बढ़ा दी है। डिक्स ने कहा, भीतर मजदूर सुरक्षित हैं। हम क्रिसमस तक सभी 41 मजदूरों को बाहर निकाल लाएंगे। डिक्स के मुताबिक मजदूरों को निकालने में अब एक महीने का समय लगेगा।

### 'संविधान दिवस' के मौके पर आज संबोधित करेंगे उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** विधि एवं न्याय मंत्रालय भारतीय विधि संस्थान के सहयोग से आज विज्ञान भवन में संविधान दिवस मनाएगा। उपराष्ट्रपति धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे। वे पूर्ण सत्र में मुख्य भाषण देंगे। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विश्व और उसमें रहने वालों की भलाई के साथ संवैधानिक मूल्यों और वैश्विक आकांक्षाओं के बीच महत्वपूर्ण संबंध का पता लगाना भी है। 26 नवंबर, 1949 को भारत के लोगों ने संविधान को अपनाया था। इस वर्ष समारोह के अंग के रूप में पांच तकनीकी सत्रों वाली एक राष्ट्रीय स्तर की परिवर्तनकारी संगोष्ठी आज अपराह्न 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। इससे कानूनी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और शिक्षा जगत सहित अन्य लोगों को 2047 के विजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के कानूनों की सुधारात्मक जरूरतों पर विचार-विमर्श करने का अवसर मिलेगा। कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण कुमार मिश्रा, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुश्री इंदिरा बनर्जी और कानूनी मामलों के सचिव डॉ. नितेन चंद्रा भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

## पीएम मोदी की सुरक्षा चूक मामला

# पंजाब पुलिस के एसपी निलंबित

**एजेंसी। चंडीगढ़**


पिछले साल जनवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिरोजपुर जिले की यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक के लिए जिम्मेदार मानते हुए पंजाब पुलिस के एसपी गुरबिंदर सिंह को निलंबित कर दिया गया है। गुरबिंदर सिंह, जो इस समय बठिंडा में तैनात हैं, पर कर्तव्य में लापरवाही का आरोप लगाया गया है। सुरक्षा में चूक 5 जनवरी, 2022 को हुई थी, जब मोदी फिरोजपुर के हुसैनीवाला जा रहे थे और उनके काफिले को रुकना पड़ा और बाद में प्रदर्शनकारियों द्वारा उनका रास्ता रोके जाने के बाद काफिले ने यू-टर्न ले लिया। प्रधानमंत्री करीब 20 मिनट तक फ्लाईओवर पर फंसे रहे थे। इस घटना के समय पंजाब में कांग्रेस सत्ता में थी। मोदी की यात्रा के दौरान गुरबिंदर सिंह को फिरोजपुर में पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के पद पर तैनात किया गया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त पांच सदस्यीय समिति ने पहले राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को पर्याप्त कर्मियों की उपलब्धता के बावजूद कानून और व्यवस्था बनाए रखने के अपने कर्तव्य का पालन करने में विफल रहने के लिए दोषी ठहराया था।

### नैनीताल में दिल्ली के पर्यटकों की कार गहरी खाई में गिरी, 5 की मौत

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में शनिवार को दिल्ली के पर्यटकों की कार गहरी खाई में गिर गई। इसमें सभी पांच लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। हादसा नैनीताल के कोटाबाग क्षेत्र में हुआ। घटनास्थल के आसपास काफी मलबा पड़ा है। माना जा रहा है कि इसी वजह से कार चालक ने संतुलन खो दिया। लोगों ने कार को खाई में गिरा देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि बाघनी गांव में पर्यटकों की कार खाई में गिरने से पांच की मौत हुई है।

## डीपफेक — सरकार ने सोशल मीडिया को बदलाव करने के लिए 7 दिन का समय दिया

# एआई को काबू करने की मांग बढ़ी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सैम ऑल्टमैन को ओपनएआई से बर्खास्त किए जाने, सत्या नडेला द्वारा संचालित माइक्रोसॉफ्ट में शामिल होने और फिर ओपनएआई में वापसी - छह दिन के भीतर इतना सब होने के बाद सरकारें और नियामक सतर्क हो गए हैं और एआई उद्योग की सीमा तय करने का आह्वान अब पहले से कहीं अधिक मुखर है।

अपने निष्कासन से कुछ दिन पहले, ऑल्टमैन ने एक तकनीकी कार्यक्रम में कहा था कि वर्तमान एआई मॉडल के लिए बड़े नियामक परिवर्तनों की आवश्यकता नहीं है, लेकिन जल्द ही इनकी आवश्यकता होगी।

सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन में एक पैनल में उन्होंने कहा, हमें यहां या शायद अगली कुछ पीढ़ियों के लिए भारी विनियमन की आवश्यकता नहीं है। लेकिन कुछ बिंदु पर, जब एक मॉडल पूरी कंपनी, या पूरे देश, या पूरी दुनिया के बराबर उत्पादन कर सकता है, तो शायद हम इसके आसपास कुछ सामूहिक पर्यवेक्षण चाहते हैं।

हालाँकि, ओपनएआई की विफलता ने एक बार फिर एआई को इस तरह से विनियमित करने की मांग शुरू कर दी है कि ऐसे प्रकरण दोहराए न जाएं।

फ्रांस, जर्मनी और इटली इस बात पर एक समझौते पर पहुँचे हैं कि एआई को कैसे विनियमित किया जाना चाहिए। हालाँकि, व्यवसायों और तकनीकी समूहों ने यूरोपीय संघ को आगामी एआई नियमों में फाउंडेशन मॉडल के अत्यधिक विनियमन के प्रति आगाह किया है। डिजिटलयूरोप, जिसके सदस्यों में एयरबस, एप्पल, एरिक्सन, गूगल, एलएसई और एसएपी शामिल हैं, ने एक पत्र में लिखा, यूरोप को एक वैश्विक डिजिटल पावरहाउस बनाने के लिए हमें ऐसी कंपनियों की आवश्यकता है जो फाउंडेशन मॉडल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ग्लोबल पार्टनरशिप (जीपीएआई) का उपयोग करके एआई नवाचार का नेतृत्व कर सकें। भारत में, डीपफेक पर चिंताओं ने सरकार को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को अपने संबंधित प्लेटफार्मों से परिवर्तित ऑडियो/वीडियो हटाने या कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी देने के लिए प्रेरित किया है।

सरकार ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को अपने प्लेटफार्मों पर डीपफेक के प्रसार को संबोधित करने के लिए भारतीय नियमों के अनुसार अपनी नीतियों में बदलाव करने के लिए सात दिन का समय सीमा दिया।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि डीपफेक पर मौजूदा आईटी नियमों, विशेष रूप से नियम 3(1)(बी) के तहत कार्रवाई की जा सकती है, जो उपयोगकर्ता की शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर 12 प्रकार की सामग्री को हटाने का आदेश देता है। सरकार भविष्य में भी ऐसे उल्लंघनों पर आईटी नियमों के तहत 100 फीसदी कार्रवाई करेगी। मंत्री ने कहा, किसी उपयोगकर्ता या सरकारी प्राधिकरण से रिपोर्ट प्राप्त होने पर उन्हें 24 घंटे के भीतर ऐसी सामग्री को हटाने का आदेश दिया गया है। इस आवश्यकता का पालन करने में विफलता से नियम 7 लागू होता है, जो पीड़ित व्यक्तियों को आईपीसी के प्रावधानों के तहत अदालत में जाने का अधिकार देती है।

चंद्रशेखर ने कहा, जो लोग खुद को डीपफेक से प्रभावित पाते हैं, मैं आपको अपने नजदीकी थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करता हूं। उन्होंने कहा कि आईटी मंत्रालय पीड़ित उपयोगकर्ताओं को डीपफेक के संबंध में एफआईआर दर्ज करने में मदद करेगा।




## नागपुरी शॉर्ट फिल्म समाधान का हुआ प्रीमियर, दर्शकों ने सराहा

**ड्रीम वर्ल्ड** सिनेमा के बैनर तले बनी नागपुरी शॉर्ट फिल्म समाधान का प्रीमियर मिनी सुजाता में किया गया। फिल्म के निर्माता श्वेता साहू हैं जबकि इसका निर्देशन नारायण साहू ने किया है। इससे पहले नारायण साहू ने झारखंड में बनी फीचर फिल्म फेसबुक वाला प्यार का निर्देशन किया था जिसमें बॉलीवुड के कलाकारों ने काम किया था और फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। नारायण साहू ने बताया कि ये शॉट फिल्म पति पत्नी के रिश्ते पर आधारित है जहां छोटी-छोटी बात पर मनमुटाव धीरे धीरे कैसे रिश्तों में जहर घोलती है। साथ ही इसमें किसी तीसरे का आना रिश्तों को और खराब कर देता है चाहे वह पति के परिवार वाले हों या पत्नी के। आपसी तालमेल और संवाद से इन रिश्तों को कैसे बचाया जाए यही इस फिल्म का संदेश है। फिल्म को नागपुरी में बनाने का उद्देश्य ये है कि नागपुरी में इस तरह का कंटेंट अभी तक नहीं आया है और नागपुरी में अपार संभावनाएं हैं इसलिए इसे नागपुरी में बनाने का फैसला किया। फिल्म में नारायण साहू के साथ दिव्या गुप्ता मुख्य भूमिका में हैं इसके अलावा दीपक चौधरी और शशिकला पौराणिक की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। फिल्म के लेखक नारायण साहू और नवल किशोर साहू, कैमरा पंकज गोस्वामी, एडिटिंग चितरंजन गोस्वामी और संगीत सौरव गौरव का है। प्रीमियर के बाद दर्शकों ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि नागपुरी में इस तरहा की फिल्म पहली बार देखने को मिली है। इस फिल्म को निंगनी टीवी यूट्यूब चैनल में देख सकते हैं।

### अमिताभ बच्चन ने बेटी श्वेता को गिफ्ट किया करोड़ों का बंगला

**महानायक** अमिताभ बच्चन ने बेटी श्वेता नंदा को जुहू में एक आलीशान बंगला तोहफे में दिया है। इस बंगले की कीमत करोड़ों रुपये है। अमिताभ बच्चन के पास मुंबई में तीन आलीशान बंगले हैं, जिनमें से एक उन्होंने अपनी बेटी को दे दिया है। अमिताभ बच्चन और पत्नी जया बच्चन ने अपनी बेटी श्वेता नंदा को मुंबई के जुहू में एक बंगला "प्रतीक्षा" गिफ्ट किया है। विट्ठलनगर कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी का यह बंगला 774 वर्ग मीटर और 890.47 वर्ग मीटर के दो प्लॉट में फैला हुआ है। कुल लागत करीब 50.63 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों भूखंडों के दस्तावेजों पर 8 नवंबर को हस्ताक्षर किए गए थे और पंजीकरण के लिए 50.65 लाख रुपये का स्टांप शुल्क का भुगतान किया गया है। जुहू स्थित यह बंगला अब श्वेता बच्चन के नाम पर है। श्वेता बच्चन नंदा एक कुशल लेखिका और उद्यमी हैं।

## अपने एक्टिंग करियर में कुछ हटकर किरदार निभाना चाहती हूं : एक्ट्रेस नेहा पेंडसे



**एक्ट्रेस** नेहा पेंडसे, जो 'मे आई कम इन मैडम', 'देवदास', 'तुम से अच्छा कौन है' सहित अन्य प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, अपने एक्टिंग करियर में कॉमेडी से हटकर कुछ अलग करना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, ‘मैं लोगों को हंसाने में भाग्यशाली रही हूं, मुझे लगता है कि मेरी एक चीज जिसे अभी तक खोजी नहीं जा सकी है, वह है एक अभिनेता के रूप में कॉमेडी के अलावा भावनाएं व्यक्त करने की मेरी क्षमता।" "मैं गहरी और सूक्ष्म भावनाओं को चित्रित करने के क्षेत्र में उतरने के लिए उत्सुक हूं। एक अभिनेत्री के रूप में मेरे पास बहुत कुछ है और मेरा मानना है कि प्रदर्शन की कई परतें हैं जिन्हें मैं दर्शकों के सामने ला सकती हूं।" सिटकॉम 'मे आई कम इन मैडम' में मैडम संजना के रूप में उनकी भूमिका के लिए पसंद किया जाता है, और संदीप आनंद और सपना सिकरवार के साथ उनकी केमिस्ट्री ने दर्शकों को शो से बांधे रखा है। 'मे आई कम इन मैडम' स्टार भारत पर प्रसारित होता है।